www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –179 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा पृष्ठ 2
■ विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर
■ हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां पृष्ठ 6
■ नेतन्याहू ने अमेरिकी समर्थन के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया
■ फिलिस्तीनी-इजराइली संघर्ष में दो-राज्य समाधान का समर्थन ... पृष्ठ 7
सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची पृष्ठ 8

## कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा

# मध्य प्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देंगे: प्रियंका

**कांग्रेस नेता ने कहा 8वीं तक 500, 10वीं तक 1000, 12वीं तक के बच्चों को 1500 रुपए दिए जाएंगे**



"कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है: प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

■ कांग्रेस महासचिव ने इंदिरा गांधी को किया याद
■ आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताया

**मंडला**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे।

श्रीमती वाड्रा ने राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाकौशल अंचल के आदिवासी बहुल मंडला में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

श्रीमती वाड्रा ने स्थानीय रामनगर ग्राउंड पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर पढ़ो पढ़ाओ योजना लागू की जाएगी। इसके तहत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, नवीं और दसवीं के बच्चों को एक हजार रुपए और ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

**'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे लोग**

कांग्रेस महासचिव ने आदिवासी बहुल इस अंचल के लोगों को संबोधन के दौरान अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोग श्रीमती गांधी को 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सभी श्रीमती गांधी पर भरोसा करते थे और उन्होंने उनके भरोसे के अनुरूप इस अंचल के लोगों के लिए काम भी किए। उन्होंने आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन उनकी बातों को ध्यान में रखकर वोट दें। उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है।

**धान व तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस देंगे**

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्य प्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की अन्य घोषणाओं का भी जिक्र किया और कहा कि पार्टी सोच समझकर ही घोषणाएं कर रही है। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है और 17 नवंबर को सभी सीटों पर एकसाथ मतदान होगा। नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या 47 हैं। इन सीटों पर भी सभी मुख्य दलों की निगाहें हैं। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडला जिले की निवास विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी घोषित किया है।

# 15 को आएगी कांग्रेस की पहली सूची : भूपेश

■ ईडी के एक अधिकारी के घर चोरी हुई लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखा रहे



**रायपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के लिए रवाना होने से पहले बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को लेकर फिर तंज कसते हुए कहा कि यहां केवल और केवल रमन सिंह का चला है। रमन सिंह का मतलब है, यहां के सब खदान को सौंपना, इसलिए बहुत होशियारी से अमन सिंह को अडानी जी ने अपने पास रखा है।रमन सिंह को सामने किया है, इसका मतलब है यहां फिर से चिटफंड कंपनी आएगी, अभिषेक सिंह और सारे लोग लगेंगे, उसके बाद उतराखंड में एक और रिसार्ट खुलेगा।

भाजपा के पुराने चेहरों को टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सारे लोग डरे हुए हैं। साइंस कॉलेज का हॉल भरा नहीं।भाजपा के सारे बड़े नेता छत्तीसगढ़ को लूटे, इसलिए सबने हाथ खींच लिया था। अमित शाह परिवर्तन यात्रा में आए नहीं। इस दबाव के चलते सारे लोगों को टिकट मिल गया।

स्वर्गीय भीमा मंडावी की बेटी के भावुक होने और कई लोगों के टिकट कटने से नाराज़ नेताओं के सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि भाजपा कहती है कॉडर बेस पार्टी है, और कॉडर का दुरुपयोग करते हैं। उनको सिर्फ़ वोट दिलाने के लिए रखे है। रायशुमारी में कोई मतलब नहीं है। यदि कार्यकर्ताओं की बात सुन लेते तो पंद्रह साल सत्ता में रहने के बाद 15 सीट में सिमटते नहीं, वही चेहरा फिर से आ गए हैं। पहले सोचे थे कि परिवर्तन कर लेंगे, लेकिन माथुर साहब की भी नहीं चली।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के आरंग, धरसींवा और अभनपुर विधानसभा के दौरे पर भूपेश बघेल ने कहा कि उससे क्या फ़र्क़ पड़ेगा वो तो उन जगहों पर कभी गए नहीं है।वोट स्थानीय कार्यकर्ता दिलाते हैं, उनकी भावनाओं का कद्र तो किए नहीं। तेजस्वी सूर्या के कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ लूटकर कर्नाटक को पैसा भेजा वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दिमाग़ी दिवालियेपन नहीं है तो और क्या है। सूर्या कर्नाटक बचा नहीं पाये और यहां नाटक कर रहे है। उसका नाटक कर्नाटक में नहीं चला तो यहाँ कैसे चलेगा।

भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ईडी के एक अधिकारी के घर चोरी हुई है।बताते हैं कि अच्छी-खासी रकम है, लेकिन बता नहीं रहे हैं।चोरी हुई है, लेकिन लिखा नहीं पा रहे हैं। रिपोर्ट तो लिखानी पड़ेगी।

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग ने तेलंगाना में अधिकारियों का तबादला किया

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना के 20 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया। इन 20 अफसरों में 4 कलेक्टर, 3 पुलिस कमीश्नर, 10 स्क्र भी शामिल हैं। आयोग ने यह निर्णय तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते लिया है। आयोग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के चलते इन अफसरों का तबादला किया गया है। मध्यप्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के तीन दिनों के अंदर ही आयोग ने 4 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सरताज सिंह का निधन

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश में मंत्री रहे सरताज सिंह का आज सुबह देहांत हो गया। उनका पिछले कुछ समय से बीमारी के चलते उपचार चल रहा था। स्वर्गीय सिंह पांच बार सांसद और दो बार मध्यप्रदेश में विधायक रह चुके हैं। वे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में केन्द्रीय मंत्री भी रहे थे। इसके बाद वे मध्यप्रदेश में भी 2009 से 2016 तक शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रहे।

### शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी से 30 किलामीटर दूर जुन्गा में शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फेस्टिवल चार दिन तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के कई पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन में भूटान, नेपाल, म्यांमार और भारत के पहले का पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। फेस्टिवल के लिए 60 से अधिक पायलटों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें नेपाल के पैराग्लाइडर भी शामिल हैं।

### बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को रिहा करने के छूट आदेश की वैधता के सवाल पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को 16 अक्टूबर तक दोषियों की रिहाई से संबंधित ट्रांसलेशन के साथ रिकॉर्ड दाखिल करने का आदेश दिया।

# सरकार ने शुरू किया ऑपरेशन अजय

## इजरायल से आज विशेष विमान से लौटेंगे 230 भारतीय

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से शुक्रवार सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें शुक्रवार सुबह तक स्वदेश लाएगी। श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**18 हजार भारतीय इजरायल में हैं मौजूद**
**मिशन द्वारा जारी परामर्श का करें पालन**

### इजराइल ने गाजा पट्टी खाली करने को कहा

इस बीच इजराइल ने लोगों को गाजा पट्टी खाली करने को कहा है। सेना ने आसमान से पर्चे गिराए हैं। इन पर लिखा है कि हमास के हमलों की वजह से इजराइली सेना जवाब दे रही है। जिन इमारतों पर हमास काम कर रहा है, उन्हें तबाह कर दिया जाएगा। वहीं, इजराइली सेना ने सीरिया में हमास के समर्थक ईरान के ठिकानों पर हमला किया है। ये हमले दमिश्क में एयरपोर्ट के करीब हुए हैं।

**संप्रभु फिलिस्तीन की वकालत करता रहा है भारत**

भारत ने इजराइल पर हमास के हमले को आतंकी हमला बताया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीन को लेकर भारत की पॉलिसी लंबे समय से एक ही रही है। भारत हमेशा से बातचीत से आजाद और संप्रभु फिलिस्तीन बनाने की वकालत करता रहा है। अभी भारत का यही स्टैंड है।

## बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले

# तय हो रेलवे व केंद्र की जवाबदेही



**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को बिहार के बक्सर में आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और रेलवे और केंद्र की जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'नई दिल्ली से असम जा रही नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के बिहार के बक्सर में पटरी से उतरने की खबर बेहद दुखद है।' उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में कई लोगों की जान चली गई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए है। खड़गे ने कहा, हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करें।

**बालासोर के बाद दूसरी बड़ी दुर्घटना**

उन्होंने ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे पर प्रकाश डालते हुए कहा, जून 2023 के बालासोर ट्रेन हादसे के बाद यह दूसरी बड़ी पटरी से उतरने की दुर्घटना है। रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

**हादसे में चार लोगों की मौत**

असम के कामाख्या जाने वाली आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के 21 डिब्बों के बक्सर के रघुनाथपुर में पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

**रेलवे की ओर से 10-10 लाख की सहायता**

रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाने के निर्णय लिया गया है। जबकि, घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया गया है।

# 'इंडिया' गठबंधन की रैली के लिए नहीं बन पा रही सहमति !

■ पिछले बैठकों में गठबंधन ने एकजुटता का दिया था संदेश
■ गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां व शिकायतें भी सामने आ रही

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडिया गठबंधन ने लगातार पटना, बेंगलुरू और मुंबई में बैठक कर एनडीए के खिलाफ अपनी एकजुटता का संदेश दिया था। लेकिन अब गठबंधन की उद्घाटन रैली पर ही सहमति नहीं बन पा रही है। जिससे इसके भविष्य को लेकर सवाल भी खडे हो रहे हैं।

इस बीच 13 सितम्बर को समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने खुद को इस समिति से अलग कर मतभेदों को और हवा दे दी है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की उद्घाटन रैली के लिए सबसे पहले मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को चुना गया था। लेकिन विधानसभा चुनावों में व्यस्तता का हवाला दे सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस पर ऐतराज कर दिया और रैली स्थगित हो गई। फिर माना जा रहा था कि अब यह रैली पटना में हो सकती है, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि अब इसके लिए महाराष्ट्र के नागपुर शहर को चुना गया है। समन्वय समिति 20 अक्टूबर से 10 नवम्बर के बीच तारीख तय करने पर विचार कर रही है। लेकिन मुश्किलें अभी भी नजर आ रही हैं।

4 नवम्बर को नागपुर में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव साथ ही त्योहार और पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव जहां इंडिया गठबंधन के दल ही एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे है। ऐसे में चुनाव से पहले एक साथ आकर रैली करना किसी पहेली से कम नजर नहीं आ रहा है। विधानसभा चुनावों में गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां और शिकायतें भी सामने आ रही हैं। समाजवादी पार्टी व वामपंथी दलों ने मध्यप्रदेश और तेलंगाना में अपने हितों की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस के प्रति असंतोष जताया है।

समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाकर चुनाव लड़ना चाहती थी। लेकिन इसके लिए कांग्रेस की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसी तरह वामपंथी दल तेलंगाना में सम्मानजनक उपस्थिति के लिए कांग्रेस से कुछ सीटों को छोडने की बात कर रहे थे।

## बाटला हाउस मुठभेड़

# हाईकोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। 18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था।

# अयोध्या मस्जिद का नाम होगा 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद'

**मुंबई**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सभी मस्जिदों के संगठन ऑल इंडिया राबता-ए-मस्जिद ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' रखने का फैसला किया है। भाजपा नेता हाजी अरफात शेख की पहल पर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के सभी वरिष्ठ मौलवियों की भागीदारी के साथ यहां आयोजित एआईआरएम सम्मेलन में इस निर्णय की घोषणा की गई। धन्नीपुर मस्जिद स्थल सदियों पुरानी बाबरी मस्जिद के मूल स्थान से लगभग 22 किमी दूर है। बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को गिरा दिया गया था, अब इस स्थान पर भव्य भगवान राम मंदिर का निर्माण पूरा होने वाला है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ देश की सभी मस्जिदों के संगठन एआईआरएम ने किया फैसला

## गर्भपात की जिद पर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

# हम बच्चे को नहीं मार सकते, 26 हफ्ते तक क्या कर रही थीं

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 26 सप्ताह की गर्भवती महिला पहले ही दो बच्चों की मां बन चुकी है। अब महिला तीसरी बार बच्चे को जन्म देने वाली है, लेकिन वह बच्चा गिराना चाहती है, लेकिन मेडिकल तरीकों का इस्तेमाल कर गर्भपात की अनुमति लेने पहुंची महिला को सुप्रीम कोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है। गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट के निर्देश पर एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि बच्चे की जान बचाई जा सकती है। अदालत मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे भी सुनवाई करेगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 10 अक्तूबर को केंद्र सरकार की अपील पर गर्भपात पर अस्थायी रोक लगाई थी। केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार, 12 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा, हम एक बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट ने ये भी पूछा कि गर्भवती महिला शादीशुदा हैं, दो बच्चों की मां हैं। ऐसे में वे 26 हफ्तों तक क्या कर रही थीं ?



**कुछ और हफ्ते तक पालने की संभावना तलाशें**-अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत को अजन्मे बच्चे, एक जीवित और व्यवहार्य भ्रूण के अधिकारों को उसकी मां के फैसले लेने के अधिकार के साथ संतुलित करना है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार और महिला के वकील से बात कर गर्भ में पल रहे शिशु को कुछ और हफ्तों तक पालने की संभावना पर विचार करने को कहा।

**मानसिक अवसाद से पीड़ित है महिला**-शीर्ष अदालत ने 9 अक्टूबर के आदेश में कहा था कि महिला अवसाद से पीड़ित है।

## चिंता | कोर कमांडर स्तर की 20वीं बैठक में भी नहीं निकला कोई समाधान

# लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति जस की तस

■ यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी रहेगी, इसलिए यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान क्योंकि 20वें दौर की वार्ता हुई फेल हो गई है।**

जानकारी के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन तत्काल कोई समाधान नहीं निकला। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इसका मतलब यह है कि दोनों पक्षों के सैनिक लगातार चौथी सर्दियों तक एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। ऐसे में लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

**सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा**

रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। याद रहे भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कुछ बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से टकराव की स्थिति में हैं, हालांकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है।

# देश

**उवाच**

आगामी दशहरा 2023 रैली 'पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है' क्योंकि यह राज्य में 2024 के लोकसभा, विधानसभा और नागरिक चुनावों के लिए 'पर्दा उठाने वाली' होगी। कुछ दुर्लभ अवसरों को छोड़करपार्टी की वार्षिक उत्सव रैली 57 वर्षों से इस स्थल पर आयोजित की जा रही है:- **किशोर तिवारी, नेता शिवसेना**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.7 | 16.4 |
| मुंबई | 33.6 | 24.6 |
| कोलकाता | 35.5 | 26.8 |
| चेन्नई | 34.6 | 25.0 |

### खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा

# सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पवित्र गंगा जल पर कथित तौर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा कि यह सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है। खड़गे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हिंदी में एक पोस्ट लिखते हुए कहा, 'मोदी जी, एक सामान्य भारतीय के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक मोक्ष प्रदान करने वाली मां गंगा का महत्व बहुत अधिक है। यह अच्छा है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, लेकिन आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।' उन्होंने कहा, 'आपने एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घरों में गंगा जल मंगवाते हैं, उन पर कितना बोझ पड़ेगा। यह आपकी सरकार की लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।' कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की उत्तराखंड यात्रा के मद्देनजर आई है।



**'मोदी जी, एक सामान्य भारतीय के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक मोक्ष प्रदान करने वाली मां गंगा का महत्व बहुत अधिक है। यह अच्छा है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, लेकिन आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया:- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**

#### भाजपा ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर लगाया दुष्प्रचार करने का आरोप

पवित्र गंगाजल पर जीएसटी के मसले को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने सामने आ गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पवित्र गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का आरोप लगाया तो भाजपा की तरफ से पलटवार करते हुए पार्टी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कांग्रेस पर जानबूझकर गुमराह करने के लिए दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा की तरफ से पार्टी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर ही कांग्रेस अध्यक्ष को रिप्लाई करते हुए पोस्ट कर कहा, 'अधिसूचना 2/2017 की प्रविष्टि 99 के तहत यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पानी पर शून्य जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने 28-29 जून, 2022 को आयोजित अपनी 47वीं बैठक में इसे और स्पष्ट किया।

# पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को जनांदोलन बनाने में योगदान दें जी-20 की सभी संसद: बिरला

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने जी-20 समूह के सदस्य देशों की संसद के अध्यक्षों का आज आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या पर केवल नीतियां एवं कानून बना कर संतुष्ट नहीं हों बल्कि जनता को प्रेरित करें कि सब अपनी दिनचर्या में बदलाव कर इस दिशा में सामूहिकता से योगदान दें।

पी-20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यहां पर्यावरण के लिए अनुकूल जीवन शैली पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में 'पार्लियामेंट फोरम ऑन लाइफ' की एक अहम बैठक आयोजित की गई। दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी स्थल यशोभूमि में आयोजित इस बैठक में जी-20 देशों के संसद के अध्यक्ष अथवा पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। श्री बिरला एवं कई मेहमान शिखर बैठक में शामिल होने के लिए एक्सप्रेस मेट्रो ट्रेन में सवार होकर सम्मेलन स्थल पहुंचे।

श्री बिरला ने अपने संबोधन की शुरुआत करते लोकतंत्र की जननी भारत की भूमि पर मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का विषय विश्व के साझे भविष्य से जुड़ा है। इसीलिए पर्यावरण से संबंधित विषयों को पी-20 के



**हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं में पर्यावरण को मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा माना गया है। प्रकृति को आदर सम्मान देना हमारे संस्कारों में है:-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आपके बहुमूल्य सुझाव राह दिखाएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं में पर्यावरण को मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा माना गया है। प्रकृति को आदर सम्मान देना हमारे संस्कारों में है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि 'जो प्रकृति की रक्षा करते हैं, प्रकृति उनकी रक्षा करती है।' और यही पर्यावरण संरक्षण की मूल भावना भी है। बदलते परिप्रेक्ष्य में आज दुनिया का कोई भी देश जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से अछूता नहीं है। हम विश्व के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से अवगत हैं इसलिए इस दिशा में ठोस प्रयास आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का विचार दुनिया के समक्ष रखा है। मिशन लाइफ स्टाइल पर्यावरण संरक्षण का व्यापक दृष्टिकोण है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रिड्यूस, रीयूज और री-साइकल के व्यवहार अपनाने की प्रेरणा देता है। इसीलिए हमें आज ऐसी जीवन शैली, ऐसा दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिससे हमारे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। यह हम सबका व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्व है।

**■ ओम बिरला ने भारत की भूमि पर मेहमानों का स्वागत किया**

उन्होंने कहा, पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय पर भारत की संसद में भी व्यापक चर्चा हुई है और कानून बनाए गए हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन की समस्या पर केवल नीतियां एवं कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि हम सबको अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सामूहिकता से योगदान देने की आवश्यकता है।

#### आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय छात्र दोनों देशों की असली ताकत: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय छात्र दोनों देशों के बीच संबंधों की असली ताकत हैं। जी -20 सदस्य देशों के संसद अध्यक्ष के नौ वें शिखर सम्मेलन से पूर्व श्री बिरला ने ऑस्ट्रेलियाई संसद के अध्यक्ष मिल्टन डिक से एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। श्री डिक ने इससे सहमति जताई। बैठक के दौरान नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया से नजदीकी पर की।

## सार संक्षेप

### सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** अपनी वार्षिक परंपरा को तोड़ते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मनता बनर्जी लंबे समय तक अंगों की चोटों के कारण इस साल सामुदायिक दुर्गा पूजा का शारीरिक रूप से उद्घाटन नहीं करेंगी और इसके बजाय इसे अपने आवास से वस्तुतः करेंगी। चोटों के कारण मुख्यमंत्री पिछले महीने से दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास से काम कर रही हैं। एक कैबिनेट सदस्य ने कहा, 'उन्होंने इस वर्ष लगभग 800 सामुदायिक पूजाओं का वस्तुतः उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत गुरुवार दोपहर को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में श्रीभूमि सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन के साथ होगी, जहां मुख्य संरक्षक राज्य अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बसु हैं।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने नीट पीजी कट-ऑफ को शून्य करने पर केंद्र को जारी किया नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) के नीट पीजी क्वालीफाइंग परसेंटाइल को शून्य करने के हालिया फैसले के संबंध में केंद्र को नोटिस जारी किया। इस फैसले को हुबली के वकील डॉ. विनोद कुलकर्णी ने चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एमसीसी और अन्य को नोटिस जारी किया। एक आश्चर्यजनक घोषणा में, नीट पीजी परीक्षा के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा के लिए स्नातकोत्तर सीटें आवंटित करने के लिए जिम्मेदार एमसीसी ने कहा कि इस वर्ष खाली सीटों के लिए पात्रता शून्य प्रतिशत होगी। यह पहली बार है कि 2017 में अन्य सभी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह लेने के बाद से पात्रता कट-ऑफ को पूरी तरह से हटा दिया गया है।

### वाईएस शर्मिला की पार्टी तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

हैदराबाद। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) अगले महीने होने वाले चुनाव में तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला ने गुरुवार को यह घोषणा की है। पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वाईएस शर्मिला कहा कि वह पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की ओर से एक और विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की गई थी। शर्मिला ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनके पति अनिल कुमार और मां वाई.एस विजयम्मा को चुनावी मैदान में उतारने की भी मांग है।

# राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 12 अक्तूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मां वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया और पुनर्निर्मित



पार्वती भवन और स्काई वाक का उद्घाटन किया। अनुमानतः 15 करोड़ रुपए की लागत से बने स्काईवाक और पार्वती भवन भक्तों के लिए सुरक्षा के लिहाज से अति महत्वपूर्ण सुविधा है। यह स्काईवाक वैष्णो देवी मंदिर परिसर में उस संकरे रास्ते पर बनाया गया है, जहां यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार सुबह श्रीनगर पहुंचीं थीं और वह अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम चरण में आज वीरवार को मंदिर गई और पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काईवाक का उद्घाटन किया। स्काईवाक पर काम पिछले साल अगस्त में शुरू हुआ था। यह भवन क्षेत्र के पास आने वाले और जाने वाले तीर्थयात्रियों की कतार अलग करने में मदद करेगा।

आज सुबह राष्ट्रपति मुर्मू माता वैष्णो देवी भवन के पास वीआईपी हेलीपैड पर उतरीं। इस दौरान उनके साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे, जहां श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्काईवाक का उद्घाटन किया और पार्वती भवन का पुनर्निर्माण किया, जिसका निर्माण भवन में किया गया था। स्काइवाक से श्रद्धालुओं को भवन तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी। भवन तक जाने और आने के रूट अलग-अलग होने से किसी तरह की दुर्घटना की संभावना भी नहीं रहेगी। इस स्काइवाक को बनाने का प्रस्ताव 31 दिसंबर 2021 को हुई एक दुर्घटना के बाद किया गया था। यह स्काइवाक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जानकारी के लिए वैष्णो देवी भवन पर भीड़भाड़ से बचने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्काईवाक बनाया गया है। इसे डेढ़ साल में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रतिबिंबित किया गया है जिसे नव दुर्गा पथ नाम दिया गया है। प्रवेश द्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा बनाई गई है ताकि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा का अहसास हो सके। राष्ट्रपति ने पार्वती भवन का भी उद्घाटन किया। इस भवन में 1500 लाकर हैं। श्रद्धालु लाकर में अपना सामान रखकर निश्चिंत होकर दर्शन कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु ने वैष्णो देवी भवन जा कर पूजा-अर्चना भी की।

### बिहार में रेल हादसे पर शुरू हुई सियासत

# नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

**पटना,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के बक्सर जिला के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के समीप नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद इस पर भी सियासत शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि हादसे में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीति सूझ रही है। इस बीच, सम्राट चौधरी रघुनाथपुर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की। हादसे में चार लोगों की मौत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। सम्राट चौधरी ने कहा कि दुर्घटना के बाद ही रेलवे ने तत्काल राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी हादसा दुखदाई होता है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस हादसे पर भी राजनीति सूझ रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि घटना के 12 घंटे के बाद नीतीश कुमार ने इस हादसे को लेकर संवेदनाएं व्यक्त की, जो उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है और अब वे



नसीहत दे रहे। सम्राट चौधरी ने कहा कि रेलवे ने तत्काल हादसे में मरने वाले आश्रितों को 10-10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए। इसके साथ ही घटनास्थल पर फंसे यात्रियों को विशेष ट्रेन की व्यवस्था कर रात में ही गंतव्य की ओर रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य के लिए पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीण सबसे पहले पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। इसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन पहुंचा। एसडीआरएफ तो काफी विलंब से पहुंचा।

**कोई भी हादसा दुखदाई होता है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस हादसे पर भी राजनीति सूझ रही:- सम्राट चौधरी**

**मैं रेल मंत्री था, उस दौरान मैंने रेलवे में एक-एक काम बढ़िया से करवाया था, जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी, उन लोगों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए:-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री**

#### मुख्यमंत्री नीतीश ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की घोषणा की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रेल हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख और सभी घायलों का इलाज राज्य सरकार द्वारा कराए जाने की घोषणा की। नीतीश कुमार ने रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में केंद्र सरकार में मैं रेल मंत्री था, उस दौरान मैंने रेलवे में एक-एक काम बढ़िया से करवाया था, जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने समय की कमी के कारण उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में पूर्व जेएनयू स्कॉलर और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी। समय की कमी का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद ने पिछले साल जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की है। खालिद का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह 20 मिनट में दिखा सकते हैं कि खालिद के खिलाफ कोई मामला नहीं है। कपिल सिब्बल ने अदालत से गुरुवार को सुनवाई पर विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा, 'वह एक युवा छात्र है, पीएचडी धारक है, तीन साल से सलाखों के पीछे है, यह चल रहा है।' दिल्ली पुलिस की ओर से पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि मुकदमे में देरी आरोपियों द्वारा अंतरिम आवेदन दाखिल करने के कारण हुई। वे आरोप तय नहीं होने दे रहे। सिब्बल ने जवाब में कहा कि मामले में पांच पूरक आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं। उन्होंने आगे कहा कि मामले में तीन सह-आरोपियों नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा को जमानत दे दी गई है।



**■ खालिद दिल्ली दंगों के मामले में तीन साल से अधिक समय से सलाखों के पीछे है**

# अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया बाबा भोलेनाथ का अभिषेक

अल्मोड़ा, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पिथौरागढ़ के बाद अल्मोड़ा पहुंचे। जहां उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। साथ ही देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी शौकियाथल पहुंचे। इसके बाद सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम पहुंचे। 124 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम में उन्होंने सर्वप्रथम गर्भगृह में करीब 7 मिनट तक पूजा कर बाबा जागेश्वर के दर्शन किए। इसके पश्चात पुष्टिमता, महामृत्युंजय तथा केदारनाथ में पूजा-अर्चना की। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 11 ब्राह्मणों के यजमान बने। इसके बाद मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए अर्धनारिश्वर वृक्ष का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तांबे से बना वाद्य यंत्र तुरही, ताम्र जागेश्वर तथा डमरू उपहार स्वरूप भेंट किया। पर्वतीय क्षेत्रों को कई सौगात देने के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपने साथ जागेश्वर धाम की कई यादें भी ले गए। प्रधानमंत्री को बतौर स्मृति चिह्न जागेश्वर धाम की ताम्र प्रतिमा और सुराही प्रदान की गई। प्रधानमंत्री को ताम्र नगरी



के नाम से प्रसिद्ध अल्मोड़ा की ताम्र शिल्प भेंट किए जाने से यहां की संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

#### धारचूला के गूंजी गांव पहुंचे पीएम मोदी, स्थानीय लोगों और आईटीबीपी के जवानों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर हैं। जहां उन्होंने सबसे पहले आदि कैलाश के दर्शन किए। उसके बाद प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ के धारचूला से 70 किलोमीटर दूर गूंजी गांव पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने आईटीबीपी के जवानों से भी मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री हर दिन वे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा रहे हैं और रोज रेल हादसे हो रहे : ललन सिंह

**पटना,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु) बक्सर में हुए रेल हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह ने रेल हादसे को लेकर पीएम मोदी से जवाब मांगा है। ललन सिंह ने कहा है कि बक्सर में हुए रेल हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी को जवाब देना चाहिए। दरसअल, ललन सिंह गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर पहुंचे थे, जहां मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला। ललन सिंह ने कहा कि बक्सर रेल हादसे पर तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए। हर दिन वे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा रहे हैं और रोज रेल हादसे हो रहे हैं। ओडिशा में इतना बड़ा रेल हादसा हो गया, उसमें कुछ नहीं हुआ। ये लोग सिर्फ अपनी प्रशंसा में लगे हुए हैं। सभी चीजों का निजीकरण कर रहे हैं तो यह सब तो होगा ही। बता दें कि बुधवार की देर रात दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के पास आनंद विहार से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। हादसे में ट्रेन के 23 कोच पटरी से उतर गए थे। रेलवे के मुताबिक इस ट्रेन दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि 30 लोग घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। रेल मंत्रालय ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। बिहार सरकार ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपया मुआवजा देने का एलान किया है।




**संकट** *1962 में एलएसी पर दबाई गई बारूदी सुरंगें हटने पर खुश हुए लद्दाखवासी*

# अभी भी 1900 वर्ग किमी क्षेत्र में लैंड माइन्स के साए में हैं जम्मू कश्मीर के लाखों लोग

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 अक्तूबर (देशबन्धु)। लद्दाख के बर्फीले रेगिस्तान के करीब तीन इलाकों में सेना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान दबाई गई पौने दो सौ सब अधिक बारूदी सुरंगें निकाल कर आसपास के लोगों को खुशी तो प्रदान की पर अभी भी जम्मू कश्मीर के 1900 वर्ग किमी क्षेत्र में रहने वाले लाखों लो इन बारूदी सुरंगों के साए में हैं जो भारत-पाक सीमा से सटे हैं।**

सेना ने बताया की उसके जवानों ने लेह जिले के तीन इलाकों में एक अभियान चला कर 175 बारूदी सुरंगों को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने गुरुवार को खुद इसकी जानकारी दी। बताया गया कि ऐसा लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मांग पर किया गया है। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि जम्मू कश्मीर की जनता खतरनाक बारूदी सुरंगों के साए तले जिन्दगी काट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस ओर के जम्मू



कश्मीर के करीब 1900 वर्ग किमी के एरिया में लाखों बारूदी सुरंगें दबी पड़ी हैं जिनके आसपास लाखों लोगों की जिन्दगी रोजाना घूमती है। हालांकि इससे अधिक एरिया और संख्या में बारूदी सुरंगें उस कश्मीर में दबी पड़ी हैं।

लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिख कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फोब्रांग, योरगो और लुकुंग के ग्रामीणों की ओर से, हम 175 से अधिक बारूदी सुरंगों को सफलतापूर्वक नष्ट करके क्षेत्र की बाड़ लगाने और साफ करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए फायर एंड फ्यूरी कोर को धन्यवाद देते हैं। जबकि फोब्रांग के सरपंच का कहना था कि मैं 1962 में लगाई गई इन बारूदी सुरंगों को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं। इससे हमें नुकसान होता था।'पर यह भी सच हैकि जम्मू संभाग की 160 वर्ग किमी तथा कश्मीर की 1730 वर्ग किमी भूमि में लाखों की तादाद में दबाई गई बारूदी सुरंगें भी प्रदेश के उन नागरिकों के लिए खतरा बनी हुई हैं जो इन इलाकों में रहते हैं। ये लाखों बारूदी सुरंगें भारत-पाक युद्धों के दौरान दबाई गई थीं और अभी भी वे वहां पर इसलिए हैं क्योंकि इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर सीजफायर के बावजूद खतरा कभी टला ही नहीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेंडमाइन्स अर्थात बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लागू करवाने के लिए जुटे करीब 1000 संगठनों की रिपोर्ट के मुताबिक इतनी संख्या में बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करने और उनका भंडारण करने वाले देशों में भारत का स्थान अगर 6ठा है तो पाकिस्तान पांचवें स्थान पर आता है।

एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बारूदी सुरंगों के संजाल की बात तो समझ में आती है लेकिन इस रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर में कई ऐसे गांव हैं जिनके चारों ओर बारूदी सुरंगें बिछाई गई हैं। रिपोर्ट कहती है कि इनमें से अगर आतंकवादग्रस्त क्षेत्र भी हैं तो वे गांव भी हैं जिन्हें एलओसी पर लगाई गई तारबंदी दो हिस्सों में बांटती है।

## 'खामोश' की विशेष स्क्रीनिंग में फिर साथ नजर आएंगे नसीरुद्दीन, शबाना व सोनी

**मुंबई।** 1986 में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा निर्देशित फिल्म 'खामोश' विशेष स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। स्क्रीनिंग को खास बनाने के लिए नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सोनी राजदान और अन्य कलाकार कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उनके साथ चोपड़ा के अन्य करीबी सहयोगी जैसे अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और राजकुमार हिरानी भी शामिल होंगे। 'खामोश' विशेष फिल्म महोत्सव की शुरुआत करने के लिए तैयार है जो 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा और सिनेमा में विधु विनोद चोपड़ा के 45 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। फिल्म निर्माता के एक करीबी सूत्र ने कहा कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन का मानना है कि खामोश वह अनोखा मिश्रण है जहां फिल्म निर्माता की कला पूरी तरह से प्रदर्शित होती है।

## 'उड़ारियां' में मेरा किरदार लगभग मेरे वास्तविक जीवन जैसा : अलीशा परवीन

**मुंबई,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। रवि दुबे और सरगुन मेहता अभिनीत शो 'उड़ारियां' में किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अलीशा परवीन ने कहा कि उन्हें आलिया रंधावा की भूमिका निभाना पसंद है। शो में टाइम लीप चल रहा है और उन्होंने कहा कि उनका किरदार और भी दिलचस्प हो जाएगा। अभिनेत्री अलीशा परवीन ने कहा कि मेरा किरदार मूल रूप से बड़े सपनों वाली एक लड़की का है। वह एक चुलबुली किस्म की लड़की है, जिसके बड़े सपने हैं जिसके लिए वह कुछ भी कर सकती है लेकिन वह एक लड़के के प्यार में पागल भी है। इसलिए, मेरे किरदार की एक बड़ी खासियत यह है कि वह चुलबुली लेकिन महत्वाकांक्षी है। अलीशा ने कहा कि आजकल लोग कुछ ट्विस्ट और एक अच्छा ड्रामा चाहते हैं जो दिलचस्प हो। अगर एक ही चीज को बार-बार दोहराना लंबे समय तक जारी रहे तो लोग उससे ऊब जाते हैं। इसलिए यहां टाइम लीप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जहां शो में कई नए बदलाव आते हैं। उन्होंने कहा कि लोग कुछ नया, कुछ अधिक दिलचस्प होने की उम्मीद करने लगते हैं, इसलिए लीप के माध्यम से, निर्माता भी एक नए विचार को क्रियान्वित कर सकते हैं या ऐसी और चीजें दिखा सकते हैं जो बड़े दर्शकों को बांध सकें या लोगों को पिछले वाले की तुलना में अधिक मनोरंजन दे सकें।



### वैज्ञानिकों ने किया एक नए अध्ययन में खुलासा

# सामान्य बीपी दवा एम्लोडिपाइन उपयोग के लिए सुरक्षित

- रक्तचाप के इलाज के लिए व्यापक रूप से निर्धारित दवा एम्लोडिपाइन मरीजों के लिए खतरनाक नहीं
- शोध में भारतीय मूल के वैज्ञानिक भी शामिल

**न्यूयॉर्क,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि उच्च रक्तचाप या रक्तचाप के इलाज के लिए व्यापक रूप से निर्धारित दवा एम्लोडिपाइन मरीजों के लिए खतरनाक नहीं है। इस शोध में भारतीय मूल के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। द लांसेट में प्रकाशित इंपीरियल कॉलेज लंदन और डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में उच्च रक्तचाप के प्रसार के रुझानों के हालिया वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में उच्च रक्तचाप से पीड़ित 30-79 वर्ष की आयु के वयस्कों की संख्या 650 मिलियन से बढ़कर 1.28 बिलियन हो गई है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित जर्नल फंक्शन में एक नए पेपर में पाया गया है कि उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए 'एम्लोडिपिन' दवा सुरक्षित है। अमेरिका में नॉर्थ कैरोलाइना में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च में सिग्नल ट्रांसडक्शन प्रयोगशाला के प्रमुख अनंत पारेख ने कहा कि फ्रंट-लाइन थेरेपी के रूप में एम्लोडिपाइन को हटाने से उच्च रक्तचाप से होने वाली मौतों में वृद्धि होगी। पारेख ने कहा कि अध्ययन बताता है कि एम्लोडिपाइन उच्च रक्तचाप के लिए पहली पंक्ति का उपचार बना रहे। एम्लोडिपिन एक प्रकार के कैल्शियम चैनल को रोकता है जो रक्त वाहिकाओं पर पाया जाता है। जब कैल्शियम चैनल खुलता है, तो कैल्शियम मांसपेशियों में प्रवेश करता है और उसे संकुचित कर देता है, जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है।

एम्लोडिपाइन कैल्शियम को अंदर आने से रोकता है, जिससे वाहिका शिथिल हो जाती है और रक्तचाप में कमी आती है। हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए एम्लोडिपिन के लाभ पर सवाल उठाया था।

अध्ययनों से पता चला है कि एम्लोडिपाइन एक अलग प्रकार के कैल्शियम चैनल को सक्रिय कर सकता है, जिसके चलते रक्त वाहिकाओं में परिवर्तन होता है और रोगियों में हृदय विफलता में वृद्धि होती है। उच्च रक्तचाप रोधी दवा के रूप में एम्लोडिपिन को हटाने से स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, क्योंकि उच्च रक्तचाप एक सामान्य स्वास्थ्य स्थिति है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ और ग्लासगो यूनिवर्सिटी की शोध टीमों द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि एम्लोडिपाइन लेने से रोगियों में हृदय विफलता में वृद्धि होने की संभावना नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया कि एम्लोडिपाइन में अद्वितीय रासायनिक गुण होते हैं, जिसके कारण दवा कैल्शियम चैनल सक्रियण की नकल करती है। जब अध्ययन के लेखकों ने इन रासायनिक गुणों को नियंत्रित किया, तो उन्होंने पाया कि एम्लोडिपाइन कैल्शियम चैनलों को सक्रिय नहीं करता है। अध्ययन में कहा गया है कि एम्लोडिपाइन हृदय विफलता या अन्य हृदय संबंधी समस्याओं में वृद्धि से जुड़ा नहीं था।





## 'तेजस' के ट्रेलर में कंगना के शानदार परफॉर्मेंस ने पांचवें राष्ट्रीय पुरस्कार की भविष्यवाणी को दी हवा

**मुंबई,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री कंगना रनौत भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के साथ एक बार फिर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार पर अपनी नजरें जमाती दिख रही हैं। अभिनेत्री पहले ही चार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म के ट्रेलर ने इंटरनेट पर काफी सुर्खियां बटोरी है, जिससे फैंस, आलोचक और नेटिजन्स आश्चर्यचकित हैं। इस बात की चर्चा छिड़ गई है कि इस ट्रेलर के साथ कंगना को अपना पांचवां राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा।



भारतीय वायु सेना दिवस पर जारी किए गए ट्रेलर में कंगना को एक उच्च जोखिम वाले मिशन के लिए नियुक्त लड़ाकू पायलट की भूमिका में दिखाया गया है।

कंगना के किरदार ने अपने सम्मोहक प्रदर्शन से काफी ध्यान आकर्षित किया है। अपने किरदार की तैयारी के प्रति उनका समर्पण, उनके उग्र संवाद और उनकी आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने मिलकर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार की दौड़ में शुरुआती पसंदीदा बना दिया है। 'फैशन', 'क्वीन', 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' और 'मणिकर्णिका-द क्वीन ऑफ झांसी' में उनके अभिनय के लिए पहले ही उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। इनमें से प्रत्येक भूमिका ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा और अपने पात्रों में पूरी तरह से डूब जाने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। आरएसवीपी द्वारा निर्मित, यह फिल्म सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित है। तेजस 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## मोक्षदायनी फल्गु नदी के जल से तर्पण करने से पितरों को होती है मोक्ष की प्राप्ति

**गया,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोक्षदायनी फल्गु नदी के जल से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक नगरी गयाजी में चल रहे पितृपक्ष मेला के दौरान आज लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने फल्गु नदी के जल से तर्पण कर्मकांड किया। श्रद्धालु फल्गु नदी के तट पर स्थित देवघाट, सीता कुंड सहित विभिन्न घाटों पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान के साथ नदी में स्नान कर फल्गु के जल से तर्पण किया। ऐसी मान्यता है कि फल्गु नदी के जल से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस संबंध में स्थानीय पुरोहित रविंद्र पाठक ने बताया कि वैसे तो यहां लोग पिंडदान करने आते हैं, जिससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, लेकिन पौराणिक मान्यता के अनुसार मोक्षदायनी फल्गु नदी के जल से तर्पण करने से भी पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए पिंडदान के बाद तर्पण कर्मकांड की प्रक्रिया संपन्न कराई जाती है। सबसे ज्यादा महत्व फल्गु नदी के देवघाट पर तर्पण करने का है, क्योंकि भगवान विष्णु ने गयासुर राक्षस के सीने पर पैर रखकर उसे मुक्ति दी थी, इसलिए देवघाट पर तर्पण कर्मकांड करने से साक्षात पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उन्हें बैकुंठ वास होता है. इसीलिए फल्गु नदी को मोक्षदायनी कहा गया है। खासकर पितृपक्ष के महीना में तर्पण कर्मकांड का सबसे ज्यादा महत्व है। वहीं श्रद्धालु सतीश कुमार ने बताया कि अपने पिता एवं अन्य पितरों की आत्मा की मोक्ष की प्राप्ति के लिए यहां तर्पण कर्मकांड कर रहे हैं। गयाजी का ऐसा महत्व है की फल्गु नदी के जल से तर्पण कर्मकांड करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर सच्चे मन से और पूरी श्रद्धा से तर्पण कर्मकांड किया जाए तो पितरों को बैकुंठ लोक में वास होता है और उनकी आत्मा को भी शांति मिलती है।

## एक दिन के लिए भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त बनीं चेन्नई की श्रेया धर्मराजन

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चेन्नई की 21 वर्षीय श्रेया धर्मराजन को एक दिन के लिए भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। बता दें कि 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के लिए ब्रिटेन का उच्चायोग 2017 से हर साल 'एक दिन के लिए उच्चायुक्त' प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। इस प्रतियोगिता 18 से 23 साल के बीच की भारतीय महिलाओं को अपनी ताकत दुनिया के साथ साझा करने का अवसर प्रदान किया जाता है। श्रेया, जिन्हें देश भर की युवा महिलाओं के 180 से अधिक आवेदनों में से चुना गया था, ने बुधवार को अपने दिन भर के अनुभव को अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक, समृद्ध और संतुष्टिदायक बताया। उन्होंने कहा कि भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के रूप में एक दिन बिताना अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक, समृद्ध और संतुष्टिदायक अनुभव था। मुझे व्यापक क्षेत्रों में महिला नेतृत्व के प्रेरक उदाहरणों से बातचीत करने और उनसे सीखने का अवसर मिला। मैं भाग्यशाली हूं कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में जीवंत चर्चा का हिस्सा बन सकी। दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री रखने वाली श्रेया वर्तमान में टीच फॉर इंडिया फेलो के रूप में मुंबई के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाती हैं। भारत में यूके की शीर्ष राजनयिक के रूप में, श्रेया ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने पर चर्चा का नेतृत्व करते हुए एक पूरी तरह से भरे दिन के दौरान कई गतिविधियों का अनुभव किया।



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

उन्होंने इस साल के अर्थशॉट प्राइज के फाइनलिस्टों में से एक से वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए उनकी अभिनव पहलों के बारे में बात की। जी20 शिखर सम्मेलन के बाद यूके-भारत अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने की योजनाओं की समीक्षा करने के लिए भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय सूद से मुलाकात की।

## प्रशंसकों का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है : अमिताभ बच्चन

**मुंबई,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यही उनके 'जीवित रहने और काम करने' का कारण है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा की। एक फोटो में सिने आइकन को माला पहने हुए दिखाया गया है। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा कि जब अभिभूत हो तो उन भावनाओं को व्यक्त करना सबसे मुश्किल काम होता है।



बिग बी ने कहा कि सभी का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है, और क्या मैं कभी भी इन आशीर्वादों के योग्य बन पाऊंगा। अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अमिताभ ने आधी रात को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, जब वह उनसे मिलने के लिए अपने घर के बाहर आए। अमिताभ कृति सैनन और टाइगर श्रॉफ अभिनीत 'गणपत' में दिखाई देंगे। उनके पास रजनीकांत के साथ 'कल्कि 2898 एडी' और 'थलाइवर 170' भी हैं।

## क्रिसमस के नए उत्पाद पर विदेशी खरीदारों का आकर्षण

- आईएचजीएफ दिल्ली फेयर में क्रिसमस के नए उत्पाद को किया गया है डिस्प्ले
- प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्प सेक्टर की होगा अहम योगदान

**ग्रेटर नोएडा,**12 अक्टूबर (देशबन्धु)। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की तरफ से आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 56वां संस्करण 12 से 16 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया गया है। मेले में 100 से अधिक देशों से खरीदार शामिल हो रहे हैं, जिसमें पांच हजार से अधिक प्रदर्शक जुड़ रहे हैं। इस संस्करण में होम, फैशन, जीवन शैली, कपड़ा, फर्नीचर आदि के 14 प्रमुख प्रदर्शन खंड शामिल हैं। विदेशी नए नए सजावटी उत्पाद मांग रहती है, स्पर्धा के दौरा में प्रदर्शक नए नए उत्पाद को मार्केट में लाते रहे हैं। विदेशों में क्रिसमस का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें लोग अपने घरों को सजाते हैं और खरीदारी भी खूब करते हैं। एक्समार्ट बिजनेस के मैनेजिंग डायरेक्टर व ईपीसीएच के डायरेक्टर राजेश कुमार जैन ने बताया कि मुझे एक्सपोर्ट के क्षेत्र में काम करते हुए तीस साल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 2024 क्रिसमस के लिए दुनिया भर के खरीदार इस मेले में आ रहे हैं, हलांकि अमेरिका में मंदी जरुर है फिर भी खरीदारों में उत्साह है। खरीदारों का मूड़ धीरे-धीरे मूड बन रहा है। अभी तक 175 देशों के खरीदार आ रहे हैं। खरीदार इस समय पूरा फोकस डिजाइन पर दे रहे हैं। कांच के उत्पाद पर विशेष रुप से फोकस है, अमेरिका में अधिक मांग रहे हैं। क्रिसमस अर्मामेन्ट में सबसे अधिक जो पसंद किया जा रहा है वह है गारलैंड, जो घरों के सामने टांगते हैं, क्रिसमस की, स्टाकिंग होल्डर सहित कई उत्पाद हैं, जिसका यहां पर स्टॉल पर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पकारों के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के एक ट्रिलियन इकोनामी का सपना यह फेयर काफी मददगार साबित होगा।





## 25 हफ्ते और 750 ग्राम वजन के बच्चे को मिला जीवनदान

**नोएडा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में महज 25 सप्ताह में जन्म लिए एक बच्चे को बचाया गया। बच्चा जब पैदा हुआ तो उसका वजन महज 750 ग्राम ही था। इस नवजात की डिलीवरी भी काफी जटिल थी क्योंकि एम्नियोटिक फ्लूड का समय से पहले ही रिसाव शुरू हो गया था। साथ ही नवजात को इंफेक्शन भी था। डॉ. आराधना सिंह, एडिशनल डायरेक्टर, ऑब्सटैट्रिक्स एवं गाइनेकोलॉजी, डॉ. संजीव छेत्री, सीनियर कंसल्टेंट, नियोनेटोलॉजी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने बच्ची की डिलीवरी कराई। डॉ. अराधना सिंह ने बताया कि इस प्रीमैच्योर शिशु की मां झांसी शहर से थी। जब बेहद नाजुक स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया। तब मां और भ्रूण को इंफेक्शन के साथ-साथ प्रीमैच्योर डिलीवरी का भी जोखिम था। अस्पताल में मां और पिता दोनों को नियोनेटल काउंसलिंग की गई। इसके बाद वे सी-सेक्शन डिलीवरी के लिए तैयार हो गए। क्योंकि इस मामले में ट्विन प्रेग्नेंसी के अत्यधिक प्रीमैच्योर होने और समय पूर्व ही रिसाव शुरू होने के कारण भ्रूणों को भी इंफेक्शन का खतरा था।

### जुड़वा में एक को बचाया जा सका

उन्होंने बताया कि 'ऑब्सटेट्रिशियन के लिए डिलीवरी (प्रसव) का समय बेहद महत्वपूर्ण और नाजुक होता है क्योंकि उन्हें अजन्मे और प्रीटर्म शिशु से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही मां की सेहत को भी संभालना होता है। नियोनेटोलॉजी स्ट्स के लिए इस प्रकार के प्रीटर्म गेस्टेशन के मामलों में, किसी भी तरह की मोरबिडिटी और मोर्टेलिटी बेहद चिंता का विषय होती है। इस वजह से ही फैसला लेने की प्रक्रिया काफी मुश्किल थी। लेकिन सही उपचार से हम मां और शिशु दोनों को बचाने में सफल रहे। एलएससीएस में जुड़वां शिशुओं का प्रसव कराया गया लेकिन उनमें से एक शिशु को बचाया नहीं जा सका जबकि दूसरे शिशु का जन्म भी प्री मैच्योरिटी (इंट्रा-यूटराइन इंफेक्शन) के चलते 12 घंटे बाद हो गया।

- हृदय व आंत के चलते जन्म से ही सांस लेने में थी दिक्कत, बार-बार पड़ रहे थे दौरे

### जन्म से सांस और हृदय से संबंधित थी समस्या

डॉ. संजीव छेत्री ने कहा कि यह प्रीमैच्योर डिलीवरी का मामला था और नवजात को अविकसित फेफड़ों, हृदय व आंत के चलते जन्म के समय ही सांस एवं हृदय संबंधी सपोर्ट की आवश्यकता थी।

# थ्रोम्बोसिस कार्डियोवैस्कुलर रोग का कारक, सावधानी से टाल सकता है खतरा

**ग्रेटर नोएडा,**12 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्ल्ड थ्रोम्बोसिस डे हर साल 13 अक्टूबर को मनाया जाता है। थ्रांबोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें नसों में रक्त के थक्के बन जाते हैं। थ्रोम्बोसिस गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि दिल का दौरा, स्ट्रोक और पैर का गैंगरीन। एक अध्ययन के अनुसार थ्रांबोसिस कार्डियो वैस्कुलर रोग का एक प्रमुख कारण है। हार्ट अटैक के मामलों में लगभग 25 फीसदी मामले थ्रांबोसिस के चलते होते हैं। थक्के रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकते हैं, जिससे हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इससे हृदय दौरे, स्ट्रोक या अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. विवेक टंडन ने थ्रोम्बोसिस और इसके इलाज के बारे में बताया कि 'वर्ल्ड थ्रोम्बोसिस डे, थ्रोम्बोसिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। थ्रोम्बोसिस एक आम स्थिति है, लेकिन यह अक्सर कम आंकी जाती है। जागरूकता बढ़ने से, लोग इसके लक्षणों और जोखिमों के बारे में अधिक जान सकते हैं।' उन्होंने बताया कि थ्रोम्बोसिस एक गंभीर स्थिति है जिसमें रक्त वाहिका में क्लॉट बन जाता है। यह क्लॉट रक्त प्रवाह को अवरुद्ध कर सकता है, जिससे अंगों को नुकसान या मृत्यु हो सकती है। डॉ. विवेक टंडन ने बताया कि जब हमारे शरीर की धमनियों या शिराओं में कई कारणों से खून के थक्के या ब्लड क्लॉट जमने लगते हैं, तो इसे थ्रोम्बोसिस कहते हैं। थ्रोम्बोसिस के कारण उस ब्लड फ्लो में रुकावट होने लगती है। इसके कुछ लक्षण होते हैं। अगर जैसे कि शिराओं में थ्रोम्बोसिस है, तो वहां पर सूजन होने लगेगी, दर्द होने लगेगा। अगर यह धमनियों में थ्रोम्बोसिस होगा तो तब तक इसके लक्षण नहीं पता लगेंगे जबतक शरीर के किसी अंग में अवरोध पैदा न होने लगे। अगर ऐसा होता है, तो इससे काफी गंभीर परेशानियां हो सकती हैं, जिनमें शामिल है हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक या किसी अंग में खून का प्रवाह रुक जाना, जिससे वह अंग नीला या बेरंग पड़ जाता है। ज्यादातर, इससे शरीर में जो हिस्से प्रभावित होते हैं, उनमें एक तो पैर होता है। पैर से थ्रोम्बोसिस निकलकर फेफड़ों में जा सकता है, जिसे पल्मोनरी इम्बोलिजम कहते हैं। दूसरा जो प्रभावित होता है, वह हृदय होता है, जिससे हार्ट अटैक होता है। ब्रेन पर भी प्रभाव होता है, जिससे स्ट्रोक या फालिज की बीमारी होती है।

- कार्डियोवैस्कुलर से होने वाली 25 फीसदी मृत्यु थ्रोम्बोसिस की वजह से



**थ्रोम्बोसिस दो प्रकार का होता है :** वीनस थ्रोम्बोसिस और आर्टिरियल थ्रोम्बोसिस। वेन्स में थ्रोम्बोसिस, जो डीप वेन थ्रोम्बोसिस के नाम से भी जाना जाता है, उससे खून का प्रवाह धीमा या रुक जाता है। धमनियों में थ्रोम्बोसिस, जो आर्टरियल थ्रोम्बोसिस के नाम से भी जाना जाता है, उससे खून के प्रवाह पर असर पड़ता है। थ्रोम्बोसिस के इलाज के लिए सबसे आम दवाएं एंटीकोगुलेंट हैं। एंटीकोगुलेंट रक्त के थक्के को बनने या बढ़ने से रोकते हैं। थ्रोम्बोसिस के प्रकार और गंभीरता के आधार पर, एंटीकोगुलेंट दवाएं लंबे समय तक या कुछ दिनों के लिए दी जा सकती हैं। बहुत गंभीर मामलों में, थ्रोम्बोसिस को हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। सर्जरी के प्रकार थक्के के स्थान और आकार पर निर्भर करते हैं।

### थ्रोम्बोसिस को रोकने के लिए कुछ उपाय

- नियमित रूप से व्यायाम करना रक्त प्रवाह को बढ़ाने और रक्त के थक्के बनने की संभावना को कम करने में मदद करता है।
- वजन कम करें क्योंकि मोटापा रक्त के थक्के बनने की संभावना बढ़ाता है।
- धूम्रपान न करें, धूम्रपान रक्त को गाढ़ा बना सकता है, जिससे क्लॉट बनने की संभावना बढ़ जाती है।
- कैंसर या डायबिटीज के मरीज या ऑर्थोपेडिक सर्जरी करा चुके मरीज अपनी दवाएं समय पर लें।

रायपुर, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा-बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो।

इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज़ चैनल' के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि 'इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की?' इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15-20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली-पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की?

यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नज़र आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई 'दी केरला स्टोरी' का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को 'नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी 'दी वैक्सीन वॉर' कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है।

अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि 'दी कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज-मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है।

आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और वे विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है जिन्हें कुछ और पाना नहीं बचता। इसलिये उन पर यह आरोप नहीं लग सकता कि उन्होंने कुछ पाने के लिये ऐसा बयान दिया है या यह कोई उनका पब्लिसिटी स्टंट है। उन्हें अब अपना कोई प्रचार नहीं करना है क्योंकि शोहरत की बुलन्दियों को वे काफी पहले छूकर उतर चुकी हैं। इसलिये विवेक अग्निहोत्री को उनकी बात का जवाब देना चाहिये। इस देश ने डेन्नी बॉयल को भी देखा है जिन्होंने मुंबई की झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन पर बनी अपनी मूवी 'स्लमडॉग मिलेनियर' को मिले आस्कर पुरस्कार की राशि का एक हिस्सा बाल कलाकारों को दिया था।

# विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर

देश के पांच राज्यों में चुनाव निर्धारित हो चुके हैं। तारीखें भी घोषित हो चुकी हैं। अब फर्ज़ कीजिये कि इन राज्यों के मतदाताओं को यदि देश के लिए भी मतदान (अगर कुछ राज्य में होते भी हैं) करना पड़े तो क्या यह उन पर किसी तरह का अतिरिक्त बोझ होगा या यह बिल्कुल सहज होगा? देश, प्रदेश और फिर स्थानीय मुद्दे क्या गड्डमड्ड नहीं होंगे? या यह ठीक होगा कि देश के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदाता अपने विधायक और पार्षद को भी चुन लें या फिर स्थानीय मुद्दों के हिसाब से देश के लिए अपने सांसद चुन लें? तीन तरह के प्रत्याशी एक साथ उनके दरवाज़ों पर आएंगे। यूं सभी आते भी कहां हैं फिर भी क्या यह हालात कोई दुविधा पैदा नहीं करेंगे? गर दलों की संख्या दो से ज़्यादा हुई तब तो निर्दलियों के साथ मतदाताओं का चकरघिन्नी होना तय है। हाल ही में राजस्थान चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने जो अपने फैसले पर दोबारा विचार न किया होता तो उसका चकरघिन्नी होना तय ही था। तारीख़ बदलने का पूरे राजस्थान में स्वागत हो रहा है। पहले आयोग ने राजस्थान में चुनाव की तारीख़ 23 नवंबर घोषित की थी। यह तिथि बदलनी पड़ी क्योंकि उस दिन देवउठनी एकादशी है। राज्य भर में हज़ारों शादियां इस दिन होती हैं। इसे 'अबूझ सावा' माना जाता है यानि ब्याह शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त है जिसमें पंडित से पूछने की भी कोई ज़रूरत नहीं। ब्याव और चुनाव के इस टकराव में ब्याव जीते। अब विधानसभा चुनाव की नई तारीख़ 25 नवंबर है।

कहने का आशय यह है कि जब मतदाता की सहजता और सुविधा को यहां तवज्जो दी जा रही है तो फिर उसे एक साथ तीन-तीन चुनावों की दुविधा में क्यों डाला जा रहा है। 'एक देश एक चुनाव' का यही तो मकसद है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकायों के चुनाव एक साथ करा लिए जाएं, संविधान में चार-पांच संशोधन कर दिए जाएं, कुछ विधानसभाएं भंग कर दी जाएं, कुछ के समय से पहले ही चुनाव करा लिए जाएं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित समिति में आठ सदस्य हैं और समिति ने कह दिया है कि राज्यों से पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसे प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि परिसीमन के बाद नई सीटें बनाकर महिला आरक्षण को और फिर देश को एक चुनावी मोड में डाला जा सकता है। 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' का तो तहेदिल से स्वागत हुआ लेकिन क्या जनता एक ही बार में चुनाव के लिए तैयार है?

वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो। जब सबकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं तब सब एक साथ क्यों? एक ही समय में मतदाता पर इतना बोझ लादने की क्या ज़रूरत है? उसे कंफ्यूज क्यों करना है? ये कैसे ठीक होगा कि एक ही दिन में वह तीन अलग-अलग ठप्पे लगा आए और जो ऐसा नहीं होगा तो फिर सारी कवायद का क्या फायदा? खर्च बचाने का तर्क फिर कैसे काम करेगा?



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो।

इसमें जनता का फायदा तो उतना नहीं है लेकिन नेताओं का बेशक है जिन्हें बार-बार चुनावों में दौरे करने पड़ते हैं। अगली बार वे चाहते हैं कि एक ही बार निकलें और सारे काम हो जाएं। ठीक वैसे ही जैसे फसल अच्छी होने पर अक्षय तृतीया का मुहूर्त देखकर किसान अपने सारे बच्चों की शादी एक साथ कर देता है; फिर चाहे बच्चों की उम्र शादी लायक हो या न हुई हो। एक ही बार बिरादरी को भोजन कराना पड़ेगा, बच्चों की उम्र, मर्ज़ी आदि कोई मायने नहीं रखती। केंद्र की सरकार भी यही करने जा रही है। कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह तथा वकील हरीश साल्वे शामिल हैं। चौधरी एक महीने पहले ही इसमें शामिल होने से इंकार कर चुके हैं। उनका कहना था कि समिति का निर्णय मंथन से पहले ही तय कर दिया गया है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव को लेकर सौंपी थी लेकिन समिति ने निकाय चुनावों को भी शामिल कर लिया है।

सबसे पहले 1983 में चुनाव आयोग ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी औपचारिक रिपोर्ट दी थी। आयोग का कहना था कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ कराने से खर्च की बचत होगी और देश बार-बार चुनाव कराने के भार से भी मुक्त होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस विचार के मुखर समर्थक थे। उन्होंने 1999 में चुनकर आने के बाद 'एक देश एक चुनाव' के विचार को दोहराया। फिर 2017 में नीति आयोग ने चुनाव से जुड़े टाइम टेबल को व्यवहारिक जामा पहनाया। बाद में लॉ कमीशन ने भी इस पर अपना मसौदा पेश किया। जनवरी, 2018 में जब कोविंद राष्ट्रपति थे तब उन्होंने अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' का ज़िक्र भाजपा सरकार के बड़े सुधार के रूप में किया था और अब वे ही इस समिति के अध्यक्ष भी हैं। सरकार इसे लागू करने के लिए लगभग तैयार भी मालूम हो रही है। वैसे कहा जाता है कि औसतन हर तीन महीने में देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। ऐसा तब भी होगा जब कोई सरकार अल्पमत में आएगी, किसी सदस्य का देहांत होगा या किसी सरकार को केंद्र ही बर्खास्त न कर दे। 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। फिर केरल की सरकार को बर्खास्त किये जाने के बाद यह सिलसिला टूटा और उसके बाद तो देश ने कई भंग सरकारें, मध्यावधि चुनाव और उपचुनाव देखे। यदि केंद्र के पास राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की शक्ति (अनुच्छेद 356) बनी रहेगी तब 'एक देश एक चुनाव' के कोई मायने नहीं है।

फ़िलहाल सरकार को राज्यों की सहमति भी अब ज़रूरी नहीं मालूम हो रही। ऊपर से लिए गए फैसले के साथ यह व्यवस्था राज्यों की स्वतंत्रता को कितना बरक़रार रख पाएगी और भविष्य में यह किस रूप में सामने होगी, इस पर गहन विचार के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। राज्यों, शहरों और गांवों की अपनी आज़ादी ही देश के मज़बूत लोकतंत्र की बुनियाद है जिसका हनन नहीं होना चाहिए। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी का सशक्त चेहरा कोई है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी हैं। राज्यों के चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें ही आगे रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऋषिकेश में शांति तलाश रहे थे, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को ड्राइविंग सीट से हटाकर पिछली सीट पर डाल दिया गया है और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन कुमार कुछ-कुछ लौटे हैं और कुछ शांत बने हुए हैं। वोट प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही मांगे जा रहे हैं। चुनाव अलग-अलग भी हों अगर जो चेहरा एक ही शख़्सियत का रहना है तो फिर एक देश एक चुनाव की भी क्या ज़रूरत है? ख़ैर, यह मज़ाक की बात नहीं है। इसे लागू करने से पहले इस पहलू पर गहरा विचार होना चाहिए कि एक चुनाव देश की संघीय व्यवस्था को कितनी मज़बूती देगा।

एक व्यक्ति और एक मुद्दे की लहर किसी भी बड़ी पार्टी को बेलगाम ताकत दे सकती है। क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलियों का सूपड़ा साफ़ होने की आशंका हमेशा रहेगी। पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों के एक अध्ययन के मुताबिक देखा गया है कि अगर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 फ़ीसदी मतदाता दोनों जगह एक ही पार्टी को मत देते हैं और जो दोनों चुनावों में छह महीने का अंतर है तो एक ही पार्टी को वोट देने की सम्भावना 77 की बजाय 61 प्रतिशत रह जाती है। ज़ाहिर है कि इस सोच की गंगा में कौन सा दल डुबकी नहीं लगाना चाहेगा?

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां

■ अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है।

हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं। अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थरजेम्सबालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया।

> यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर 1948 में नया राज्य बनाया गया था। तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की।

दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है। एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था।

हालांकि, यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

यहां तक कि प्रबुद्ध उदारवादी यूरोपीय बुद्धिजीवी भी तीव्र यहूदी-विरोध से ऊपर नहीं थे, सबसे जोरदार और अक्सर देखा जाने वाला शेक्सपियर का प्रसिद्ध नाटक, मर्चेंट ऑफ वेनिस है। नाटक में, शाइलॉक यहूदी व्यापारी एक ऋण चूककर्ता से एक पाउंड मांस मांगता है।

मानो अपराध की भावना से, यूरोपीय लोगों को लगा कि यह नया राज्य उनके सहस्राब्दी पापों से मुक्ति का अवसर प्रदान करता है। शायद, यह विभिन्न यूरोपीय देशों में अशकेनाज़ी यहूदियों से एक अच्छा छुटकारा भी था। यूरोपीय लोग ऐसे समाधान के लिए बाध्य हो सकते थे क्योंकि वे उस समय शक्तिशाली थे।

हालांकि, मध्य पूर्व के देश यह स्वीकार नहीं कर सके कि यूरोपीय समाधान और समस्याएं नये राज्य की स्थापना के साथ ही शुरू हो गईं। युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये। आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं। हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है।

चारों ओर अस्वीकृति और शत्रुता की प्रक्रिया में, इज़रायल के यहूदियों ने बहुत तेजी से जीवित रहने की तकनीकें सीख लीं। हमास के इज़रायल पर वर्तमान हमले के पहले, इजरायल ने दुर्जेय सैन्य क्षमता के साथ-साथ एक अत्यधिक परिष्कृत खुफिया नेटवर्क भी विकसित किया था, उसे हमास ने काफी हद तक नष्ट कर दिया।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के नेतृत्व में तैयार की गई स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने वंचितों और उन देशों के हित की वकालत की थी जो औपनिवेशिक प्रभुत्व के अधीन थे। अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के बाद यह एक सामान्य प्रतिक्रिया थी।

भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई।

फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी। बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए। घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए। इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुन:अभिविन्यास को बढ़ावा दिया है।

हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है। मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था। खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था।

पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है। पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है। जब 2023 के आखिरी नौ महीनों में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याएं हुईं तो पश्चिमी देशों ने इजरायल के खिलाफ कुछ नहीं कहा।

यदि संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शक्तियां प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप नहीं करती हैं तो हमास-इजरायल युद्ध के पवित्र युद्ध में बदलने की पूरी संभावना है। भारत के लिए भी आतंकवाद के विरुद्ध सतत सतर्कता अनिवार्य हो गई है।

## पावन प्रसंग

# सबके लिए खुला है सुख का द्वार : भगवान महावीर

बास्यावस्था में ही भगवान महावीर में वैराग्य की भावना प्रबल होने लगी थी और उनका मन साधना में लीन होना चाहता था। इसीलिए उनका अधिकांश समय चिंतन और मनन में ही व्यतीत होता था। कुमार अवस्था को पार कर युवावस्था में प्रवेश करने पर भी उनका मन सांसारिक सुखों की ओर आकृष्ट नहीं हुआ। संसार के प्राणियों को दुखी देखकर उनका मन व्याकुल रहता था और वे संसार के दुखों के कारणों को दूर करने का उपाय खोजने के प्रयत्नों में लगे रहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गृह त्याग कर साधु जीवन व्यतीत करने का निश्चय कर लिया। उनको राजसी सुखों का, माता-पिता का मोह भी उनको उनके मार्ग से विचलित न कर सके।

मात्र तीस वर्ष की आयु में वे गृह त्याग कर, साधु जीवन व्यतीत करने लगे। वे इसी चिंता में लगे रहते कि संसार के दुखों का कारण क्या है? वे दुखी क्यों हैं? शाश्वत सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है। वे 12 वर्षों तक घोर तपस्या करते रहे। अंतत: बयालीस वर्ष की अवस्था में उन्हें संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्हें अतीन्द्रिय, अनन्त आत्मिक व परम आनंद की प्राप्ति हुई। तत्पश्चात वे तीस वर्ष तक लोगों को उनके दुख का कारण, दुख से मुक्ति के उपाय व शाश्वत सुख, अनन्त सुख का मार्ग बताते रहे। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर भगवान महावीर ने कहा- मनुष्य के दुखों का मूल कारण अज्ञान भी है। अत: मनुष्यों को अज्ञान से मुक्त होने का उपाय करना चाहिए। चिंतन-मनन, तप-त्याग व निरंतर ध्यान करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर ही जीव को पूर्ण शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। पूर्ण ज्ञान की अवस्था ही मुक्ति की अवस्था है।

मुक्ति की अवस्था में ही आत्मा अनंत काल तक अतीन्द्रिय आनंद की अमुभूति करती रहती है। यह मुक्ति का द्वार प्रत्येक जीव के लिए समान रूप से सभी के लिए खुला है। तप, ध्यान के अभ्यास से कोई भी जीव सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। जीव की आंतरिक पवित्रता, संयम, अहिंसा, तप आदि ही साधन हैं। महावीर जी का स्पष्ट मत था कि मनुष्य की उच्चता व निम्नता उसके कर्मों से होती है उनके जन्म व वंश से नहीं। सिर मुंड़ा लेने से कोई श्रमण (संन्यासी) नहीं बन जाता, केवल ओंकार का जप करने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता, निर्जन वन में रहने मात्र से मुनि नहीं बन जाता और केवल वल्कल वस्त्र धारण कर लेने से कोई तपस्वी नहीं बन जाता। इसके विपरीत समता पालने से श्रमण (संन्यासी), ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, चिंतन-मनन, ज्ञान से मुनि तथा तपस्या करने से तपस्वी होता है।

भगवान महावीर ने कहा केवल मेरे कहने से ही इसे सत्य नहीं समझो कि मैंने इसे कहा है, बल्कि अपने स्वयं के चिंतन-मनन व अनुभव से सत्य को जानो, तभी सत्य को समझो अस्तु हममें से कोई जिन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की सच्ची उत्कंठा है, दुखों से मुक्ति पाने की सच्ची लगन है, व अनंत सुख, शाश्वत सुख प्राप्त करने की अभिलाषा है, वे महावीर के अनुसार स्वयं तपस्या में प्रवत्त होकर ही इसे अनुभव कर सकते हैं। सबके लिए खुला है यह सुख का द्वार।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों?

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह यूक्रेन-रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता, भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। स्त्रियां, बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं। हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इजरायल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है, मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है।

पूरे विश्व समेत देश के कोने-कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाएं अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है। नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है। धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं। समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादती और अत्याचार के शिकार होते रहें।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है। शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। देश की आबादी की 45फीसदी आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है, यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है।

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग-बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है।

संजीव ठाकुर

## इजराइल ने लेबनान पर मशीनगन से गोले दागे

बेरुत। इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार शाम को दक्षिणपूर्व लेबनान में मशीन गन से गोले दागे और बमबारी की। सूत्रों ने दावा किया कि इजरायली बलों ने हुला अक्ष से सीमा के दोनों किनारों पर फ्लेयर बम तैनात किए हैं। उन्होंने मशीनगन से खियाम शहर के हुला और मेस अल-जबल के गांवों को जोड़ने वाली सड़क को निशाना बनाया है। लेबनान स्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमले के समर्थन में रविवार सुबह इजरायली सैन्य स्थलों की ओर कई मिसाइलें दागने के बाद लेबनानी-इजरायल सीमा तनाव व्याप्त हो गया।



# नेतन्याहू ने अमेरिकी समर्थन के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया

■ कहा, हमास के बर्बर लोगों को कुचला जाना चाहिए ■ अमेरिकी समर्थन दिखाने इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

**जेरूसलम,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को इजरायल के तेल अवीव पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक संयुक्त बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ युद्ध में इजरायल के लिए समर्थन दिखाने के लिए वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी लोगों के आभारी हैं।

नेतन्याहू ने तेल अवीव में अपने संयुक्त वक्तव्य की शुरुआत में कहा, आज यहां आपकी महत्वपूर्ण यात्रा के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन को धन्यवाद, और हमास के बर्बर लोगों के खिलाफ हमारे युद्ध में इज़राइल के लिए आपके अविश्वसनीय समर्थन के लिए अमेरिकी लोगों को धन्यवाद। फिर वह उन्हें हिब्रू में धन्यवाद देते हैं और कहते हैं, मिस्टर सेक्रेटरी, आप एक आहत राष्ट्र, एक लड़ने वाले राष्ट्र, शेरों के राष्ट्र, एक ऐसे राष्ट्र में आए हैं जो हमारे चारों ओर बुरी ताकतों को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



### इजरायली-फिलिस्तीनी संघर्ष क्षेत्र में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है तुर्किए

अंकारा। तुर्किए की सेना इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है और राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के फैसले का इंतजार कर रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### हमास का प्रत्येक सदस्य 'मरा हुआ व्यक्ति' है : नेतन्याहू

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास का प्रत्येक सदस्य 'एक मरा हुआ व्यक्ति' है। श्री नेतन्याहू ने ये बातें आपातकालीन सरकार की पहली बैठक के दौरान कही। इस बीच विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज ने कहा कि यह युद्ध का समय है। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नेतन्याहू से बात की। स्पष्ट कर दिया है कि इज़रायल को युद्ध के नियमों के अनुसार काम करना चाहिए।

### 'जब तक इजरायली बंदी मुक्त नहीं होते, गाजा में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होगी'

**यरुशलम**। इजरायल ने कहा है कि जब तक इजरायली अपहृतों की घर वापसी नहीं हो जाती है, तब तक बिजली का स्विच चालू नहीं किया जाएगा, ना पानी का पंप खोला जाएगा। इजरायल के ऊर्जा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। श्री काट्ज ने कहा है कि इजरायल ने हमास का नामोनिशान मिटाने का वादा किया है और गत शनिवार के हमले के जवाबी कार्रवाई के बाद गाजा पट्टी पर 'पूर्ण घेराबंदी' की गयी है। इज़राइली अधिकारियों ने कहा कि हमास के हमले में 1,300 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 3,000 घायल हो गए। उधर फ़िलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक एन्क्लेव पर इज़रायली के हवाई हमलों में 1,200 से अधिक लोग मारे गए।



## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 13 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ -विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन -महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क -काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह -दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या -वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला -अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक -गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु -आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर -बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ -अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन -आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1976 – बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे।

1987 – कोस्टारिका के राष्टपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।

1999 –कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा। अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।

2000 – दक्षिण कोरियाई राष्टपति किम दाई जुंग को शांति को नोबेल पुरस्कार।

2001 – नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।

2002 – इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।

2003 – डलास में एक साल चिकित्सकीय योजना और 26 घंटे तक चले जटिल आपरेशन के बाद मिस्र के जुड़वां बच्चों के आपस में जुड़े सिर को अलग करने में आपरेशन सफल रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक भारतीय छात्र का चयन। जर्मनी ने स्वीडन को हराकर पहली बार विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट जीता। पहली बार मानव को लेकर चीनी अंतरिक्ष यान लांग मार्च 2 एफ़ उड़ा। नई दिल्ली में इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन प्रारम्भ।

2004 – सऊदी अरब का हर साल एक लाख श्रमिकों की कटौती की घोषणा। चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई।

2005 – जर्मनी के प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा।

## जेलेंस्की की पश्चिमी देशों से यूक्रेन को और अधिक सहायता देने की मांग



**ब्रुसेल्स,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की पश्चिमी देशों से सहायता जारी रखने का अनुरोध करने के लिए ब्रुसेल्स पहुंचे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाटो के रक्षा मंत्रियों के साथ एक बैठक में भाग लेने से पहले जेलेंस्की ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, हमने यूक्रेन के लिए प्राथमिकताओं के बारे में बात की है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की मौजूदगी में उन्होंने कहा, हमें लीडर्स से कुछ समर्थन की जरूरत है। यही कारण है कि मैं आज यहां हूं। जेलेंस्की ने वायु रक्षा प्रणालियों को अपनी प्राथमिकताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ बुनियादी शब्द नहीं हैं। हमें ठोस चीजों की जरूरत है और हमें अपनी जमीन पर भौगोलिक रूप से उनकी जरूरत है। नाटो-यूक्रेन बैठक ने देश को शीतकालीन संघर्षों का सामना करने के लिए अधिक समर्थन प्राप्त किया। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन यूक्रेन को एक और कठिन सर्दी से निपटने में मदद करने के लिए ठंड के मौसम में अधिक कपड़े, खनन क्षमता, ईंधन और चिकित्सा उपकरण प्रदान करेगा।

## फिलिस्तीनी-इजराइली संघर्ष में दो-राज्य समाधान का समर्थन करता है रूस : पुतिन

**मॉस्को,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मॉस्को ने हमेशा फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के लिए दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है। रूसी ऊर्जा सप्ताह के पूर्ण सत्र में बोलते हुए, पुतिन ने कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष पर रूस की स्थिति दशकों से एक समान रही है, और यह रुख इजराइल और फिलिस्तीन दोनों में अच्छी तरह से जाना जाता है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हमने हमेशा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के फैसलों के कार्यान्वयन की वकालत की है, जिसमें एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना शामिल है। उन्होंने मध्य पूर्व में वाशिंगटन की नीतियों की आलोचना की और कहा कि अमेरिका ने मौजूदा मूलभूत राजनीतिक चुनौतियों का समाधान खोजने के बजाय वित्तीय सहायता पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। रूसी नेता ने कहा कि इस तरह के कदम केवल स्थिति को बढ़ाते हैं और समझौता करना जरूरी है। पुतिन ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति को किसी तरह शांत करना संभव होगा या नहीं, लेकिन हमें इसके लिए प्रयास करना चाहिए क्योंकि संघर्ष क्षेत्र के विस्तार से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



### रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में ड्रोन के मलबे से 2 की मौत

**मॉस्को।** दक्षिणी रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में गुरुवार को वायु रक्षा बलों द्वारा एक ड्रोन को मार गिराए जाने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा, परिचालन सेवाओं द्वारा मलबे से दो लोगों के शव बरामद किए गए, एक पुरुष और एक महिला। उन्होंने कहा कि एक बच्चा अभी भी मलबे के नीचे फंसा हो सकता है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सरकार ने शुरू किया ...**

आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**वहां के हालात चिंताजनक**

एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इजरायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को भारतीय मिशन में पंजीकरण कराने और मिशन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

**अयोध्या मस्जिद का नाम होगा...**

के बाद आवंटित जगह पर बनने वाली नई मस्जिद भारत की सबसे बड़ी मस्जिद होने का वादा करती है।

9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे-मस्जिद में 5,000 पुरुषों और 4,000 महिलाओं समेत 9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे। पूरे मस्जिद परिसर में, हमारे संसाधनों के माध्यम से अतिरिक्त भूमि की खरीद के साथ, चिकित्सा, शैक्षिक और सामाजिक सुविधाएं भी होंगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम अदालत ने नई मस्जिद के लिए 5 एकड़ जमीन दी थी, और इसे एक ऐतिहासिक परियोजना बनाने के लिए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए 6 एकड़ जमीन खरीदने की योजना है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि भव्य 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' परिसर का काम, विभिन्न समूहों के बीच कुछ मतभेदों के कारण विलंबित हो गया था, अब जल्द ही धन्नीपुर स्थल पर शुरू होने वाला है।

## बांग्लादेशी संसद की अध्यक्ष ने नारी शक्ति वंदन को सराहा

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बंगलादेशी संसद की अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी ने भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ एक बैठक में सुश्री चौधरी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक सराहनीय कदम बताया। सुश्री चौधरी यहां कल से शुरु हो रहे पी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने गुरुवार को सम्मेलन स्थल यशोभूमि में श्री बिरला से द्विपक्षीय मुलाकात की। बैठक के दौरान श्री बिरला ने जी-20 देशों सम्मेलन में 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' का उल्लेख किया और कहा कि इससे इससे समकालीन वैश्विक मुद्दों के व्यावहारिक समाधान की राह खुलेगी। श्री बिरला ने कहा कि सुश्री चौधरी के विचारों और अनुभवों से पी - 20 की चर्चा अधिक सार्थक, समावेशी और प्रभावकारी होगी। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की। बैठक में दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि हाल के वर्षों में बंगलादेश और भारत के बीच सम्बन्ध और प्रगाढ़ हुए हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि संसदों के बीच प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में और वृद्धि होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देशों के बीच सड़क, रेल, वायु, अंतर्देशीय जलमार्ग और तटीय नौवहन क्षेत्रों में संपर्क लगातार बढ़ रहा है।

**तैयारी** *35 सांस्कृतिक अवशेष समकक्ष सहायता परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा*

## तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेषों के विकास को मिला निवेश

**बीजिंग, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में आयोजित सांस्कृतिक अवशेष कार्य सम्मेलन से मिली खबर के अनुसार, 13वीं पंचवर्षीय योजना (2016-2020) के दौरान देश ने तिब्बती सांस्कृतिक अवशेषों के विकास कार्यों के समर्थन के लिए कुल 2 अरब 16 करोड़ 80 लाख युआन का निवेश किया। यह मुख्य तौर पर तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेषों की रक्षा, सांस्कृतिक अवशेष की सुरक्षा, पुरातात्विक और ऐतिहासिक अनुसंधान, क्रांतिकारी सांस्कृतिक अवशेषों की रक्षा और उपयोग, संग्रहालयों के उच्च गुणवत्ता वाले विकास, वैज्ञानिक व तकनीकी क्षमताओं में सुधार आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।**

आंकड़ों के अनुसार, साल 2012 के बाद से, तिब्बत ने विभिन्न प्रकार के कुल 4,468 अचल सांस्कृतिक अवशेष स्थलों, सभी स्तरों पर 2,373 सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण इकाइयों और 5.1 लाख चल सांस्कृतिक अवशेषों की जांच और पंजीकरण किया है।

195 पुरातात्विक उत्खनन परियोजनाओं को व्यवस्थित रूप से कार्यान्वित किया है, पोताला महल सांस्कृतिक विरासत संरक्षण प्रबंधन नियम जैसे स्थानीय सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण नियम जारी किए, पोताला महल, नोरबुलिंग्का उद्यान और जोखांग मंदिर जैसी कई राष्ट्रीय प्रमुख सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण इकाइयों के लिए सुरक्षा योजनाएं तैयार की, इन कदमों से तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण प्रणाली में और सुधार किया गया है। बताया गया है कि 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) के दौरान, तिब्बत में तिब्बत के लिए 35 सांस्कृतिक अवशेष समकक्ष सहायता परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा और 2 करोड़ 55 लाख 40 हज़ार युआन की सहायता निधि लागू की जाएगी।



### शी चिनफिंग ने शांगराओ शहर का निरीक्षण किया

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने दक्षिण चीन के च्यांग शी प्रांत के चंगतेचन और शांगराओ शहर का निरीक्षण किया। उन्होंने लगातार चंगतेचन के थाओयांगली ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सड़क, छांगहे एयरक्राफ्ट उद्योग लिमिटेड कंपनी और शांगराओ के शिमन गांव जाकर मिट्टी के बर्तनों की संस्कृति के संरक्षण व विकास, उद्यम के तकनीकी सृजन, वेटलैंड पार्क के पारिस्थितिकी संरक्षण और ग्रामीण पुनरोत्थान का जायजा लिया। थाओयांगली ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सड़क क्षेत्र का क्षेत्रफल 1.28 वर्गकिलोमीटर है, जहां सौ से अधिक हजार वर्ष पुरानी गलियां, 400 वर्ष पुराने भट्ठी मिल समूह और 70 साल पुराना मिट्टी बर्तन के औद्योगिक उत्पादन की विरासत अच्छी स्थिति में सुरक्षित है।

## सुडोकू 6345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6345

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. बिना रुके या ठहरे, शीघ्र
२. किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रकाशित पत्र जिसमें उसके सिद्धांत आदि का प्रकाशन होता है
५. गले तक
६. लंबी उम्र वाला
७. रहस्यमय
८. गिरफ्तारी
१३. विवाह, शादी
१५. सुहागिन, सौभाग्यवती
१६. श्रेष्ठ वृक्ष
१७. आसान, स्वाभाविक
१८. दाम, मूल्य
२०. तलाश, ढूंढने-खोजने का काम (उर्दू)
२१. गतिरोध
२३. मन की हालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. जो वाजिब या उचित न हो
२. राम का हथियार, धनुष
३. लड़ाई
४. पराजय, हार
५. टांग अड़ाना, हस्तक्षेप करना
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. असक्त, दुर्बल, कमजोर
११. जो तरल न हो
१२. शादीशुदा
१४. आत्मनिर्भर
१७. सुंदर ढंग का
१९. सहायता (उर्दू)
२०. दोष, ऐब
२१. आर्द्र

### वर्ग पहेली-6344

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | थीं | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### पेरिस में विश्व पारंपरिक चीनी चिकित्सा दिवस समारोह का आयोजन

**बीजिंग,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व पारंपरिक चीनी चिकित्सा दिवस समारोह 11 अक्टूबर को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित हुआ। इस दौरान, चिकित्सा क्षेत्र में 100 से अधिक चीनी और विदेशी विशेषज्ञों, विद्वानों और चिकित्सकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आदान-प्रदान किया। पेरिस चीनी सांस्कृतिक केंद्र और चीन-फ्रांस पारंपरिक चीनी चिकित्सा केंद्र ने संयुक्त रूप से इस समारोह को आयोजित किया। फ्रांस में चीनी उप दूतावास छन ली ने उद्घाटन समारोह में कहा कि चीन सरकार पारंपरिक चीनी चिकित्सा के विकास को बहुत महत्व देती है, पारंपरिक चीनी चिकित्सा को दुनिया में ले जाने के लिए प्रोत्साहित करती है, और पारंपरिक चीनी चिकित्सा और पश्चिमी चिकित्सा के पूरक और समन्वित विकास का समर्थन करती है। छन ली के अनुसार, पारंपरिक चीनी चिकित्सा का प्रसार 196 देशों और क्षेत्रों तक हो गया है। चीन ने 40 से अधिक विदेशी सरकारों, क्षेत्रीय प्राधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ पारंपरिक चीनी चिकित्सा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

# खेल जगत

## छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते हूं : रोहित शर्मा



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते है। भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले में कल जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने उतरे तो वह क्रिस गेल के 553 छक्कों से सिर्फ दो छक्के पीछे थे। उन्होंने शुरुआती 31 गेंदों में ही तीन छक्के लगाकर क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मुकाबले को आठ विकेट से जीतने के बाद रोहित ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतने छक्के मारेंगे। वह छक्के मारने के मामले में गेल से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं अकेले इतने छक्के मार सकूंगा। हां, मैंने वर्षों से इस पर काम किया है और मैं इससे खुश हूं। हालांकि मैं जिस तरह का इंसान हूं, इससे संतुष्ट नहीं रहूंगा और ऐसा करना जारी रखूंगा। यह मेरे लिए छोटी-छोटी खुशियों का एक पल है।

# रोहित शर्मा के तूफानी शतक से भारत ने अफगानिस्तान को दी 8 विकेट से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ रोहित बने वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा सात शतक जड़ने वाले बल्लेबाज



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में पहले मैच में शून्य पर आउट होने का गुस्सा यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरे मैच में अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उतारा। रोहित के तूफानी शतक और इशान किशन के साथ उनकी शतकीय भागीदारी की बदौलत दो बार के चैंपियन भारत ने अफगानिस्तान को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से करारी शिकस्त दे लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए इस जीत में सबसे अच्छी बात यह रही कि उसकेऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच मे नाकाम रहे कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर सहित उसके शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज रंग में लौट आए हैं। वन डे विश्व कप में रोहित अब सबसे ज्यादा सात शतक जड़ने वाले बल्लेबाज तो बने ही और सबसे कम मैचों में एक हजार पूरे करने के डेविड वॉर्नर (19 मैच) के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। साथ ही रोहित (556 छक्कों) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में कुल वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल (553छक्कों)के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। रोहित ने अपना शतक मात्र पारी के 18 वें और नबी के चौथी ओवर की दूसरी गेंद पर एक रन दौड़ कर मात्र 63 गेंद खेल चार छक्कों और 12 चौकों की मदद से पूरा कर वन डे विश्व कप में भारत के लिए सबसे तेज शतक जड़ने के कपिल देव(72 गेंद) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। भारत अब अहमदाबाद में शनिवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान की टीम भी अब तक अपने लगातार दो मैच जीत चुकी है लेकिन उसके कप्तान बाबर आजम को अभी भी बड़ी पारी की तलाश है।

भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ धार दिखा कर कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार छक्के, दो चौके) जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगनिस्तान को फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 रन पर रोक दिया भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक ा। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला सही रहा।

जवाब में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन, 84 गेंद, पांच छक्के, 16 चौके) की अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन (47 रन, 47 गेंद, दो छक्के, पांच चौके) की 18.4 ओवर में 156 रन तथा विराट कोहली के साथ मात्र सात ओवर में 49 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 35 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 273 रन बनाकर मैच जीत लिया। जब रोहित आउट होकर पैवेलिन लौटे तब भारत जीत से मात्र 68 रन दूर था और उसके आठ विकेट बाकी थे। विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के तीसरे विकेट के लिए 68 रन की असमाप्त भागीदारी कर भारत को जिता कर ही दम लिया। विराट ने अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर सीधा चौका जड़ भारत को 15 ओवर के बाकी रहते आठ विकेट से जीत दिला दी। विराट 56 गेंद खेल कर 55 और श्रेयस अय्यर 23 गेंद एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नॉटआउट रहे। लेग स्पिनर राशिद खान (2/57) अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे।

इशान किशन ने लेग स्पिनर राशिद खान की गेंद को हड़बड़ी में खेलने की कोशिश में कवर में नबी को आसान सा कैच थमा पैवेलियन लौटे और भारत ने अपना पहला 156 पर खोया। राशिद ने अपने पहले स्पैल में बेशक इशान का विकेट चटकाया लेकिन इसके पांचवें ओवर में उनकी भारत के कप्तान रोहित ने खूब धुनाई कर पहले चौका और छक्का जड़ा 15 रन बटोरे। रोहित शर्मा ने राशिद खान की फ्लिपर को स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनका विकेट उड़ा दे गई। कप्तान रोहित शर्मा ने फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर अफगानिस्तान के बाएं हाथ के रफ्तार के सौदागर को स्पिनर को खेलने के अंदाज में चहलकदमी कर चौके और छक्के जड़ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा 40 हजार से ज्यादा की तादाद में मौजूदगी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। भारत ने अपने 100 मात्र 11.5 ओवरों में और 200 रन 24.2 ओवर में पूरे किए। इसके अगले ओवर में भारत के स्कोर में पांच रन ही और जुड़े कि उसने कप्तान रोहित के रूप में उसका अपना दूसरा विकेट 205 रन पर गंवाया। रोहित ने अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन के साथ 10 ओवर के पहले पॉवरप्ले में ही 94 रन जोड़ कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उनके हौसले तोड़ दिए और इसमें खुद रोहित का योगदान 71 रन और इशान का मात्र 11 रन का था। भारत ने सातवें से दसवें ओवर में रोहित ने अपना अर्द्धशतक मात्र 30 गेंदों में दो छक्कों और सात चौकों की मदद से पूरा किया। रोहित ने इशान किशन के साथ शतकीय भागीदारी मात्र 71 गेंदों में पूरी की और इसमें खुद रोहित का योगदान 79 और इशान 12 रन पर थे।

इससे पहले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका, 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके )को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी। बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था।

## सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची



**वांटा** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शटलर पीवी सिंधु गुरुवार को आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के राउंड ऑफ में 16 के महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु आज यहां खेले गये राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुक़ाबले में विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू को 21-11, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई।

बैडमिंटन में 13वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने शुरुआती मिनटों में ही चीनी ताइपे के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली और अपने दबदबे को बरक़रार रखते हुए बैक-टू-बैक प्वाइंट अपने नाम करते हुए 21-11 से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पीवी सिंधु आत्मविश्वास से लबरेज़ नज़र आईं और एकतरफ़ा गेम में वेन ची सू को 21-10 से हराकर बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट का यह प्री-क्वार्टरफाइनल मुक़ाबला जीत लिया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों खिलाड़ियों का सामना एशियन खेल 2023 के राउंड ऑफ 32 में हुआ था, जहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी। पीवी सिंधु ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 मैच में नोज़ोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई थी। वहीं, दिन के अन्य मुक़ाबले में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अपने मुक़ाबले के लिए कोर्ट पर नज़र आएगी। इसके अलावा किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल में अपना प्री-क्वार्टरफाइनल मुक़ाबला खेलेंगे। इसके साथ ही महिला एकल में आकर्षी कश्यप चीन की वांग झीयी को टक्कर देंगी।

## ब्लैकबेरीज ने एशियाई पैरा गेम्स पैरालंपिक समिति के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लैकबेरीज़ इस महीने के अंत में चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए आधिकारिक औपचारिक भागीदार के रूप में भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ साझेदारी की है।

भारत की पैरालंपिक समिति के महासचिव श्री गुरशरण सिंह ने कहा कि भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) में हमारा प्रमुख मिशन पैरा-स्पोर्ट्स में समावेशन और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। ब्लैकबेरीज़ के आगे बढ़ते रहो की भावना के साथ मेल खाते हुए, यह साझेदारी दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह हमारे पैरा-एथलीटों की क्षमता में हमारे अटूट विश्वास को दर्शाता है और अपने उत्पाद नवाचार और फिट के माध्यम से व्यक्तियों को आगे बढ़ते रहो के लिए ब्लैकबेरीज की प्रेरणा को प्रतिबिंबित करता है। यह सफल सहयोग खेल भावना और उपलब्धि के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण का प्रतीक है, जो टीम इंडिया को एशियाई पैरा खेलों में जीत के लिए प्रेरित करता है। चौथे एशियाई पैरा गेम्स में टीम इंडिया 17 खेलों में भाग लेगी। भारतीय दल तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, ब्लाइंड फुटबॉल, बोकिया, कैनो, शतरंज, साइकिलिंग, जूडो, लॉन बॉल, पावर लिफ्टिंग, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो और व्हीलचेयर फेंसिंग सहित कई श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा। इस दौरान श्री सत्यनारायण, अध्यक्ष पैरा एथलेटिक्स, श्री राहुल स्वामी, उप प्रमुख डे मिशन, श्री निखिल मोहन-सह-संस्थापक और ब्लैकबेरीज़ के निदेशक, श्री राजेश सेथुरमन उपाध्यक्ष-ब्लैकबेरीज़ आदि लोग मौजूद थे।

## भारत करेगा एशियाई आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत को 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। यह घोषणा वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान की गई थी। इस कांग्रेस में अध्यक्ष प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया वर्तमान में इस चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए भारत के विभिन्न शहरों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष झंगियानी ने कहा, हम 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम इसे लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट यह शीर्ष एथलीटों को प्रतिस्पर्धा करने और भारत में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, सभी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और वे क्या करने में सक्षम हैं, दिखाने का अवसर मिलेगा। यह देश भर के एथलीटों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे कि वे अपने देश के लिए गौरव लाने का काम कर सकें। हाल ही में संपन्न 44वीं विश्व आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 और 25वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। 24 अगस्त से 3 सितंबर तक अलमाटी (कजाकिस्तान) में आयोजित इस इवेंट में भारतीय दल ने 11 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य शामिल हैं।

## किदांबी श्रीकांत ने आर्कटिक ओपन के राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह



**वांटा** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में जर्मनी के मैक्स वीस्किरचेन के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद किदांबी श्रीकांत को विजेता घोषित किया गया। इसके साथ भारतीय शटलर राउंड ऑफ 16 में पहुंच गये है। फिनलैंड के वांटा में आयोजित वीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में जर्मनी के बैडमिंटन खिलाड़ी वीस्किरचेन ने जब चोट के कारण मैच छोड़ा उस समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत 11-6 से आगे चल रहे थे। भारतीय शटलर गुरुवार को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कांटा सुनेयामा होगा।

पुरुष एकल के एक अन्य मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 42 वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने 26 वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी शटलर टोमा जूनियर पोपोव को मात दी। भारतीय शटलर ने 73 मिनट तक चले मुकाबले में 24-22, 15-21, 21-15 से जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में जगह बनाई।

अगले राउंड में किरण जॉर्ज, चीन के लु गुआंग जू के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्हें प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त है।

हालांकि, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वेंग होंग यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मैच में 19-21, 14-21 से हारने के बाद प्रतियोगिता में मिथुन मंजूनाथ का सफर समाप्त हो गया। इस बीच, तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने जापान की रेना मिआउरा और अ य ा क ो साकुरामोटो की जोड़ी को राउंड ऑफ 32 मैच में हराकर अगले राउंड में जगह बना ली। भारतीय महिला जोड़ी ने 39 मिनट का समय लेकर जापानी जोड़ी को रोमांचक मुक़ाबले में 22-20, 21-19 से हराया। राउंड ऑफ 16 में तनीषा और अश्विनी का सामना फ्रांस की मार्गोट लैंबर्ट और एनी ट्रान से होगा। वहीं, मिश्रित युगल स्पर्धा में तनीषा क्रास्टो का सफर मंगलवार को समाप्त हो गया। दरअसल, साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को हिरोकी मिडोरीकावा और नात्सु सायतो की जापानी जोड़ी के ख़िलाफ़ 14-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल स्पर्धा में, रूतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी भी हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। पांडा सिस्टर्स को चीन के लिऊ शेंग शु और टैन निंग की जोड़ी ने 28 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 10-21 से हराया।

गुरुवार को महिला एकल के राउंड ऑफ 16 मैच में पीवी सिंधु का सामना विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू से होगा। दोनों खिलाड़ियों का सामना एशियाई खेल 2023 के राउंड ऑफ 32 में हुआ था, जहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी।

## सार संक्षेप

### बांग्लादेश के खिलाफ अपनी वापसी को लेकर केन विलियमसन ने जाहिर की खुशी

चेन्नई। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि वह एसीएल की चोट से उबरने के बाद शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप में अपने पहले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आईपीएल 2023 के शुरुआती मैच में फील्डिंग करते समय विलियमसन के दाहिने घुटने में एसीएल टूटने के बाद वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, जिसके बाद उनकी सर्जरी भी हुई। तब से वो टीम से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में न्यूजीलैंड के लिए वार्म-अप मैच खेला था और शानदार अर्धशतक भी जड़ा। मगर, वो वर्ल्ड कप में इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैचों में नहीं खेल पाए, लेकिन विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विलियमसन ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जहां तक मेरी रिकवरी की बात है तो यह काफी लंबी यात्रा रही है लेकिन काफी हद तक अच्छी रही है। मैंने कई बार कहा है कि विश्व कप टीम में नामित होने के लिए वास्तव में बहुत उत्साहित हूं।

### टेनिस सुपरस्टारों में से ओसाका की ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में वापसी की प्रबल संभावना

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन (एओ) के आयोजकों ने घोषणा की है कि 2024 की शुरुआत में कई सुपरस्टार मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका भी शामिल हैं। गुरुवार को एओ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मातृत्व अवकाश के बाद, एओ महिला एकल चैंपियन - ओसाका, एंजेलिक कर्बर और कैरोलिन वोज्नियाकी की तिकड़ी कोर्ट में विजयी वापसी की योजना बना रही है और संभावित रूप से नव स्थापित खिलाड़ियों को परेशान कर सकती है। ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने टिप्पणी की, हमें इन अद्भुत महिलाओं, नाओमी, एंजी और कैरोलिन का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में धूम मचाई और अपने एथलेटिकिज्म, लचीलेपन और अपनी खेल भावना से प्रशंसकों को प्रभावित किया।

## भारत शुरुआती फुटबॉल मैच में मलेशिया को चौंका सकता है : स्टिमैक

**कुआलालंपुर,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय फुटबॉल टीम पेस्टाबोला मर्डेका टूर्नामेंट के शुक्रवार को होने वाले शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान मलेशिया को चौंकाने का प्रयास करेगी।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कुआलालंपुर के बुकिट जलील स्टेडियम में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम पिछले कुछ महीनों में मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन के बारे में पता हैं। उनके पास एक अच्छा कोच और कुछ अद्भुत घरेलू खिलाड़ी हैं, जिन्हें स्वाभाविक खिलाड़ियों का बहुत अच्छा समर्थन प्राप्त है, इस समय टीम में काफी स्थिर है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने बताया कि मलेशिया ने इस वर्ष अब तक नौ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और जिनमें से छह में जीत, दो ड्रॉ रहे और एक हार का सामना करना पड़ा है।

भारतीय कोच स्टिमैच ने कहा, मेरा मानना है कि इससे पहले गेम में मलेशिया को फायदा होगा। जाहिर है वे अपने घरेलू मैदान पर हैं और उन्होंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हम यहां उनके खिलाफ कुछ आश्चर्यजनक करने के लिए आए हैं।

### सुडोकू 6345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DIMPEE SAINI W/O GURDEEP SINGH SAINI resident of H NO B-3/6 SECTOR 1 UDAYA SOCIETY TATIBANDH RAIPUR (C.G.) have changed my old name DIMPEE SAINI W/O GURDEEP SINGH SAINI so in future I should be recognized by my new name that is DIMPY SAINI W/O GURDEEP SINGH SAINI in all Government and other documents.

**DIMPY SAINI**
H NO B-3/6 SECTOR 1 UDAYA SOCIETY TATIBANDH RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NILOFER AFJAL JAVERI D/O AFJAL HARUN JAVERI resident of H NO- 175 WARD NO.4 , MASJID CHOWK KHAIRAGARH (M) RAJ-NANDGAON (C.G.) 491881 have changed my old name NILOFER AFJAL JAVERI D/O AFJAL HARUN JAVERI so in future I should be recognized by my new name that is MAHENUR MEMON W/O NADEEM MEMON in all Government and other documents.

**MAHENUR MEMON**
H NO- 175 WARD NO.4 , MASJID CHOWK KHAIRAGARH (M) RAJNANDGAON (C.G.) 491881

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJAY WADHWANI S/O BHAGWANDAS WADHWANI resident of A-8, CITY OF DREAMS BEHIND SHANTI SAROVAR KACHNA RAIPUR (C.G.) have changed my son old name VISHWAS WADHWANI S/O SANJAY WADHWANI so in future I should be recognized by my son new name that is VISHWAAS WADHWANI S/O SANJAY WADHWANI in all Government and other documents.

**SANJAY WADHWANI**
A-8, CITY OF DREAMS BEHIND SHANTI SAROVAR KACHNA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, POOJA SONI D/O YADRAM SONI resident of 216, WARD NO. 13, MAHASAMUND (C.G.) 493445 have changed my old name POOJA SONI D/O YADRAM SONI so in future I should be recognized by my new name that is JASPREET KAUR MAKKAD W/O JASMEET SINGH MAKKAD in all Government and other documents.

**JASPREET KAUR MAKKAD**
216, WARD NO. 13, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HARNEET GUMBER D/O AVTAR SINGH GUMBER resident of WARD NO. 13 , PANJABI PARA , MAHASAMUND (C.G.) 493445 have changed my old name HARNEET GUMBER D/O AVTAR SINGH GUMBER so in future I should be recognized by my new name that is HARNEET KAUR MAKKAD W/O MALKIT SINGH MAKKAD in all Government and other documents.

**HARNEET KAUR MAKKAD**
WARD NO. 13 , PANJABI PARA , MAHASAMUND (C.G.) 493445

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.90 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.50 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 0.51 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.09 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## एसडीजी की दिशा में प्रगति के लिए परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की अपनाने की जरूरत : सीतारमण

**माराकेच (मोरक्को)** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां कहा कि वर्तमान के चुनौतीपूर्ण समय में वसुधैव कुटुंबकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की सच्ची भावना के साथ 2030 के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर विकास समिति की 108वीं बैठक में विश्व बैंक के गवर्नर के रूप में भाग लिया। बैठक का एजेंडा था पृथ्वी पर गरीबी को समाप्त करना - विश्व बैंक के विकास पर गवर्नरों को रिपोर्ट। श्रीमती सीतारमण ने हस्तक्षेप करते मोरक्को और लीबिया में भूकंप और बाढ़ के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत मोरक्को और लीबिया के लोगों और अधिकारियों के साथ एकजुटता से खड़ा है क्योंकि वे इससे उबरने का प्रयास कर रहे हैं। इन आपदाओं का विनाशकारी प्रभाव होता है। एजेंडे पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि विकासात्मक प्रभाव को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से %बेहतर, बड़ा और अधिक प्रभावी% विश्व बैंक बनाने के जी20 देशों के



सामान्य लक्ष्य की दिशा में प्रगति उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि विश्व बैंक के विकास की दिशा बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) पारिस्थितिकी तंत्र में खाका तैयार करेगी।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत पृथ्वी पर गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के विश्व बैंक के नए दृष्टिकोण का समर्थन करता है। गरीबी को समाप्त करने और पृथ्वी पर साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के उसके नए मिशन का समर्थन करता है जो विश्व बैंक को गरीबी से लड़ने के लिए एक मजबूत जनादेश देता है। वैश्विक चुनौतियों का समाधान करें। वित्त मंत्री ने विश्व बैंक को अन्य एमडीबी के साथ जहां तक संभव हो प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं को सरेखित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया - इससे उन ग्राहक देशों को काफी लाभ होगा, जिन्हें कई एमडीबी से निपटना पड़ता है।

उन्होंने कहा हमारी बढ़ी हुई महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए बैंक की क्षमता बढ़ाने के लिए माराकेच से आगे और काम करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि संवर्धित डब्ल्यूबीजी देश सहभागिता मॉडल राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं में मजबूती से निहित है। इसके अलावा, सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांत के अनुरूप जलवायु कार्रवाई में संलग्न रहते हुए, हम विश्व बैंक को अनुकूलन वित्त के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में और अधिक महत्वाकांक्षी होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने को सक्षम करने के लिए एक उन्नत वन वर्ल्ड बैंक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। साथ ही वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को देखते हुए, हमें निजी पूंजी जुटाने की क्षमता के आकलन में यथार्थवादी होना चाहिए। उन्होंने कहा हम इस निष्कर्ष से पूरी तरह सहमत हैं कि विश्व बैंक के लिए नए, अतिरिक्त संसाधन जुटाकर ग्राहकों के लिए काफी कुछ किया जा सकता है।

## सितंबर में खुदरा महंगाई घटकर 5.02 प्रतिशत पर आई



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस वर्ष सितंबर महीने में सब्जियों और फलों के साथ ही ईंधन की कीमतों में कमी आने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 5.02 प्रतिशत पर आ गयी जबकि पिछले वर्ष सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत रही थी।

आज जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में खाद्य महंगाई 6.56 प्रतिशत पर रही है जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 8.60 प्रतिशत पर रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह 8.53 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष सितंबर में सब्जियों की महंगाई 198.3 पर रही जबकि अगस्त 2023 में यह 235.4 रही थी। इसी तरह से फलों की खुदरा महंगाई 177.8 पर रही जबकि अगस्त महीने में यह 179.8 पर रही थी। सरकार द्वारा रसोई सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी किये जाने से लोगों को काफी राहत मिली है क्योंकि खुदरा महंगाई में शामिल ईंधन एवं लाइट समूह की महंगाई सितंबर महीने में 179.3 पर आ गयी जबकि अगस्त 2023 में यह 186.5 पर रही थी।

हालांकि अगस्त की तुलना में अनाजों, मांस एवं मछली, अंडें, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, तेल एवं वसा , दाल एवं दलहन, चीनी एवं चीनी निर्मित उत्पाद, मसालें तथा गैर एल्कोहलिक ब्रेबरेज की कीमतों में कुछ बढोतरी देखी गयी है। इस दौरान विर्निमित उत्पादों की महंगाई में भी मामूली वृद्धि देखी गयी है।

## गंगाजल जीएसटी मुक्त : सीबीआईसी



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने आज स्पष्ट किया कि गंगाजल पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नहीं है और यह जीएसटी से मुक्त है।

इस संबंध में सीबीआईसी ने आज यहां एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि गंगाजल पूजा के लिए इस्तेमाल होता है और पूजा सामग्री को देश में जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। बोर्ड ने बताया कि पूजा सामग्री पर जीएसटी को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई 2017, और 3 जून, 2017 को अपनी बैठक में चर्चा की थी, जिसमें इन्हें छूट की श्रेणी में रखा गया था। ऐसे में जीएसटी की शुरुआत के साथ ही गंगाजल जीएसटी के दायरे से बाहर है। इसके साथ ही अन्य पूजन सामग्री भी जीएसटी के दायरे से बाहर है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट कर कहा था कि सरकार ने गंगाजल पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया है, जिसके बाद सीबीआईसी की ओर से यह स्पष्टीकरण आई है। पैकेज्ड पानी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है और गंगाजल भी बोतलों में ही बिकता है। ऐसे में इसे भी पैकेज्ड मान लिया जाता है।

## 70 लाख टेलीकॉम इकाइयों तक पहुंची नोकिया की चेन्नई फैक्ट्री

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। नोकिया ने बताया कि चेन्नई में उसकी फैक्ट्री ने 70 लाख दूरसंचार इकाइयों तक पहुंचकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

नोकिया की उपलब्धि सरकार की मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है जो कंपनियों को देश में उत्पादों के विकास और निर्माण के लिए प्रोत्साहित करती है। नोकिया की चेन्नई फैक्ट्री घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए 4जी, 5जी नेटवर्क सहित दूरसंचार बुनियादी ढांचे के उपकरणों का बड़े पैमाने पर निर्माता है। ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और ईएमएस मैनेजमेंट के प्रमुख तेमु टोइवियानेन ने एक बयान में कहा कि हमारी चेन्नई फैक्ट्री भारतीय प्रतिभा के कौशल और विशेषज्ञता का प्रमाण है।



भारत में सबसे पहले 5जी एनआर का निर्माण करने से लेकर अब 5जी के बड़े पैमाने पर एमआईएमओ उत्पादों और परिवहन नेटवर्क तत्वों का उत्पादन करने तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि नोकिया में हम दुनिया को भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए स्थिरता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह फैक्ट्री पवन और सौर ऊर्जा से संचालित होती है, जो हरित ऊर्जा खपत में 81 प्रतिशत तक योगदान करती है। 2025 तक इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

फैक्ट्री ने इस साल संचालन के पंद्रह साल पूरे कर लिए हैं और देश में दूरसंचार उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


फैक्ट्री 5जी न्यू रेडियो (5जी एनआर), 5जी मैसिव एमआईएमओ उत्पाद, 4जी/एलटीई रेडियो के साथ-साथ फाइबर ब्रॉडबैंड उपकरण आदि बनाती है। नोकिया अपने उत्पादन का लगभग 50 प्रतिशत निर्यात करता है। इसके अलावा, इसने 5जी उपकरण निर्माण को पिछले वर्षों की तुलना में दो गुना तक बढ़ा दिया है।

## टेक महिंद्रा और इंफोसिस में बिकवाली से बाजार फिसला

**मुंबई** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एसबीआई और एलटी समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 64.66 अंक उतरकर 66408.39 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 17.35 अंक फिसलकर 19794 अंक पर आ गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई लिवाली ने बाजार को और अधिक गिरने से बचाया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत चढ़कर 32,322.73 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत की तेजी लेकर 38,198.50 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3792 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2169 में लिवाली जबकि 1500 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई में कैपिटल गुड्स, रियल्टी, टेक और आईटी में 1.48 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 16 समूहों में तेजी रही। ऊर्जा 1.16, ऑटो 0.71, धातु 0.93 और तेल एवं गैस समूह में 1.40 प्रतिशत की बढ़त रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर




पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.80, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.75, हांगकांग का हैंगसेंग 1.93 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.94 प्रतिशत उछल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 92 अंक की बढ़त के साथ 66,564.57 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,577.60 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान हुई बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 66,339.42 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 66,473.05 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत फिसलकर 66,408.39 अंक पर आ गया।

निफ्टी भी 11 अंक बढ़कर 19,822.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,843.30 अंक के उच्चतम जबकि 19,772.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,811.35 अंक की तुलना में 0.09 प्रतिशत उतरकर 19,794.00 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.72, इंफोसिस 1.95, टीसीएस 1.88, एचसीएल टेक 1.74, बजाज फाइनेंस 1.03, विप्रो 1.01, नेस्ले इंडिया 0.57, कोटक बैंक 0.50, एसबीआई 0.36, भारती एयरटेल 0.27, एलटी 0.23, एक्सिस बैंक 0.16, एशियन पेंट 0.13 और बजाज फाइनेंस 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, मारुति 1.60, एनटीपीसी 1.36, एचडीएफसी बैंक 0.73, टाटा स्टील 0.72, टाटा मोटर्स 0.47, सन फार्मा 0.25, आईसीआईसीआई बैंक 0.18 और रिलायंस ने 0.16 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## इजरायल-हमास युद्ध विश्व अर्थव्यवस्था पर काला बादल : आईएमफ प्रमुख

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने गुरुवार को कहा कि इजरायल-हमास संघर्ष ने विश्व अर्थव्यवस्था के क्षितिज को अंधकारमय कर दिया है, जो पहले से ही कमजोर विकास के दौर से गुजर रही है।

जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ बहुत बारीकी से स्थिति पर नजर बनाए हुए है कि यह तेल बाजारों को कैसे प्रभावित कर रहा है। उन्होंने आईएमएफ और विश्व बैंक की मोरक्को में वार्षिक बैठक में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, साफ है कि यह विश्व अर्थव्यवस्था पर काला बादल है, और निश्चित रूप से इसकी जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में कुछ उतार-चढ़ाव और बाजारों में प्रतिक्रियाएं हुई हैं, लेकिन आर्थिक प्रभाव की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम गंभीर झटके झेल रहे हैं जो अब कमजोर विकास और आर्थिक



विखंडन से कमजोर दुनिया के लिए सामान्य बात है। आईएमएफ ने इस वर्ष के लिए वैश्विक वृद्धि का अनुमान 3 प्रतिशत रखा है, लेकिन 2024 के लिए इसे घटाकर 2.9 प्रतिशत कर दिया है।

फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा गाजा से इजरायल पर किए गए हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और तेल बाजारों में हलचल मच गई है। आशंका पैदा हो गई कि यह अमेरिका और ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक संघर्ष में फैल जाएगा जो मध्य पूर्व में तेल शिपमेंट को बाधित कर सकता है।

## सार संक्षेप

### टेस्ला पावर इंडिया का थाइहुआवेई बैटरी कंपनी के साथ गठबंधन

**नई दिल्ली।** टेस्ला पावर इंडिया ने मोटरसाइकिलों के लिए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी निर्माण को गति देने के उद्देश्य से थाईलैंड की कंपनी थाईहुआवेई बैटरी कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक गठबंधन करने की घोषणा की है। इस सहयोग के प्रमुख लाभों में से एक चीन से बैटरी सोर्सिंग की तुलना में थाईलैंड से शून्य-आयात शुल्क के कारण लागत में महत्वपूर्ण कमी है। टेस्ला पावर इंडिया का थाईलैंड से आयात करने का रणनीतिक निर्णय सामर्थ्य बढ़ाने और दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच यह साझेदारी व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के साझा लक्ष्य के अनुरूप है। मोटरसाइकिल बैटरी पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ, इस सहयोग का उद्देश्य भारतीय बाजार में बेहतर तकनीक और सामर्थ्य लाना है। टेस्ला पावर इंडिया के प्रबंध निदेशक कविंदर खुराना ने कहा भारत में हर महीने लगभग एक करोड़ मोटरसाइकिल बैटरियां बदली जाती हैं। यदि हमारी नवीन तकनीक का उपयोग करके मोटरसाइकिल बैटरी का जीवनकाल बढ़ाया जा सकता है, तो इससे भारतीय उपभोक्ताओं की लागत बच जाएगी। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन की विशेषताओं में मोटरसाइकिल बैटरी के लिए मानार्थ एफआरसी, भारत में भविष्य की विनिर्माण सुविधा, व्यापक उपलब्धता शामिल है।

### कैम्पस एक्टिववेयर बनी नवीनतम बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने वाली पहली फुटवेयर कंपनी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेज़र फुटवेयर ब्रांडों में से एक, कैंपस एक्टिववेयर लिमिटेड ने बीआईएस से लाइसेंस प्राप्त करने वाली पहली राष्ट्रीय जूता विनिर्माता बनने की उपलब्धि की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि, उच्च गुणवत्ता वाले जूते बनाने और ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की प्रतीक है। यह उपलब्धि पूरी तरह से 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप है, जो देश के भीतर, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण और उत्पादन को प्रोत्साहित करता है। कैंपस एक्टिववेयर, सख्त बीआईएस गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करने वाले जूते का उत्पादन कर, अपने ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराती है और वैश्विक गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हुए स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के 'मेक इन इंडिया' मिशन में योगदान देती है। ब्रांड का उत्कृष्टता के प्रति समर्पण, एक ज़िम्मेदार इकाई के रूप में इसकी स्थिति को मज़बूत करता है जो नवोन्मेष और ग्राहक को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के विचार पर केंद्रित है।

### स्कोडा ने विशेष कीमतों व नई खूबियों के साथ लाँच किए वाहन

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर अपने वाहनों की विशेष कीमतों की घोषणा के साथ ही नई खूबियों के साथ वाहन लाँच किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि त्योहारों के दौरान कंपनी कई सौगात लेकर आ रही है। कंपनी व्यापक पोर्टफोलियो के साथ ही, त्योहारों की अवधि में आकर्षक कीमतों, कारों में कई नई खूबियों की पेशकश करेगी। इतना ही नही, स्कोडा ऑल-न्यू स्लाविया मैट एडिशन भी लॉन्च की गयी है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट की तेजी लेकर 3600 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट लेकर 52.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## स्टील, सीमेंट उद्योग को नेट-जीरो लक्ष्य पाने के लिए 47 लाख करोड़ रुपए की जरूरत होगी : सीईईडब्ल्यू

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्टील और सीमेंट संयंत्र को नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य पाने के लिए 47 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की जरूरत होगी।

ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) की ओर से जारी हुए दो अध्ययनों इवैल्युएटिंग नेट-जीरो फॉर द इंडियन स्टील इंडस्ट्री और इवैल्युएटिंग नेट-जीरो फॉर द इंडियन सीमेंट इंडस्ट्री से यह जानकारी सामने आयी है। स्टील और सीमेंट उत्पादन में भारत पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर है। इन दोनों उद्योगों में बहुत ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है। इन उद्योगों को कार्बन मुक्त करने (डीकार्बोनाइजिंग) की लागत का आकलन करने वाला यह अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें इसके अनुसार स्टील और सीमेंट क्षेत्रों को नेट-जीरो की दिशा में बढ़ने के लिए सालाना एक लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिचालन खर्च (ओपेक्स) की जरूरत होगी। मार्जिनल अबेटमेंट कास्ट (मैक) से पता चलता है कि किसी क्षेत्र से एक टन कार्बन डाई-ऑक्साइड



उत्सर्जन घटाने के लिए कितना निवेश करना होगा। मैक कर्व से उपलब्ध तकनीकों के साथ-साथ उनकी कार्बन उत्सर्जन घटाने की क्षमता और निवेश के संबंधों की जानकारी मिलती है।

एकीकृत ऊर्जा बीपी कंपनी से वित्त पोषित सीईईडब्ल्यू का अध्ययन यह भी बताता है कि वेस्ट-हीट रिकवरी (व्यर्थ होने वाले ताप को दोबारा प्राप्त करना) और ऊर्जा कुशल ड्राइव एवं कंट्रोल जैसी कुशल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से लागत को बढ़ाये बगैर स्टील उद्योग से आठ से लेकर 25 प्रतिशत तक और सीमेंट उद्योग से 32 प्रतिशत तक कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकता है। इसके अलावा केवल 8.5 प्रतिशत अतिरिक्त कैपेक्स और 30 फीसदी अतिरिक्त वार्षिक ओपेक्स से स्टील और सीमेंट दोनों उद्योगों में संयुक्त रूप से 33 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकता है। यह कटौती कार्बन कैप्चर तकनीक और वैकल्पिक ईंधन एवं कच्चे माल की आपूर्ति के बिना की जा सकती है।

सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अरुणाभा घोष ने कहा, भारत के स्टील और सीमेंट उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने से न केवल इससे जुड़े जलवायु लक्ष्यों को पाने, बल्कि उद्योगों को ऐसे विश्व में बाजार प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी, जहां सततशीलता से जुड़े नियम लगातार सख्त हो रहे हैं। ऐसे अध्ययन नीतियों के लिए जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। ये औद्योगिक गतिविधियों को सीमित किए बगैर कार्बन उत्सर्जन घटाते हुए भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों की दिशा में व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

# अवैध नशीले सीरप के साथ शहर के कारोबारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज शहर में अवैध नशीली दवाईयों के तस्करी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विदित हो कि विगत कुछ समय पूर्व से लगातार थाना सिटी कोतवाली को सूचना मिल रही थी, कि शहर में कुछ गिरोह के द्वारा भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाईयों का व्यापार किया जा रहा है। सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था।

उक्त टीमों के द्वारा शहर के मध्य स्केटिंग ग्राउण्ड के पीछे अंधेले झाड़ियों के जगह पर संदिग्ध रूप से अवैध गतिविधी करने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पांच संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया जो पुलिस को देख भाग रहे थे। भागने का कारण तथा नाम पता पुछने पर अपना नाम-अनिश जैन, फिरोज खान, सामयक नाहटा, जयेश हकानी एवं विकास यादव सभी निवासी जगदलपुर का होना बताये तथा प्रतिबंधित कोडिनयुक्त नशीली सीरप को शहर में सप्लाई करने के उद्देश्य से उपस्थित होना तथा पास के झाड़ियों के बीच में कुछ समान रखे है पुछने पर आठ नग कार्टुन में अवैध नशीली दवाई होना बताये जिस पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत् विधिवत् कार्यवाही करते हुये तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध कोडिनयुक्त नशीली दवाई कुल 837 नग सिरप, 83700 एम. एल. कीमती 156595 रूपये एवं 2 नग मोटर सायकल मिला। जिस संबंध में संदेहियों से पुछताछ पर सभी ने बताये कि अनिश जैन, फिरोज खान, सामयक नाहटा, जयेश हकानी, विकास यादव, मुकेश ध्रुव उर्फ मूसा एवं विकास कष्यप उर्फ गुरूजी के साथ मिलकर सीरफ बेचने का काम करते है जिसमें दो कार्टुन को बिक्री कर 50,000 रूपये को आपस में बांटना बताये है। मौके पर प्रतिबंधित एन.डी.पी.एस. पदार्थ कोडिन संगठन युक्त सीरफ को आरोपियों के संयुक्त कब्जे से बरामद किय गया तथा मौके पर विधिवत् जप्त कर सीलबंद किया गया। प्रकरण में कार्यवाही दौरान आरोपी अनिश जैन के कब्जे से एक मोबाईल व नगदी रकम 26600 रूपये, फिरोज खान से एक मोबाईल व नगदी रकम 6250 रूपये, सामयक नाहटा से एक मोबाईल व नगदी रकम 6200 रूपये, जयेश हकानी से एक मोबाईल व नगदी रकम 6300 रूपये, विकास यादव से एक मोबाईल व नगदी रकम 6400 रूपये कुल बिक्री रकम लगभग 50,000 रूपये को जप्त किया गया तथा आरोपीगण का कृत्य धारा 21 (ग) एन.डी पी.एस. एक्ट का पाये जाने से आरोपीगण को विधिवत् गिरफ्तार कर, मामले में विवेचना अपूर्ण होने व मामला अजमानतीय होने से आज आरोपीगण को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया। प्रकरण में आरोपी मुकेश ध्रुव उर्फ मूसा, विकास कश्यप उर्फ गुरूजी तथा निक्की जैन फरार है, जिनकी पुलिस पता तलाश कर रही है, प्रकरण में विवेचना जारी है।



# बीजापुर के नक्सली ने दंतेवाड़ा में किया समर्पण

**दंतेवाड़ा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सलियों की घर वापसी के लिए चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 1 लाख के ईनामी नक्सली ने आत्म समर्पण किया। इस आत्म समर्पण में आईजी बस्तर सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया तथा एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 166 ईनामी सहित कुल 649 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना स्वीकार किया है।




- समर्पित नक्सली पर 1 लाख का ईनाम
- लोन वर्राटू अभियान के तहत समाज की मुख्यधारा में शामिल

प्रदेश शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली राकेश कड़ियामी ने समर्पण किया। यह भैरमगढ़ एरिया कमेटी के पिट्टेपाल पंचायत सीएनएम अध्यक्ष था। यह कोंडापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर का रहने वाला है। आत्म समर्पण के दौरान उप कमाण्डेंट सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज (आसूचना शाखा)सत्य नारायण तंवर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा रामकुमार बर्मन भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदान किये जायेंगे।

# रेहटी खोल चेकपोस्ट पर 3 लाख 87 हजार जप्त

- आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही महासमुन्द पुलिस की सख्ती बढी
- अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल बेरियर पर चेकिंग हुआ तेज



**सरायपाली** 12 अक्टूबर( देशबंधु)। अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एन एच 53 ग्राम रेहटीखोल संदिग्ध वाहनो की जाँच की जा रही थी कि उडिसा की ओर से आ रही संदिग्ध वाहन मारूती सुजुकी वेगनआर कार क्रमांक सी जी 04 एन एल 7748 को रोककर चेक किया वाहन में तीन व्यक्ति मिले जिन्हे पूछताछ करने पर अपना नाम 01- चंदूराम साहू पिता धनसिंह साहू (43)बसनी पोस्ट मटका थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग. हॉल ग्राम टेमरी पोस्ट माना थाना माना जिला रायपुर छ.ग. 02- निसार अली पिता सैय्यद हुसैन ( 53) छोटा मस्जिद के पीछे नयापारा रायपुर थाना गोलबाजार जिला रायपुर छ.ग. 03- गज्जू साहू पिता जवाहरलाल साहू ( 25 )डूमरतराई थाना माना जिला रायपुर छ.ग. बैठे मिले जिन्हें पूछताछ करने पर बीच सीट मे रखे हुए काले रंग के बैग के अंदर से 500, 200 एवं 100रूपये के भारतीय करंसी नोट कुल 387000 रूपये होना पाया गया उक्त नगदी रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु धारा 91 जा.फौ. का नोटिस दिया गया जिनके द्वारा उक्त रूपये के संबंध में कागजी दस्तावेज नही होना बताया जिस पर गवाहो के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष नगद राशि 387000 रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन कीमती तीन लाखरूपये। कुल 687000 रूपये को समक्ष गवाह के जप्त कर धारा 102जा.फौ. के तहत कार्यवाही किया गया है।

जप्त संपत्ति - 01- 500, 200 एवं 100रूपये के भारतीय करंसी नोट कुल 387000 रूपये 02- एक मारूती सुजुकी वेगनआर कार कीमत 3 लाख रुपये रूपये। कुल जूमला कीमती 687000 रूपये।

सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु0अधिकारी (पुलिस) सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में थाना सिंघोडा प्रभारी निरीक्षक उमेश वर्मा, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक नसीम उद्दीन खान, प्र.आर. प्रशांत सागर, आर. हेमन्त नायक, संदीप भोई, सुशांत बेहरा, जैकी प्रधान, बिरेन्द्र कर, वीरेन्द्र बाघ, जीवर्धन बरिहा, रोहित सिदार, धर्मेन्द्र साहू, कृष्णकुमार यादव, जितेन्द्र आदिले , राजकुमार यादव के द्वारा की गई है।

# कांग्रेस एवं भाजपा से प्रत्याशी घोषित नहीं होने से कसडोल क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य शांत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के चुनाव तारीखों का ऐलान करते ही सभी संबंधित राज्यों में आचार संहिता लागू हो चुका है लेकिन सत्ताधारी दल कांग्रेस एवं प्रमुख विपक्षी दल भाजपा द्वारा अब तक कसडोल विधानसभा से प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं किए जाने से क्षेत्र का राजनैतिक परिदृश्य अभी भी धुंधला नजर आ रहा है। आगामी एक दो दिनों में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद क्षेत्र में राजनैतिक सरगर्मियां बढ़ने लगेगी।



- दोनो पार्टी में है दावेदारो की लम्बी लाईन

राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा देश के पाँच राज्यों में चुनाव तारीखों के ऐलान करते ही इन राज्यों में चुनावी बिगुल बज चुका है हालांकि राज्य में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा द्वारा 2 सूची जारी कर दिया है लेकिन अभी भी 5 सीटों पर संसय बना हुआ है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विधानसभा कसडोल का नाम शामिल है। इधर सत्तारूढ़ कांग्रेस के द्वारा अब तक प्रत्याशियों की सूची जारी किए जाने से क्षेत्र के राजनैतिक परिदृश्य में अभी धुंध छाया हुआ है। भाजपा की ओर से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल का नाम ही चर्चाओं में है और वे क्षेत्र की लगातार दौरा कर जनसम्पर्क में लगे हुए भी हैं। एक हिसाब से देखा जाए तो वे पिछले 5 साल से क्षेत्रीय दौरा चुनाव प्रचार की तरह कर रहे हैं। क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को देखते हुए भी माना जा रहा है कि किसी भी सूरत में इस बार पुन: चुनाव लड़ने के इच्छुक है।

वही इधर भाजपा से साहू बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू एवं साहू समाज के तहसील अध्यक्ष एंव युवा सक्रिय चेहरा महेंद्र मोनू साहू, नगर पंचायत पलारी के युवा एवं सक्रिय अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. अजय राव, लक्ष्मी साहू सहित पिछड़ावर्ग के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा, भुनेश्वरी वर्मा सहित किसान मोर्चा भाजपा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी का नाम भी सामने आया है। पिछले 5 साल से सत्ता का वनवास झेल रही भाजपा पार्टी इस बार के चुनाव में किसी भी सूरत में सत्ता हासिल करने के फिराक में है इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अलग अलग स्तर पर विधानसभावार सर्वेक्षण में कराए हैं तथा इस बार जीतने योग्य उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारने के मूड में है।

इसी प्रकार कसडोल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की ओर से मौजूदा विधायक सुश्री शकुंतला साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, तेलघानी बोर्ड के सदस्य रोहित साहू, कांग्रेस महामंत्री गोपी साहू, जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू सहित अन्य नाम प्रमुख है, जिसमे झीरम घाटी हमले में घायल हुए तेजतर्रार किसान नेता सुरेन्द्र शर्मा का भी नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। कांग्रेस एवं भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं होने से अभी क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल शांत नजर आ रहा है दोनों ही प्रमुख दलों के प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लगेगी।

# खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा ट्रेक्टरों पर की जा रही कार्रवाई

- गरीबों के आवास निर्माण पर बन रहा बाधक
- अवैध रेत माफियाओ पर तो विभाग की नहीं चलती



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समूचे देश में तीव्र गति से गरीबों के लिए मकान बनाने का काम चल रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ की बात की जाय तो यहाँ केवल नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना का काम चल रहा था किन्तु सामने विधानसभा चुनाव को दृष्टि गत रखते हुए भूपेश बघेल सरकार ने नाम बदल कर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आनन फानन में कुछ लोगों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भी डाल दी है। इससे जोर शोर से निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। किन्तु खनिज एवं पुलिस विभाग ट्रेक्टरों पर कार्रवाई कर गरीबों के बनने वाले मकानों को बाधा पहुंचा रहे हैं। क्योंकि पहले जैसा बैलगाड़ी या भैंसा गाड़ा का चलन वर्तमान में न होने से सामग्री लाने ले जाने का एक मात्र साधन ट्रेक्टर ही है। उसपर कार्रवाई कर खनिज एवं पुलिस विभाग गरीबों के आवास निर्माण पर बाधक ही तो बन रहे हैं। अवैध रेत माफिआओ पर तो उनकी चलती नहीं, रेत से भरी हाइवा वाहनों पर कार्रवाई न कर सिर्फ खाना पूर्ति के लिए ट्रेक्टर वालों को परेशान करने या रकम वसूली के लिए इस तरह की कार्रवाई कर गरीबों का नुकसान कर रही है। चुनाव आचार सहिंता लगने के बाद अभी अभी खनिज विभाग द्वारा 13 ट्रेक्टरों को पकड़ कर लवन पुलिस थाना में खड़ा कर दिया गया है तथा उनपर कार्रवाई भी की जा रही है। इससे ट्रेक्टर मालिकों में दहसत का माहौल है। भला ऐसे गरीबों के पक्का मकान का सपना कैसे पूरा होगा यह विचार करने वाली बात है।

ट्रेक्टरों पर कार्रवाई के सम्बन्ध में जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में आवास बन रहा है उसकी जानकारी पंचायत प्रस्ताव कर कलेक्टर महोदय या हमारे पास भेजें, अभी तक ऐसी जानकारी हमारे पास नहीं आई है। आवास के आड़ में अवैध खुदाई या परिवहन पर कार्रवाई होगी-**कुंदन बंजारे जिला खनिज अधिकारी बलौदाबाजार।**

# जिले की तीनों सीटों से लड़ेगी हमर राज पार्टी: अरविंद नेताम



**कुरूद,** 12 अक्टूबर (देशबंधु)। भाजपा और कांग्रेस की सरकारे सर्व आदिवासी समाज की मांगों को कभी पूरी नहीं की.यह सरकारे कभी ध्यान ही नहीं दिया.इसलिए सर्व आदिवासी समाज को राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव मैदान में उतरना पड़ा है. हमने अपनी 23 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हड़ताल किया है लेकिन कभी हथियार नहीं उठाये. आज हमारा समाज मजबूर है और हमर राज पार्टी के वेनर तले चुनावी मैदान में अपना 40 50 प्रत्याशी उतारेगा.

उपरोक्त बातें हमर राज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम और कार्यकारी अध्यक्ष बी. एस. रावटे ने कुरूद नगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज रुढ़ी जन्य परंपरा पर आधारित है और जल जंगल जमीन जीवन का आधार है और इसे ही अपना चुनावी मुद्दा मानकर लड़ेंगे. साथ ही बेरोजगारी शिक्षा और अन्य आदिवासी हितों की रक्षा को लेकर जनता के समक्ष जाएंगे. पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि समाज के 29 विधायक हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जबकि यह मांग पत्र में हस्ताक्षर भी किए हैं. कांग्रेस सरकार ने आज तक बातचीत के लिए हमें बुलाया तक नहीं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में कोई भी कंपनी कारखाना स्थापित करना चाहती है तो पहले उसे पेसा कानून और आदिवासी समाज के हक अधिकारों के संवैधानिक मापदंड को मानना पड़ेगा. आज सरकार हमारे संवैधानिक हक और बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है. इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज के धमतरी जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई सहित सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाखरा में कबाड़ से जुगाड़ गणित विज्ञान मॉडल बाल मेला सामान्य ज्ञान का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव** 12 अक्टूबर (देषबन्धु)। बच्चों के सर्वांगीण चहुंमुखी विकास के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान की भी आवश्यकता होती है, जिसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एक शिक्षक की होती है। इसी तारतम्य में बच्चों की बुद्धिलब्धि और विज्ञान गणित की अवधारणाओं को जानने समझने के लिए उन्हें संकुल स्तर पर एक मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल केंद्र बाखरा/राजागांव, विकास खंड व जिला कोंडागांव में संयुक्त रूप से कबाड़ से जुगाड़ गणित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, बाल मेला, सामान्य ज्ञान का आयोजन किया गया। गणित को खेल-खेल में सीखने समझने के लिए अलग-अलग तरह के मॉडल बनाए गए थे एवं विज्ञान में मानव श्वसन तंत्र, वर्किंग किडनी मॉडल, चंद्रयान-03, बालवाड़ी सुग्घर-पढ़वैया योजना, मात्राओं का ज्ञान, अंकों का ज्ञान, जोड़-घटाव की अवधारणा, मौसम चक्र ऋतुओं की जानकारी, पर्यायवाची शब्द, जल संरक्षण, मौसम विज्ञान आदि मॉडल प्रदर्शनी में लगाए गए थे। कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में माध्यमिक स्तर से प्रथम उ.प्रा.शाला बाखरा, द्वितीय उ.प्रा.शाला कुकाड़ गारकापाल एवं उ.प्रा.शाला राजागांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर से प्रथम प्राथ.शाला हरदीपारा, द्वितीय प्राथ.शाला नयापारा एवं प्राथ.शाला राजागांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शालाओं को ट्रॉफी मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। सामान्य ज्ञान माध्यमिक स्तर से प्रथम उ.प्रा.शाला कुकाड़ गारका पाल, द्वितीय उ.प्रा.शाला राजागांव एवं उ.प्रा.शाला बाखरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर में प्रथम प्राथ.शाला कुकाड़ गारकापाल, द्वितीय प्राथ.शाला नयापारा एवं प्राथ.शाला हरदीपारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शालाओं को ट्रॉफी मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। संकुल की शालाओं में नवीन शिक्षक भर्ती के तहत् आए नए





शिक्षकों का स्वागत किया गया, जिसमें चुमेन ध्रुव सहा.शिक्षक प्रा.शा.कुकाड़ गारकापाल, दीपिका सिदार सहा.शिक्षक प्रा.शा.नयापारा कुकाड़, कैलाश पोयाम सहा.शिक्षक प्रा.शाला डोंगरीपारा, देवेश्री नाग सहायक शिक्षक प्रा.शाला मड़ईभाटा, कुनाल रामटेके शिक्षक उच्च प्रा.शाला बाखरा, रिक्की सोनकर शिक्षक उच्च प्रा.शाला राजागांव, दुलार प्रसाद साहू उच्च प्रा.शाला राजागांव में नवपदस्थ हुए हैं। उपरोक्त सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को डायरी, पेन एवं गुलदस्ता देकर आयोजित कार्यक्रम में ही स्वागत किया गया एवं संकुल के शालाओं से पदोन्नत होकर अन्यत्र संकुल में गए शिक्षकों को विदाई सम्मान दिया गया, जिसमें नरेंद्र मार्कण्डे सहायक शिक्षक से प्राथ.प्रधान पाठक, रोशनलाल दुग्गा सहा.शिक्षक से शिक्षक, चंद्रभान शोरी सहा.शिक्षक से प्रधान पाठक पदपर पदोन्नत हुए हैं, जिन्हें षॉल, डायरी, पेन, श्रीफल एवं स्मृति मोमेंटो देकर सम्मानपुर्वक विदाई दिया गया। टी.आर.नेताम प्रधान अध्यापक उ.प्रा.शाला राजागांव को उनके सेवानिवृत्त होने पर साल-डायरी-पेन-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह मोमेंटो देकर विदाई सम्मान दिया गया। तदोपरांत विश्व बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, पालकों एवं ग्रामीणजनों द्वारा बालिका शिक्षा एवं नारी शक्ति की एकता के लिए सामूहिक शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर संकुल के शालाओं के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। सभी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। अतिथि स्वरूप शिक्षकों सतीश जनगाम शिक्षक उच्च प्रा.शाला कदमपारा, अशोक भारती शिक्षक उच्च प्रा.शाला बकोदागुड़ा जिन्होंने सामान्य ज्ञान एवं कबाड़ से जगाड़ मॉडल में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम में पुष्पराज सिंह संकुल प्रभारी प्राचार्य बाखरा, राजूराम दीवान संकुल समन्वयक बाखरा, नरेंद्र जैन संकुल समन्वयक राजागांव, सुबस कश्यप शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष हाई स्कूल बाखरा, बलराम पोयाम, दीना नेताम शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रा.शाला डोंगरीपारा, संकुल के समस्त शालाओं में पदस्थ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रतिभागी एवं अध्ययनरत बच्चे, कर्मचारी, रसोईया, स्वीपर, पालक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**NECC**

| 13.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.15 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

**पापा**- आज तक तूने कोई ऐसा काम किया जिस से मेरा सर ऊँचा हुआ हो?
**बेटा**- एक बार आपके सर के नीचे तकिया लगाया था, भूल गए आप?

संपादकीय

## जानलेवा स्टंट से बचें युवा

युवाओं में बाइक पर स्टंट करने का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है जो खतरनाक है। यह खुद की जान के लिये खतरा तो है ही, अन्य लोगों के लिये भी जिंदगी भर की परेशानी का सबब बन सकता है। मंगलवार की रात को यातायात पुलिस ने एक मोटर साइकल पर सवार 7 नाबालिगों को स्टंट करते हुए पकड़ा जो आश्रम से आमापारा की ओर जा रहे थे। ये सारे एक-दूसरे को खतरनाक ढंग से पकड़े हुए थे और बाइक चालक बहुत ज्यादा गति से चला रहा था। पुलिस ने इस बाइक के मालिक अभिभावक को बुलवाकर माफी मंगवाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

आजकल अधिक गति से दौड़ने वाली मोटर साइकलें युवाओं को आकर्षित करती हैं। ऐसे ही, विचित्र आवाजें करतीं मोटर साइकलों को भी तेज गति से चलाने का उनका शौक होता है। अक्सर ऐसे बच्चे शहर की खाली सड़कों या बाहरी मार्गों पर स्टंट करते हुए दिखते हैं। रायपुर की बात करें तो नवा रायपुर के रास्तों पर हर रात ऐसे युवा दिख जायेंगे। इनमें ज्यादातर नाबालिग होते हैं। स्वाभाविक है कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होते। ऐसे लोग या तो खुद को घायल करते हैं या फिर किसी अन्य को मौत के मुंह में ढकेलते हैं या उन्हें ज़ख्मी अथवा अपाहिज बनाते हैं। चूंकि उन पर मामला बनता नहीं और अक्सर विनय-अनुनय करके वे छूट भी जाते हैं, तो उनका हौसला बढ़ता है। पुलिस वाले उनकी कच्ची उम्र व कैरियर को ध्यान में रखते हुए मामला दर्ज नहीं करते जिसका वे फायदा उठाते हैं। पालकों व अभिभावकों को बच्चों की इन करतूतों का खामियाजा भरना पड़ता है। जैसा कि इसी मामले में हुआ, परिजनों को भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ा और अपमानित होकर माफी भी मांगनी पड़ी। बच्चों की जान को इस स्टंट से कितना बड़ा खतरा था यह भी उन्हें खुद ही सोचना चाहिये। एक बाइक पर 7 लोग सवार होकर वे अपनी जान के साथ तो खिलवाड़ कर ही रहे थे, राह चलतों की जान को भी खतरे में डाल रहे थे।

इस बाबत युवाओं को जानकारी व समझाइश दिये जाने की सख्त जरूरत है। शिक्षक एवं अभिभावक इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यातायात पुलिस तो अपनी तरफ से काफी कोशिशें करती है लेकिन कम उम्र या नाबालिग होने के कारण वे ज्यादा सख्त नहीं हो पाते। इसलिये अभिभावकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों को अपने वाहन बिलकुल न दें। वे तेज गति चलाने और स्टंटबाजी के खतरों से उन्हें अवगत कराएं। वे खुद भी संयमित तरीके से वाहन चलाएं तथा बच्चों को भी निर्धारित सीमा में चलाने और लाइसेंस पाने के बाद यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना सिखाएं। तभी वे सुरक्षित जीवन जी सकेंगे।

# विशेष चुनौती के साथ मतदान कार्य को संपादित करना महत्वपूर्ण : कलेक्टर






**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विशेष चुनौती के साथ मतदान कार्य को संपादित करना भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को मिली दायित्वों का शिद्दत से निर्वहन करना है। कलेक्टर गुरुवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में दिव्यांग मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी रिटर्निंग अधिकारी और प्रशिक्षणार्थि उपस्थित थे।

**संगवारी और दिव्यांग मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण**

**संगवारी मतदान केंद्रों के महिला अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण:** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले में संगवारी मतदान केंद्रों को जिन्हें पूरा महिला मतदान अधिकारियों के माध्यम से संचालित की जाने वाली है। इसके लिए लगभग 150 महिला अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। सीईओ जिला पंचायत और नोडल स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे ने महिला अधिकारियों को मतदान कार्य के लिए दिए जा प्रशिक्षण को अच्छे से जानकारी लेने कहा। साथ ही मतदान में उपयोग होने वाली मशीन का संचालन के सभी बारीकी को समझने कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा भी उपस्थित थे। विदित हो कि छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र और दिव्यांग अधिकारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र तीनों विधानसभा क्षेत्र में एक-एक केंद्र बनाया जाएगा। इसके अलावा एक-एक युवा मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र तथा किन्ही 5-5 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र का स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### मतदान करने के लिया गया शपथ

विद्या ज्योति स्कूल में मतदान दलों के प्रशिक्षण के उपरांत सीईओ जिला पंचायत श्री सर्वे ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई।

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर में गांजा जब्त



**सुकमा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आमचुनाव को दृष्टिगत रखते जिले में नाकाबंदी पॉइंट लगाकर आने जाने वाली सभी गाड़ियों को चेक किया जा रहा है। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में है। बॉर्डर से लेकर शहरी क्षेत्र में कई चेक पॉइंट बनाए गया है, जिसमें हर आने वाली खास तौप पर बाहरी जिलों की गाड़ियो की जांच बारीकी से की जा रही है। गाड़ियों को गठित टीम एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा चेक कर रहे हैं इसके अलावा दस्तावेजों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों तथा अपराधियों पर निगरानी रखते हुए, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर हरिस. एस ने दिए है। साथ ही जिले के सभी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा आदि गतिविधि पाए जाने पर अधिनियम अंतर्गत अधिक से अधिक जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। जिले से किसी भी प्रकार की कोई अवैध सामग्री का आवागमन ना कर सके इसके लिए गठित टीम द्वारा निरंतर गाड़ियों की सघन जांच किया जा रहा है।

**जिले में वाहनों की हो रही सघन चेकिंग**

**चेकिंग के दौरान बार्डर में जप्त किया गांजा:** थाना प्रभारी सुकमा शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि विधानसभा आमचुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में चल रहे सघन चेकिंग के दौरान छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर, झापरा नाका के पास पुलिस ने 2.48 किलोग्राम में गांजा जप्त किया गया है। गांजा जप्त कर पुलिस द्वारा आवश्यक करवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में आचार संहिता प्रभावशील है इसे लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंध व्यवस्था की हुई है। जिले की पासिंग वाहनों से लेकर बाहरी राज्य से आने वाली गाड़ियां जो कि जिले में प्रवेश करने के दौरान कई बार चेक हो रही है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मशाल रैली एवं रंगोली कार्यक्रम




**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान में अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस विकासखण्ड जगदलपुर के ग्राम पंचायत उपनपाल, धनियालुर एवं धनपुंजी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मशाल रैली, मताधिकार का उपयोग करने की शपथ एवं रंगोली कार्यक्रम इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान युवोदय स्वयंसेवकों सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा युवा मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# निर्वाचन के कार्यों को समय-सीमा में संपादित करें नोडल अधिकारी : कलेक्टर



**सुकमा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, स्वीप नोडल अधिकारी, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टल पेपर, एमसीएमसी, परिवहन, नामांकन, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर हरिस. एस ने ली समीक्षा बैठक**

सुकमा जिले में विधानसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के निर्देश देते हुए सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम-निर्देशन के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन व्यवस्था, वीडियोग्राफी फोटोग्राफी करने, मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को लाने ले जाने, डाक मत पत्र सेवा निर्वाचकों व मतदान कर्मियों को समय सीमा में प्रशिक्षण देने, निर्वाचन से संबंधित कार्य के लिए ड्यूटी लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का रेंडमाइजेशन करने, वीवीपैट के अभिलेखों का संधारण करने, मतदान दलों को प्रशिक्षण देने, मतदान सामग्री वितरण करने, प्रशिक्षण देने की जानकारी दी। कलेक्टर ने मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति को सुचारू संचालन व सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक की लाइजिनिंग ड्यूटी लगाने संबंधी भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए लगातार रात्रिकाल में वरिष्ठ अधिकारी कर रहें दौरा



**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन की अवधि के दौरान जिले में आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए लगातार रात्रि काल में कलेक्टर विजय दयाराम के. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा जाँच नाकों का दौराकर एसएसटी के कार्यों का निरीक्षण कर रहे है। बुधवार की रात कलेक्टर और एसएसपी ने बस्तर थाना, फरसगुड़ा, घोटिया, लोहंडीगुड़ा और बड़ाजी के जाँच नाकों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने रात 12 बजे फरसगुड़ा चेक पोस्ट में लगभग 20 वाहनों की सघन जांच अपने समक्ष करवाई। जाँच के दौरान वाहनों से सफर कर रहे यात्रियों ने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही विशेष सतर्कता की सराहना की और कहा बस्तर सुरक्षित हाथों में है। कलेक्टर विजय ने चेक पोस्ट में तैनात दलों को विशेषकर पिकअप वाहनों, बसों की जांच करने के साथ ही वाहन चालकों का पूरा विवरण पंजी में दर्ज करवाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने चेकपोस्ट में लगे सीसीटीवी की लगातार रिकार्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी ओ पी वर्मा भी मौजूद थे।

# व्यापम द्वारा 15 अक्टूबर को आयोजित भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित नया रायपुर के प्रस्ताव के आधार पर 15 अक्टूबर 2023 को आयोजित सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ), मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक और सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित किया गया है। ज्ञातव्य है कि उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में किया जाना था। नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता घोषित होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा इस परीक्षा के आयोजन हेतु निर्वाचन आयोग से सचिव छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास-तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के माध्यम से अनुमति मांगी गई है। अनुमति प्राप्त होने की स्थिति में व्यापमं द्वारा इस परीक्षा के आयोजन की तिथि पुन: घोषित की जाएगी। अतएव उक्त भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित की गई है।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 28 को




**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव इस माह 28 अक्टूबर को होने वाला है, इसकी घोषणा बुधवार को जिला सत्र न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन अधिकारी अशफाक अहमद खान ने की। साथ ही इस दिन मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। अब 18 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म का वितरण और जमा 19 से 20 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में किया जाएगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर को होगी, इसी दिन प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके उपरांत 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। मतगणना समाप्त होने के 1 घण्टे बाद मतगणना पूर्ण होने के उपरांत प्रत्याशियों के मतों की घोषणा की जाएगी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला अधिवक्ता संघ चुनाव कार्यक्रम को लेकर यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि मतदान की तिथि आगे बढ़ सकती है, क्योंकि अधिकांश अधिवक्ता किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं जिसके चलते उनकी सक्रियता विधानसभा चुनाव में भी होगी, लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला अधिवक्ता संघ चुनाव अधिकारी का है।

**निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव से संबंधित दी जानकारी**

# एसडीएम और सीएसपी ने ली दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी की बैठक



**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता लागू कर दी है। वहीं 15 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू हो रही है। केलेक्टोरेट कार्यालय के आस्था हाल में नवरात्रि पर्व के दौरान आचार संहिता को पालन कराने अनुविभागीय अधिकारी और सीएसपी ने दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें आदर्श आचार संहिता और सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाईन का पालन करने निर्देशित किया गया। इस बैठक में 50 से अधिक दुर्गा पंडाल के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए।

निर्वाचन आयोग की आचार संहिता के नियमों का पालन करने को लेकर चर्चा हुई। अनुविभागीय अधिकारी नंद कुमार चौबे ने कहा कि आचार संहिता के दौरान किसी भी धार्मिक कार्यक्रम का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया जाएगा। इसका विशेष ध्यान आयोजनकर्ताओं को रखना होगा। इसके अलावा नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा स्थापना पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सड़क अवरुद्ध नहीं की जा सकती है। ऐसा करने पर कार्रवाई होगी। दुर्गा समितियों को वालंटियर नियुक्त करना होगा, जिनका काम विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने और रास्ता अवरोध नहीं होने देने में सहयोग करना होगा। समिति के किन्हे वालंटियर नियुक्त किया है, उनके नाम और नंबर की जानकारी देनी होगी। किसी भी सार्वजनिक मंच में किसी राजनीतिक प्रत्याशी का फोटो अथवा बैनर पोस्टर नहीं लगाना है। धार्मिक मंच या आसपास पर राजनीतिक व्यक्ति के चुनाव प्रचार-प्रसार करने की मनाही होगी। राज्य सहित जिले में धारा 144 लगने के कारण पांच या इससे अधिक व्यक्ति एक की जगह पर एकत्रित नहीं हो सकते है। यदि कोई व्यक्ति अथवा समिति के लोग सड़क पर वाहनों को रोककर चंदा लेते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कार्यक्रम आयोजित करने के पूर्व अनुविभागीय दंडाधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक है। रात 10 से सुबह 6 बजे तक वाद्य विस्तार यंत्रों को बजाने अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही 70 डेसीबल से कम ध्वनि में विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करना होगा। किसी भी पंडाल के कार्यक्रम में चोंगा लगाना पूर्णत- प्रतिबंधित है। साइलेंट जोन में इन नियमों का उल्लंघन करने पर पेनाल्टी का प्रावधान है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के साउंड एमप्लीफायर, ड्रम, टॉम टॉम, ट्रंपेट, तेज गति वाले हॉर्न, तेज आवाज वाले पटाखे, लाउडस्पीकर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग पर जुर्माना लगाया जाएगा। विसर्जन के दौरान डीजे संचालकों को फूहड़ता वाले गानों को बजाना पूर्णत- वर्जित किया गया है। साथ ही ऐसे गाने बजाए, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो। इसका भी ध्यान दुर्गा विसर्जन समिति को रखना होगा। दुर्गा विसर्जन स्थलों पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का पालन करना होगा। ऐसी सामग्रियों का नदी, तालाब में विसर्जन नहीं किया जाना है, जिससे जल प्रदूषण हो। इस संबंध में भी दुर्गा समितियों को निर्देशित किया गया है।

**आदर्श आचार संहिता और सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन पालन करने के दिए निर्देश**

# इनर व्हील क्लब द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



**जगदलपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। इनर व्हील क्लब ऑफ जगदलपुर द्वारा गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह स्कूल में छात्रों को ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी से अवगत करवाया गया। जागरूकता अभियान के माध्यम से कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष ममता सिंह राण ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा बच्चों ने इस जागरूकता अभियान के माध्यम से सभी ने ध्यानपूर्वक इस विषय को सुना। मुख्य वक्ता के रूप मे डॉक्टर श्रृंखला जैन ने बच्चों को ब्रेस्ट कैंसर की विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को इस चीज से अवगत कराया। ज्ञानवर्धक और रोचक कार्यक्रम इनर व्हील क्लब हमेशा करते रहता है। मंच का संचालन डॉक्टर सुषमा झा ने किया एवं इस कार्यक्रम का आभार व्यक्त शाला की प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने किया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की सचिव डॉक्टर सरिता थॉमस, उषा गोदी, अरुणा जोबनपुत्र, शुभ्रा मिश्रा, रीता माने, दिव्या कृष्ण मूर्ति, प्रीति आजाद एवं शाला की प्राचार्य विनीत बेंजाम, हेमवती चुरे, आशा पटनायक, अंजू रावते, भारती नायडू, नीतू शर्मा, गीता मुनती उपस्थित थे।

**भगत सिंह स्कूल में दी गई कैंसर के बारे में जानकारी**

# स्थैतिक उड़नदस्ता व विडियो निगरानी टीम की बैठक लेकर रिटर्निंग आफिसर ने दी सख्त हिदायत

## चिन्हित जांच नाका अपने-अपने समय पर उपस्थित रहकर करें डयूटी अधिकारी-कर्मचारी





**भानुप्रतापपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा.प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर प्रतीक जैन ने आज भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में विधानसभा चुनाव में गठित स्थैतिक, उड़नदस्ता एवं विडियो निगरानी टीम के सभी प्रभारी एवं सहायकों की बैठक लेकर उनके कार्य एवं दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ करने को निर्देशित किया। रिटर्निंग आफिसर प्रतीक जैन ने कहा कि विधानसभा के तीनों तहसील के लिए अलग अलग से 3-3 दल गठित किया गया है। जिसमें कार्यपालिक अधिकारी के साथ-साथ पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए गए है। सभी को 8-8 घंटे की पाली में डयूटी सौंपी गई है। प्रशासन द्वारा सभी तहसीलों में जांच नाका बनाया गया है। इसमें सभी अपने अपने समय पर उपस्थित रहकर आने वाले सभी वाहनों की जांच करेंगे। प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट जमा करेंगे। इसी तरह उड़नदस्ता दल भी किसी भी प्रकार से कोई भी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पंहुचकर कार्यवाही करेगा। उड़नदस्ता दल आचार संहिता उल्लंघनों तथा संबंधित शिकायतों पर कार्यवाही करेंगे साथ ही दल यह भी देखेंगे डराना,धमकाना,शराब ,नकद राशि आदि सभी की आवाजाही पर भी कार्यवाही करेगा। इसी तरह विडियो निगरानी टीम का गठन भी प्रत्येक तहसीलों के लिए किया गया है जो कि समय समय पर विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार, आमसभा, नुक्कड सभा, रैली आदि में प्रयुक्त होने वाले बेनर पोस्टर पाम्पलेट आदि सभी लगने वाले सामगियों की जानकारी एकत्र कर सभी की विडियो रिकार्डिंग का कार्य कर उसे रिटर्निंग आफिसर के समक्ष जमा करेंगे। कोई भी राजनैतिक दल अपने कार्यालय ,खोलने से लेकर रैली, आमसभा आदि के लिए साथ चुनाव प्रचार के लिए लगने वाले वाहनों का भी लिखित में समय अवधि के पूर्व आवेदन कर अनुमति प्राप्त करेंगे। सभी दल के सदस्यों को एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी अपनी डयूटी पूरी निष्ठा के साथ करें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

आज के बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा, तहसीलदार दुर्गुकोंदल कृष्णा पाटले,नायब तहसीलदार योगिता भेड़िया, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनमोल हैं आंखें, इन्हें सुरक्षित रखें

**दंतेवाड़ा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत दृष्टि दोष से संबंधित विभिन्न प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया।




- विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम
- विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी अहम जानकारी

यह दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से नहीं देख सकते क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुंच की सुविधा नहीं है। इनमें से अधिकांश लोग निवारण किए गए जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित है। दृष्टिहीनता दैनिक व्यक्तिगत, गतिविधियां स्कूली शिक्षा, कार्य दैनिक दिनचर्या एवं सामाजिक वार्तालाप जैसी जीवन की हर पहलू पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ती है। अत: इस दिवस के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उन तक अनिवार्य सुविधा उपलब्ध कराया जाना मुख्य उद्देश्य होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की जानकारी साझा की। कार्यशाला में आए हुए लोगों को जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर गीता नेताम के द्वारा अपने दैनिक दिनचर्या में नेत्र रोग से बचने के लिए अनिवार्य रूप से किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि लंबे समय तक हम अपने आंखो को सुरक्षित रख सके, और इस दृष्टिहीनता की बीमारी से बच सके। गौरतलब है कि दृष्टिहीनता से बचने के लिए सभी शासकीय केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर आरएल गंगेश, डॉक्टर विजय शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राजेश राय, डॉक्टर अमर भूषण, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, नेत्र सहायक अधिकारी अश्वनी जायसवाल, अशोक मरकाम, अजय शर्मा, दीप्ति टोप्पो एवं जिला चिकित्सालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ तथा जन सामान्य कार्यशाला में उपस्थित थे।

# दंतेवाड़ा के 10 भाजपा नेताओं को सीआरपीएफ की सुरक्षा

**दंतेवाड़ा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में नक्सल हिंसा की आशंका के चलते भाजपाई अब सीआरपीएफ की सुरक्षा घेरे में रहेंगे। यहां के भाजपा नेताओं ने पहले राज्य सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन राज्य सरकार ने सुरक्षा नहीं दी तो केन्द्र सरकार से मांग की गई और अब दंतेवाड़ा के 10 नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा मुहैया करायी गई है। पूरे संभाग भर के 24 नेताओं को यह सुरक्षा दी गई है।

**केन्द्र सरकार ने उपलब्ध कराई एक्स श्रेणी की सुरक्षा**

नेताओं की सुरक्षा में सीआरपीएफ के जवान रहेंगे। जिन्हें सुरक्षा मुहैया करायी गई है, उनमें पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला नाग, बारसूर मंडल अध्यक्ष जसबीर नेगी, भाजपा महामंत्री संतोष गुप्ता, मंडल महामंत्री बचेली कामो कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत सिंह चौहान, सदस्य कुलदीप ठाकुर, कुआकोंडा मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम और भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। यह सुरक्षा 31 दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस आशय का पत्र छत्तीसगढ़ के डीजीपी को प्रेषित किया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सल हिंसा की आशंका बढ़ जाती है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक के स्थानीय पदाधिकारी नक्सल निशाने पर आ जाते हैं। दंतेवाड़ा में विधानसभा चुनाव में नक्सल हिंसा 2018 में काफी हुई थी। 2013 में विधानसभा चुनाव के ठीक 6 महीने पहले झीरम हमला हुआ था, जिसमें महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल सहित कई दिग्गज कांग्रेसी और सुरक्षा शहीद हो गए थे। 2008 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश राठौर तथा सूर्य प्रकाश चौहान की हत्या नक्सलियों ने कर दी थी। इसी दौरान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष त्रिनाथ ठाकुर भी नक्सल हमले में शहीद हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 9 अप्रैल को तत्कालीन विधायक भीमा मंडावी नक्सलियों के बारूदी विस्फोट के शिकार हुए और सुरक्षा कर्मियों के साथ उनकी शहादत हुई थी। भाजपाईयों ने सुरक्षा की मांग प्रदेश सरकार से की थी। वहां सुनवाई नहीं होने पर केन्द्र सरकार से मांग गई और अब केन्द्र की ओर से सीआरपीएफ की सुरक्षा प्रदान की गई।

# संकुल केन्द्र सोनाबाल में कबाड़ से जुगाड़ गणित विज्ञान मेला कार्यक्रम किया गया

**कोण्डागांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला व विकासखंड कोंडागांव के संकुल केंद्र सोनाबाल के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए मंगलवार को संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़, गणित विज्ञान मेला कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक हेमदत्तेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण सहायक सामग्री विज्ञान से संबंधित मॉडल बनाकर प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर बनाए गए विभिन्न मॉडल का प्रदर्शन कर जानकारी दी गई।



जिसमें प्राथमिक शाला स्तर से हाई स्कूल स्तर तक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया जिसमें से उत्कृश्ट मॉडल का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता बच्चों के सीखने की अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने हेतु आयोजित की गई थी, जहां बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर तैयार किए गए विभिन्न मॉडल उनके सीखने की अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने की दिशा में कारगर साबित हो रहा है, जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मार्गदर्शन के रूप में बच्चों को सफल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उत्कृष्ट मॉडल में वावेश ने संख्या का खेल, शिवकुमार सोरी मात्राओं का पौधा, संजू द्वारा वर्षा जल संचय, नंदिनी द्वारा विद्युत का कुचालक व सुचालक पर मॉडल, भूमिका द्वारा कोसा रेशम कीट का जीवन चक्र एवं रेशमा के द्वारा बीजों का अंकुरण से संबंधित मॉडल तैयार किया। टीएलएम अर्थात शिक्षण सहायक सामग्री शिक्षक का वह साधन हैं, जिसके माध्यम से वह अपनी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाता हैं। यह अधिगम प्रक्रिया (लर्निंग प्रोसेस) को स्थायी एवं रोचक बनाने का कार्य करता है। टीएलएम के अंतर्गत छात्रों को चित्र, ग्लोब, चार्ट, मॉडल आदि के माध्यम से प्रत्यय को समझाने का कार्य किया जाता है, जिससे अधिगम-प्रक्रिया में छात्र अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। शिक्षण सहायक सामग्री को टीएलएम एवं टीचिंग एड के नाम से भी जाना जाता है और यह शिक्षण को प्रभावशाली बनाने का एक उत्तम साधन है।

# जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालिकाओं को मिला सिल्वर मेडल

## राजस्थान के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल



**कोण्डागांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। बागबाहरा में आयोजित एक दिवसीय जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोण्डागांव की बालिकाओं ने सिल्वर मेडल अपने नाम करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। कोण्डागांव की सावित्री मंडावी ने रिकर्व वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया है। वहीं इंडियन राउंड में सुशीला नेताम द्वारा सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया है। इन दोनों बालिकाओं का चयन 15 नवंबर 2023 से 22 नंबर 2023 तक भरतपुर राजस्थान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। इस अवसर पर आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल एवं तिरंदाजी प्रशिक्षक त्रिलोचन महंता एवं सिपाही एवं प्रशिक्षक धर्मपद किस्कू द्वारा हर्ष जाहिर किया गया है। आईटीबीपी के डीआईजी राणा युद्धवीर सिंह एवं कोण्डागांव जिला प्रशासन द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गयी है।

# राशन कार्ड में मतदान करने की अपील की सील



**दंतेवाड़ा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना और सफलता जागरूक मतदाता और निष्पक्ष मतदान से ही संभव है। प्रदेश में 7 एवं 17 नवम्बर को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिये मतदान होना है। जिला दन्तेवाड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

- मतदाता जागरूकता के लिए प्रशासन की पहल
- पेट्रोल पंपों व एलपीजी गैस केन्द्रों में भी अभियान
- शत-प्रतिशत मतदान के लिए झोंकी ताकत

इसी क्रम में खाद्य विभाग, दन्तेवाड़ा के द्वारा सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में राशन कार्डधारियों को लक्षित करते हुए चावल वितरण के दौरान हितग्राहियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी हितग्राहियों के राशनकार्डों में मतदाता जागरूकता हेतु मतदान अवश्य करने संबंधी सील लगाकर मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गयी। हितग्राहियों द्वारा भी उत्साहित होकर वीडियो क्लिप से अपने परिचितों को मतदान करने की अपील की गई।

इसी प्रकार एलपीजी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्पों पर मतदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु उपभोक्ताओं को मतदान अपील का वाचन कराते हुए शपथ दिलाया गया। इस दौरान घरेलू गैस उपभोक्ताओं के कार्डों में मतदान की अपील करते हुए सील लगाया गया और स्टीकर चस्पा किया गया। इस प्रकार जिले के नगरीय क्षेत्र दन्तेवाड़ा, बचेली, किरंदुल एवं अन्य स्थानों पर संचालित पेट्रोल पम्पों पर मतदाता जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर एवं फ्लैक्स का प्रदर्शन किया गया है, ताकि अधिकाधिक लोग इस अभियान के महत्व से अवगत होकर मतदान करने हेतु प्रेरित हो। गौरतलब है कि खाद्य विभाग के द्वारा समस्त एलपीजी एजेंसी के वाहनों में चुनाव में मतदान करने बोट पंडूम फ्लेक्स लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का विधिक साक्षरता शिविर

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामकोटपारा व मसोरा में

**कोण्डागांव**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर के अवसर पर उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार श्रीमती अम्बा शाह न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामकोटपारा कोण्डागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों को 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाए जाने के उद्देष्य पर प्रकाष डालते बताया गया कि दुनिया भर में लड़कियों के अधिकारों, चुनौतियों और अवसरों को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना है, यह न सिर्फ लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और लड़कियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का वकालत करता है। हम दुनिया भर में लड़कियों के अधिकारों, चुनौतियों और अवसरों को पहचानने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाते हैं। यह जानकारी भी दी गई कि आज के दिनों में बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं को देखते हुए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1089, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई और कानूनी संबंधित पाम्प्लैट का वितरण करने के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में पौधा रोपण भी किया गया।



इस अवसर पर सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, पैरालीगल वालंटियर सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव एवं उक्त संस्था प्राचार्य संहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे। उपरोक्त तर्ज पर ही श्रीमती अम्बा शाह (व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल मसोरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाकर विधिक जानकारियां दी गई।

# मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने सामग्री वितरण के लिए कर्मचारी हुए प्रशिक्षित



**कोण्डागांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन 2023 में मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए मतदान सामग्री एवं ईव्हीएम वितरण के लिए नियुक्त किये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मतदान दिवस के पूर्व मतदान दलों को मतदान सामग्री के वितरण के दौरान रखे जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा द्वारा उन्हें विधानसभावार लगे काउंटरों में सामग्री वितरण के पूर्व अच्छी तरह जांच कर पूर्व में ही सभी समानों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। मतदान दलों को अपने साथ मतदान हेतु आवश्यक मतदाता सूची, विशिष्ट मतदान केन्द्रों हेतु विशिष्ट सामग्रियां तथा स्ट्रांग रूम प्रभारियों को स्ट्रांग रूम की उचित व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर, मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे, शोभाराम यादव, वेणु गोपाल राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव की प्रत्येक प्रक्रिया में हासिल करें दक्षता : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत 7 नवंबर को सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया सम्पादित करने के लिये मतदान दलों का प्रथम चरण एक दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम में आज हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि निर्वाचन एक गंभीर और अनिवार्य प्रक्रिया है और इसकी प्रक्रिया को उतनी ही सजगता से सीखने की आवश्यकता होती है। अत: प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता से निर्वाचन के प्रत्येक चरण की गतिविधियों में दक्षता हासिल करें, क्योंकि मतदान केन्द्रों में उन्हें ही इस दक्षता का प्रदर्शन करना है, अत: जो इस प्रक्रिया के लिए जितना मेहनत करेगा वह उतना ही सफल रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में गूगल शीट के माध्यम से परीक्षा भी ली गयी तथा इसे उत्तीर्ण करने के लिये निर्धारित पूर्णांक भी रखा गया था और निर्धारित अंक न आने पर पुन: प्रशिक्षण करने के भी निर्देश दिये गये थे। इस पर कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों के अपेक्षानुरूप अंक नहीं आए हैं वे पुन: आगामी प्रशिक्षण सत्र में परीक्षा देंगे। साथ ही जिनका प्रदर्शन इस परीक्षा में संतोषजनक रहा वे भी इस प्रक्रिया का पुनरावृत्ति करते रहें, ताकि किसी भी चूक की संभावना ना रहे। इस प्रशिक्षण सत्र में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर ऑफिसर्स तथा मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को कंप्यूटर पावर पाइंट प्रस्तुति के जरिये, मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स ऑन सम्बन्धी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।



- मतदान दलों का गीदम में प्रथम चरण का प्रशिक्षण
- मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी गई गहन जानकारी

प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूर्ण करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं परिनियत लिफाफों को भरे जाने संबंधी के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं मोबाइल एप्लीकेशन सी-टॉप्स के बारे में भी जानकारी दीगयी। इस दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर्स और मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल में ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंड्स आन का अभ्यास करने के अलावा सेक्टर ऑफिसर्स तथा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

# महीनों से बंद पड़ी दंतेश्वरी मंदिर के सामने की लाईट

## पालिका और क्रेडा दोनों ने नहीं ली सुध



**दंतेवाड़ा**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी मंदिर को भव्यता देने मांई दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण तेजी से हो रहा है। शारदीय नवरात्रि में बड़ी संख्या में यहां भक्त पहुंचते हैं। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के ठीक सामने लगाई गई हाई मास्क लाईट करीब 3 महीने से बंद पड़ी है। इस लाईट में खराबी के बाद इसे सुधारने के लिए कोई कोशिश नहीं हुई। लंबे समय से यह बंद है। पहले इसकी देख रेख नगर पालिका द्वारा की जा रही थी, लेकिन अब इसका रख रखाव क्रेडा की ओर से किया जा रहा है। इसकी लाईट को सुधारने खंबे से नीचे उतारकर रखा गया है, लेकिन अब तक ठीक नहीं किया गया है। इस लाईट के बंद होने से यहां पर अंधेरा छाया रहता है। जय स्तंभ चौक के ठीक सामने स्थित यह लाईट बंद पड़ी है। यहां से गुजरने वाले लोग अक्सर इसे देखते हैं और पालिका को कोसते भी हैं।

**टिकट दरों में कमी**

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सिनेमा दिन के उपलक्ष्य में 13 से 19 अक्टूबर तक कंसेशन दरों पर रू. 80 /- और रू. 50/- में राज़ टॉकीज़ में फ़िल्म मिशन रानीगंज दिखाए जाएंगे।



# महिला के पेट से निकला 5 किलो का ओवेरियन ट्यूमर

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लंबे समय से पेट दर्द को लेकर परेशान रहने वाली महिला को तब राहत मिल गया जब 7 साल पुरानी गांठ को 100 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल के डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर 5 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला. महिला के पेट से ट्यूमर को निकालना जरूरी तो था ही. वहीं महिला हृदय रोग से भी पीड़ित थी, जिसके चलते उनका ऑपरेशन करना हाईरिस्क प्रतीत हो रहा था, जो कि डॉक्टरों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही थी. लेकिन यहां पदस्थ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ हिना पारख ने अपनी टीम के साथ हाईरिस्क इस चैलेंजिंग पूर्ण जटिल एवं सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

डॉ. हिना पारख ने बताया कि महिला के पेट से 5 किलो का ओवेरियन ट्यूमर को निकाला गया है, जो कि महिला के पेट अंदर 7 साल से गांठ के रूप में मौजूद थी, जिसके चलते आये दिन वह पेट दर्द से परेशान रहती थी. जिससे अब महिला राहत की सांस ले रही है. 48 वर्षीय महिला मरीज का नाम पंचबाई है जो कि बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक की धोबनी कला गांव की रहने वाली है. वहीं महिला के परिजनों ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों की टीम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इससे पहले वे लोग कई निजी डॉक्टरों के पास जाकर हजारो रुपये बर्बाद कर चुके थे. इसके बावजूद अभी तक सफल उपचार नहीं हो सका था. लेकिन मुंगेली के इस सरकारी 100 बिस्तर अस्पताल ने मरीज को नया जीवन दान दे दिया है।

**दूसरे जिले के लोगों का भी बढ़ रहा भरोसा**

मुंगेली के 100 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल के प्रति जिले के अलावा पड़ोसी जिले के लोगों का



## 7 साल से पेट दर्द से परेशान थी महिला

भी विश्वास बढ़ने लगा है तभी तो बेमेतरा और कवर्धा जिले के कई मरीजो का यहां उपचार हो चुका है. लोगों का कहना है कि यहां उपलब्ध संसाधनों व विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की उपलब्धता और मरीजों के प्रति समपर्ण भाव से कार्य की वजह से लोगों का हॉस्पिटल के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है.

**अंडाशय के अंदर गांठ बेहद खतरनाक**

अंडाशय एक महिला प्रजनन प्रणाली का अभिन्न अंग हैं. वे न केवल गर्भाधान की संभावनाओं का समर्थन करते हैं, बल्कि अंडाशय रक्तप्रवाह में हार्मोनल विनियमन में भी सहायता करते हैं. अंडाशय की सिस्ट, अंडाशय में सौम्य तरल पदार्थ से भरे थैले होते है. हालांकि यह अधिकांश भाग के लिए हानिकारक नहीं है, लेकिन कुछ अंडाशय के सिस्ट बाद में उचित निदान और उपचार के बिना कैंसर में बदल सकते हैं. अंडाशय के सिस्ट उल्लेखनीय लक्षण नहीं दिखाते हैं, जिससे रोगियों के लिए शीघ्र और सटीक निदान प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। एक्सपर्ट से जानिए लक्षण और उपचार के बारे में प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ हिना पारख ने बताया कि अधिकतर, छोटे आकार के सिस्ट किसी भी खतरे का कारण नहीं बनते हैं क्योंकि वे अपने आप ही घुलकर ठीक हो जाते हैं. लेकिन कुछ गंभीर मामलों में एक डिम्बग्रंथि सिस्ट(ओवेरियन सिस्ट) तरल पदार्थ से भरता रहता है और जिसके कारण इसका आकार सामान्य से बड़ा हो जाता है. कभी-कभी पेडल पर मुड़ सकता है और बहुत बड़ा हो सकता है. ऐसे बढ़े हुए सिस्ट के कारण ओवेरी में खून की आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं और इससे गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं जैसे- तीव्र पैल्विक दर्द, अचानक वजन घटाने और सेक्स के दौरान दर्द. यदि आप इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव करते हैं, तो अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लें और आपातकालीन में तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

# लाखों करदाताओं को नहीं मिला रिफंड 7.09 करोड़ से ज्यादा रिटर्न दाखिल

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयकर विभाग ने कहा है कि 9 अक्टूबर तक करदाताओं को 1.50 लाख करोड़ रुपये के टैक्स रिफंड जारी किए जा चुके हैं. वहीं, 35 लाख से ज्यादा करदाताओं को अभी भी टैक्स रिफंड मिलने का इंतजार है. आपको बता दें कि आंकड़ों के मुताबिक सितंबर महीने तक 7.09 करोड़ से ज्यादा रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।



आयकर विभाग के मुताबिक, आकलन वर्ष 2023-24 के लिए सितंबर तक 7.09 करोड़ से ज्यादा टैक्स रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं. इनमें से 6.96 करोड़ से अधिक आईटीआर सत्यापित हो चुके हैं, जिनमें से अब तक 6.46 करोड़ से अधिक रिटर्न संसाधित हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश करदाताओं को रिफंड जारी कर दिया गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 10 अक्टूबर को आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2023 से 09 अक्टूबर 2023 तक 1.50 लाख करोड़ रुपये के टैक्स रिफंड जारी किए गए हैं. हालांकि, अभी भी 35 लाख करदाता ऐसे हैं जिन्हें टैक्स रिफंड नहीं मिला है। आयकर विभाग ने ऐसे करदाताओं से कहा है कि अगर उनकी जानकारी अधूरी है या रिटर्न विवरण सही नहीं है तो उन्हें ईमेल और मैसेज के जरिए जानकारी भेज दी गई है. आयकर विभाग के मुताबिक, बड़ी संख्या में ऐसे करदाता हैं, जिन्होंने बेमेल डेटा से जुड़े आयकर संबंधी सवालों वाले मेल या मैसेज का अब तक जवाब नहीं दिया है. विभाग ने कहा है कि ऐसे करदाता जल्द से जल्द अपना जवाब भेजें ताकि सुधार कर उनका रिफंड जारी किया जा सके।

**प्रत्यक्ष कर संग्रह में रिकॉर्ड बढ़ोतरी**

वित्त मंत्रालय के मुताबिक, 1 अप्रैल से 9 अक्टूबर के दौरान भारत का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.95 फीसदी बढ़कर 11.07 लाख करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, नेट कलेक्शन 9.57 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की तुलनात्मक अवधि से 21.82 फीसदी ज्यादा है।

सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता के मुताबिक, हम पिछले साल के मुकाबले 21.78 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं. यह जोरदार बढ़ोतरी है. अगर हम इस स्तर पर बढ़ते हैं, तो हम 18.23 लाख करोड़ रुपये के कर संग्रह लक्ष्य को आसानी से पार कर सकते हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा रेल गाड़ियों की समयबद्धता पर विशेष जोर

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में जारी बुनियादी संरचना और क्षमता वृद्धि एवं विकास कार्यों के दौरान प्रतिदिन चलने वाली गाड़ियों की समयबद्दता को बरकरार रखने हेतु यथाशक्ति प्रयास किया जा रहा है। कोरोनाकाल के दौरान बंद किए गए सभी ट्रेनों का परिचालन न केवल पुनः शुरू कर दिया गया है बल्कि लगातार ट्रेनों की संख्या में भी वृद्धि की जा रही है। हाल ही में दिनांक 8 अक्तूम्बर से शहडोल-नागपुर के मध्य नई रेल सेवा प्रारम्भ की गई है। आने वाले दिनों में बढ़ने वाली रेल ट्रैफिक की मांग व जरूरतों को ध्यान में रखकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में उपरोक्त विकास कार्य निरंतर किया जा रहा है, जिसका लाभ आने वाले दिनों में इस क्षेत्र के निवासियों को निश्चित ही मिलेगा।



निर्माण कार्यों में केवल नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के ही दौरान आवश्यकता होने पर ही कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द, मार्ग परिवर्तित या पुनर्निर्धारित कर कार्य को पूर्ण किया जाता है ऐसे में रेल गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होना स्वाभाविक है साथ ही ट्रैक की कमी व ट्रेनों की बढ़ती संख्याओं, चेनपुलिंग, ट्रैक रखरखाव कार्य आदि भी ट्रेनों के विलंब होने के मुख्य कारण होने के बावजूद पिछले 7 दिनों में रेल गाडियों की समयबद्दता में अधिकाधिक सुधार आया है, विशेषकर मण्डल से प्रारम्भ होने वाली महाराष्ट्र एक्सप्रेस, विदर्भ एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस आदि रेल गाड़ियों की समय पालन पर विशेष ज़ोर दिया जा रहा है। भविष्य की जरूरतों के लिए बुनियादी संरचना और क्षमता वृद्धि कार्य अत्यावश्यक है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल का हमेशा ही प्रयास रहता है कि इन कार्यों के दौरान आवश्यकता पड़ने पर ही कम से कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो, साथ ही रेल गाड़ियों की समयबद्दता को भी सुनिश्चित किया जा सकें। नागपुर मंडल रेल यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# भविष्य मेरी मुट्ठी कार्यक्रम में शहर के साथ ग्रामीण के बच्चों ने हिस्सा लिया

## उत्कृष्टता के लिए पढ़ना है अंक तो अपने आप पीछे आएंगे : चेतन

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भविष्य मेरी मुट्ठी कार्यक्रम आज देख भक्ति गीतों व भारत माता की जय तथा छतीसगरिया सबसे बढ़िया नारों से गूंज उठा। इंडोर स्टेडियम में आज यह प्रोग्राम 7000 बच्चो व उनके पालको से खचाखच भर गया । सी ए चेतन तारवानी जो कि इस कार्यक्रम के मोटिवेशनल ट्रेनर थे। बड़े ही सरल शब्दों से अपने अनुभवों से बच्चों को सही दिशा चयन के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने कहा की जीवन में सफल होने के लिए तीन बातो को ध्यान देना चाहिए सोच,योजना,परिश्रम।



आपकी असलियत आपकी योग्यता से जाहिर नही होती वरन आपके फैसलों से होती है ।जीवन में जो भी फैसले लेने है उसे अपने दिल से लेना चाहिए न की किसी को देख कर ।सिर्फ परीक्षा में पास होने के लिए नही पड़ना चाहिए वरन अपनी छमताओ को पहचान कर सही दिशा में मेहनत करनी चाहिए ।ट्रेनर ने बच्चो को अपने जीवन के अनुभवों से उन्हे प्रेरित करते हुए कहा दूसरों की खूबियों से मायूस न हो कर अपनी खूबियों को पहचानने का प्रयास करे तो सफलता आपके कदम चूमेगी ।हमे अपने जीवन में कुछ नियम अपनाने चाहिए। कार्यक्रम में सभी स्टूडेंट्स को अपने भविष्य के योजना बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया ।यह कार्यक्रम सुहिणी सोच संस्था की अध्यक्ष करिश्मा कमलानी व फाउंडर मनीषा तारवानी के स्वागत भाषण से आरंभ हुआ ।इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम में संत युधिष्ठिर लाल,अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जो साहस से आगे बढ़ेगा और अपने माता पिता और गुरु की आज्ञा का पालन करेगा निश्चित ही सफल नागरिक बनेगा ।कार्यक्रम में श्रीचंद सुदरानी ,विधायक कुलदीप जुनेजा महापौर एजाज़ ढेबर,मुंबई के लाघाराम नागवानी , डॉ राम जवाहरनी अतिथि स्वरूप शामिल हुए। लक्की ड्रा अतिथि के द्वारा निकाला गया व बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

## विस निर्वाचन के लिए रखा जाएगा डीजल-पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक

**रायपुर** 12 अक्टूबर। विधानसभा निर्वाचन-2023 को ध्यान में रखते हुए जिले में डीजल और पेट्रोल को अतिरिक्त रिजर्व स्टॉक भी रहेगा। हर पेट्रोल पंप संचालक को रिजर्व स्टॉक रखने के निर्देश कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जारी कर दिए हैं। यह आदेश छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों के पेट्रोल पंपो पर चार हजार लीटर डीजल और दो हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व स्टॉक के रूप में रखने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण इलाकों के पेट्रोल पंपो में दो हजार लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व स्टॉक के रूप में भंडारित रहेगा।

# चुनाव में कम समय बचा है जी जान से जुट जाएं : मूणत

## पश्चिम में मूणत ने किया कार्यकर्ताओं को रिचार्ज



**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर पश्चिम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इन बैठकों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर चर्चा भी हो रही है। गुरुवार को मूणत ने 3 वार्डो में मैराथन बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया।

गुरुवार को राजेश मूणत ने क्रमश दानवीर भामाशाह वार्ड, गुढ़ियारी, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, गुढ़ियारी रामकृष्ण परमहंस वार्ड, कोटा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने पूरे उत्साह के साथ चुनाव प्रचार में लग जाने के निर्देश दिए। मूणत ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि भाजपा संगठन की विचाधारा ,राष्ट्र के प्रति समर्पणभाव और एकजुटता हम सबकी ताक़त है,अगर आप खुद को जनता के प्रति जवाबदेह समझकर उनके साथ सपर्क स्थापित करेंगे,तो जनता भी आपकी बातों को सुनने में रूचि दिखाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस समेत अन्य दल अंग्रेजो की भांति फुट डालो और राज करो की नीति अपनाते हैं। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न, केंद्र सरकार के कार्यों और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए कामों को लेकर जनता के बीच जाना है ।मूणत ने तीनो वार्डों में कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों के मध्य कार्य का बंटवारा करते हुए कहा कि अब समय कम बचा है, मतदान की तारीख तक हर सेकेंड भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट जाएं। हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस सरकार से मुक्ति दिलाकर एक बार फिर कमल खिलाएं।

# एक्शन मोड में आया चुनाव आयोग

## डेढ़ लाख से अधिक बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन.2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंगए पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई हैं। राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 10 अक्टूबर तक कुल एक लाख 47 हजार 447 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 14 हजार 320 और निजी संपत्तियों से संबंधित 33 हजार 127 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल एक लाख 91 हजार 700 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित एक लाख 39 हजार 740 और निजी संपत्ति से संबंधित 51 हजार 960 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही द्रुत गति से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनरए पोस्टरए वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 11 हजार 039 सुकमा में 1478 गरियाबंद में 5200 बेमेतरा में 2913 खैरागढ़.छुईखदान.गण्डई में 1223 बालोद में 13 हजार 578 जशपुर में 2461 मनेन्द्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर में 373 और सरगुजा में 9881 कार्यवाही की गई हैं।

## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की भर्ती परीक्षा स्थगित

**रायपुर,** 12 अक्टूबर। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने 15 अक्टूबर को होने वाली भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी है जिसमें सहायक प्रबंधक ;फील्ड ऑफिसर, कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक,समिति प्रबंधक ;नवीन संवर्गी, कनिष्ठ प्रबंधक,2, कनिष्ठ प्रबंधक संवग ट्रेजरी विशेषज्ञ मुख्य लेखापाल उप प्रबंधक सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा होनी थी इस संबंध में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि इस परीक्षा के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग से कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव के माध्यम से व्यापम द्वारा अनुमति मांगी गई है ।

## निधन

### डॉ. सरोज शुक्ला

**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर।



तहसीलदार सेवानिवृत्त स्व. जयनाथ शुक्ला की पत्नी डॉ. सरोज शुक्ला 87 साल का आज 12 अक्टूबर आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को शिवनाथ नदी के तट पर मुक्तिधाम, दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 86/ए/3 नेहरू नगर पूर्व भिलाई से दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन देव शुक्ला, संयंत्र से सेवानिवृत अधिकारी जयदेव शुक्ला, श्रीमती कल्पना द्विवेदी, श्रीमती स्वप्ना नायक की मां व सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश द्विवेदी व संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक दीपक नायक की सास थी।

### मोहम्मद हुसैन

**सरायपाली**, 12 अक्टूबर। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहम्मद हुसैन (मो. सेठ) (77) का आकस्मिक निधन हो गया।



वे मुस्ताक, मतलूब हुसैन के बड़े भाई व हामीद खान (मुन्ना) के पिता तथा गुलजार, गुलशेर, अहफाज के बड़े पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार 13 अक्टूबर दोपहर 2 बजे जुमे की नमाज के बाद बाजार पारा निवास स्थान से निकलेगी।

### कुलवंत कौर

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर। कसारीडीह चौक



निवासी कुलवंत कौर (90) का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरनाम सिंह की पत्नी, ट्रांसपोर्टर लखविंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह की माता व रिमपाल सिंह व जसपाल सिंह की दादी थी।

## अपेक्स बैंक में भर्ती के लिए 15 को आयोजित परीक्षा स्थगित

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) नवा रायपुर द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में किया जाना था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) में सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग), कनिष्ठ प्रबंधक-2, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक भर्ती के लिए परीक्षा होनी थी।

## कैपिटल जोन का शेष...

### मुख्यमंत्री अपने पार्टी की चिंता...

कमी नहीं है। कांग्रेस के पास सिर्फ तीन नेता है एक और जोड़ लो अंगूठा लगाने वाले चौथे नेता हैं। कांग्रेस अपने बैठक की फोटो भी किसी को नहीं देते। गोपनीय रूप से क्यों आ रहे हैं? क्योंकि वह डरे घबराए हुए हैं।

ई डी अधिकारियों के घर चोरी पर मुख्यमंत्री के बयान पर बृजमोहन ने पलटवार करते हुए कहा, सीएम हाउस में भी चोरी हुई है क्या, वह रिपोर्ट मुख्यमंत्री दिखाएंगे क्या? कांग्रेस का नारा खदेड़बो खदेड़बो ये दारी बीजेपी ल खदेड़बो पर बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस के पास छत्तीसगढ़ के कामकाज बताने के लायक नहीं है। रायपुर में क्या करें एक तो काम नहीं किए। छत्तीसगढ़ में कोई निर्माण किया हो तो बताओ? बताने के लिए कुछ नहीं है इसलिए दिल्ली की बात करते हैं ।चुनाव छत्तीसगढ़ का है या दिल्ली का? दिल्ली में कांग्रेस के नेता खत्म हो गए हैं क्या ? खत्म हो गए है तो मुख्यमंत्री इस्तीफा देकर दिल्ली जाएं।

# शासकीय विश्रामगृहों में राजनैतिक उद्देश्यों से नहीं ठहर पाएंगे मंत्री

- ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर दी जाएगी रसीद
- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू रहने की अवधि में किसी भी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि, मंत्रीगणों, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारियों आदि को शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्रामगृहों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस में चुनाव प्रचार-प्रसार या राजनैतिक उद्देश्य से नहीं ठहराया जायेगा। ऐसे राजनैतिक व्यक्ति इन स्थानों का उपयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिए भी नहीं कर सकेंगे। इस बारे मे कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जरूरी आदेश भी जारी कर दिया है।

जारी किए गए आदेश के अनुसार शासकीय प्रयोजनों के लिए मंत्रीगणों के दौरों के दौरान पात्रता अनुसार स्थान उपलब्ध होने पर उन्हें विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस में कमरा उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त पात्रतानुसार ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद भी दी जायेगी। विश्राम गृहों में एक रजिस्टर रखा जाएगा जिसमें आगंतुक का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन, ली गई राशि आदि समस्त ब्यौरा अंकित किया जाएगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 48 घंटे के लिए ही विश्राम गृह मे कक्ष आरक्षित किया जा सकेगा। उससे अधिक अवधि के लिए कोई कक्ष आरक्षित नही होगा। कक्ष आरक्षित होने पर आगंतुक केवल तीन वाहन ही ला सकेगा। विश्राम गृह मे संबंधित व्यक्ति को तीन से अधिक वाहन लाने की अनुमति नही होगी। शासकीय भवनों, विश्राम भवनों तथा गेस्ट हाउसों का आरक्षण अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और अन्य स्थानों पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

जारी आदेश अनुसार शासकीय गेस्ट हाउस, सर्किट हाउस में कक्षों का आरक्षण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कक्ष आबंटित किए जायेंगे। जिन विश्राम गृहों मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों को कक्ष आबंटित किए जाएंगे वहां किसी अन्य राजनैतिक दल के व्यक्ति को कक्ष आबंटित नहीं होगा। प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान मांगे जाने पर अभिलेखों को जांच के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। निर्वाचन कार्य से जुडे अधिकारियों और प्रेक्षकों के लिए सदैव कक्ष आरक्षित रहेंगे।

## नई पदस्थापना के लिए आयोग को भेजा गया 6 आईएएस, 9 आईपीएस का नाम

**रायपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटाए जाने के बाद नई पोस्टिंग के लिए कयावद शुरू हो गई है ।इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से 6 आईएएस और 9 आईपीएस के नामों का पैनल निर्वाचन आयोग को भेजे गए हैं, जिसके आधार पर आज रात या कल तक नियुक्ति किए जाने की संभावना है ।जानकारी के अनुसार, निर्वाचन आयोग एक पद के लिए तीन नामों का पैनल मांगता है, इस लिहाज से हटाए गए दो कलेक्टर की जगह छह आईएएस अधिकारियों के नाम भेजे गए हैं। इसमें 2008 बैच से लेकर 2012 बैच के आईएएस अधिकारियों के नाम शामिल बताए गए हैं ।इसी तरह हटाए गए तीन एसपी के स्थान पर 9 आईपीएस अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा गया है। पहले चरण में जिन 20 सीटों पर चुनाव होना है, जिसके लिए 13 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी ।राजनांदगांव में पहले चरण में चुनाव होना है, जहां से चुनाव आयोग ने एसपी अभिषेक मीणा को हटाया है, ऐसे में राजनांदगांव में जल्द नए एसपी की पदस्थापना करनी होगी।

# शारदीय नवरात्रि 15 से तैयारियां अंतिम चरणों में

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 15 अक्टूबर से हो रही है और मंदिरों के साथ ही पंडलों में तैयारियां अतिम चरण में है। इस दौरान पूरे प्रदेश में 23 अक्टूबर तक भक्तिमय माहौल बना रहेगा और 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस साल विशेष पूजा के लिए भी मंदिरों में व्यवस्था की गई है। प्रथम दिवस पंचमी और अष्टमी में मंदिरों में विशेष पूजा की जाएगी। मां बम्लेश्वरी, दंतेश्वरी, रायपुर और बिलासपुर की माँ महामाया, महासमुंद की चंद्रहासिनी, धमतरी की बिलाई माता के साथ ही अन्य मंदिरों में भी तैयारी अंतिम चरणों में है। पदयात्रियों के लिए विशेष मार्ग तैयार किया गया है।



### 10 बजे तक ही बजा सकेंगे डीजे, गाइडलाइन जारी

रायपुर, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव के मद्देनजर लगने वाले आचार संहिता के साथ ही इस बार नवरात्रि और दशहरा का त्यौहार मनाया जाएगा। प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। वहीं कलेक्टर ने रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश दिए हैए नियमों के उलंघन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही एडीएम और एडिशनल एसपी से जल्द ही नवरात्रि आयोजित करने वाली समितियों की बैठक बुलाकर जरूरी समझाइश देने की बात कही गई है।

**रात 10 बजे के बाद नहीं होंगे कोई भी कार्यक्रम:** नवरात्रि के दौरान किसी भी समिति को रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं रात 10 बजे के बाद किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनावी प्रचार शुरू होने की वजह से सड़कों पर किसी भी परिस्थिति में पंडाल नहीं लगाए जाएंगे। जगराता में गरबा के दौरान भी डीजे बजाने वालों की निगरानी की जाएगी। कोई भी आयोजन समिति बिना प्रशासन के अनुमति के रास गरबा या जगराता का आयोजन नहीं कर पाएगी। किसी आयोजन समिति की वजह से सड़क पर ट्रैफिक प्रभावित होता है या लोगों को परेशानी होती है तो इसकी शिकायत मिलने पर आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा के दौरान आयोजन समितियों को असामाजिक तत्वों और अस्त्र.शस्त्र का प्रयोग करने वाले लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को देनी होगी। आयोजकों को अपने प्रमुख समिति सदस्यों के फोन नंबर भी संबंधित थाने में देने होंगे।

## राजधानी में हुई खंड वर्षा

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दोपहर बाद अचानक राजधानी के एक बड़े इलाके में खंड वर्षा हुई टिकरापारा, सिविल लाइंस, डीकेएस चौक से लेकर फाफाडीह तक बारिश दर्ज की गई बड़ी बड़ी बूदों के साथ हुई बारिश ने गर्मी और उमस भरे मौसम में थोड़ी राहत दी। शहर के दूसरे हिस्सों में भी मौसम में कुछ उड़क आई। लेकिन बारिश नहीं हुई। यह लोकल सिस्टम कि वजह से बताई गई है। हाल के दिनों में 35.37 डिग्री की गर्मी और मानसून से नम हुई जमीन से अवाप्प में बने सिस्टम की वजह से बारिश हुई। साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ बनने की भी कारण बताया गया है। इस बारिश को लेकर मौसम वैज्ञानिक भी हतारंभ है। उनका कहना है कि न तो कोई पूर्वानुमान थानको सिस्टम बारिश हो रही हैं ।

# 150 से अधिक गुण्डा-निगरानी बदमाशों की कराई गई परेड, दी गई समझाईश



**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने . अपने थाना क्षेत्रों के गुण्डा निगरानी बदमाशों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 150 से अधिक गुण्डा निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुछ सक्रिय गुण्ड़ा बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही भी की गई।

# कलेक्टर-एसपी पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ,कलेक्टर.एसपी समेत अन्य अफ्सरों पर हुई कार्रवाई से पूरे राज्य के प्रशासनिक अफ्सरों में हड़कंप मच गया है, आयोग के सख्त रुख् को देखकर अफ्सरों को डर सता रहा हैण् इधर चुनाव आयोग की कार्रवाई के बाद कलेक्टर.एसपी ने अपना प्रभार अपने मातहत अफ्सरों को सौंपना शुरू कर दिया है, चुनाव आयोग का आदेश आते ही रायगढ़ कलेक्टर तारन सिन्हा ने ज़िला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव को अपना प्रभार सौंपा, दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा और एडिशनल एसपी संजय धुव्र में भी अपना चार्ज




**कई और अफसरों पर गिर सकती है गाज**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीणद्ध अनंत साहू को अपना चार्ज सौंप दिया है कोरबा एसपी उदय किरण ने अब तक अपना चार्ज नहीं सौंपा है उनकी ओर से दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि चुनाव आयोग के आदेश की उन तक कोई जानकारी नहीं है

**बीजेपी ने की थी शिकायत**

बताया जा रहा है कि बीजेपी ने चुनाव आयोग से राज्य के कई अफ्सरों की शिकायत की थी आयोग को दी गई लिखति शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि अफ्सर कांग्रेस सरकार के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं

# 54 आदतन अपराधियों को किया गया जिलाबदर

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में प्रेस वार्ता ली इस दौरान उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आशीष टिकरिहा ने कानून व्यवस्था सुरक्षा को लेकर जानकारी दी जिसमें बताया कि 54 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है और हथियार जब्त समेत अन्य कार्रवाई की गई साथ ही बताया कि प्रदेश के जीतने भी अंतरराज्यीय बॉर्डर है वहां चेक पोस्ट बनाया गया है आशीष टिकरिहा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया राज्य में आचार संहिता के प्रभावी होने के साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत लाइसेंस शस्त्र को रखने पर पाबंदी की गई है 12495 लाइसेंसी हथियारों में 8807 जमा किये गये हैं 3 जब्त किये गये हैं और 10 कैंसल किये गये हैं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1229 प्रकरण बनाये गये हैं और इसके अंतर्गत 1284 हथियार जब्त किये गये हैं 54 लोगों को जिलाबदर किया गया है एमवी एक्ट के अंतर्गत 3 लाख 64 हजार 86 प्रकरणों में 18 करोड़ 49 लाख 4 हजार 157 रुपये की कार्रवाई की गई है प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अंतर्गत 1 लाख 34 हजार 206 प्रकरणों मे 1 लाख 81 हजार 527 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है और




**1284 हथियार जब्त, लाखों वाहनों पर ठोका 18 करोड़ से अधिक का जुर्माना**

1 लाख 5 हजार 863 बाउंड ओवर किये गये हैं आबकारी मामलों में 19 हजार 891 केस दर्ज किये गये हैं इसमें 1 लाख 29 हजार 48 लीटर की 5 करोड़ 28 लाख 85 हजार 758 रुपए की शराब जब्त की गई है मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा निर्वाचन.2023 में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के संबंध में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए ह उन्होंने निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिलो में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां सुनिश्चित की जाए निर्देशों में उल्लेखित है कि अवैध शराब भट्टी और कारखानों को उजागर कर प्रभावी कार्रवाई की जाएण् साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अवैध शस्त्र हथियारों को जब्त करने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत लाईसेंस शस्त्र को रखने पर पाबंदी लगाये जाने के लिए निषेधात्मक आदेश जारी किये जानेए शस्त्र और विस्फोटक के लाईसेंस धारियों की समीक्षा का आवश्यक कार्रवाई किये जानेए निर्वाचन की घोषणा के पश्चात नवीन शस्त्र लाईसेंस जारी किये जाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं

# 8 भाजपा प्रत्याशी पर दर्ज हैं गंभीर आपराधिक प्रकरण

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर राज्य की 90 में से 85 विधानसभा सीटों पर अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इन 85 प्रत्याशियों में से केवल आठ प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है और विभिन्न न्यायालय में विचाराधीन है। सबसे ज्यादा प्रकरण कवर्धा प्रत्याशी विजय शर्मा के खिलाफ दर्ज है इसके अलावा दो प्रत्याशियों के खिलाफ चेक बाउंस का केस दर्ज है। शेष 6 प्रत्याशियों के खिलाफ राजनीतिक मामलों को लेकर प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन विचाराधीन है।

मालूम हो कि प्रत्याशियों की पहली अधिकृत सूची गत 17 अगस्त 2023 को जारी हुई थी जिसमें 21 प्रत्याशियों की घोषणा की गई थीए चूंकि उस दौरान चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील नहीं थीए लिहाजा प्रत्याशियों की आपराधिक जानकारी नहीं दी गई। लेकिन जब 9 अक्टूबर 2023 को भाजपा ने 64 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कीए उसी दिन चुनाव की आदर्श आचार संहिता भी लागू हुई। लिहाजा भाजपा ने सभी 85 प्रत्याशियों के आपराधिक रिकार्ड की जानकारी लेकर 48 घंटे के भीतर भारत चुनाव आयोग नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत करा दिया। प्रदेश भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2021 के आदेश के परिपालन में यह कार्रवाई की है। बताया गया है कि यह जानकारी लगभग सभी राष्ट्रीयए क्षेत्रीय और निर्दलीय प्रत्याशियों को भी देना अनिवार्य है। कई दिग्गज नेता बिल्कुल पाक साफ प्रदेश भाजपा के कार्यालय मंत्री नरेश गुप्ता के हस्ताक्षर से भेजी गई जानकारी फ्लिहाल सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में भी प्रसारित कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा की इस सतर्कता को देखकर अन्य राजनीतिक दलों के भी कान खड़े हो गए हैं। बहरहाल भाजपा के 85 में से केवल 8 प्रत्याशियों पर ही आपराधिक मामला दर्ज है। शेष 77 प्रत्याशियों के खिलाफ्कोई आपराधिक प्रकरण नहीं है। इसमें कई दिग्गज नेता शामिल हैं।

**भाजपा के 85 में से 8 प्रत्याशियों पर दर्ज है केस**

### इन भाजपा प्रत्याशियों पर हैं आपराधिक प्रकरण दर्ज

शकुंतला सिंह पोर्ते ;प्रतापपुर आईपीसी 147, 149, 341, सरला कोसरिया सरायपाली आईपीसी 147, 149, 283, 341, 294, 506 426 34, रिकेश सेन वैशालीनगर एनआईए एस.138 ;चेक बाऊंस, राकेश कुमार यादव संजारी बालोद, एनआई, एस.138चेक बार्कस, आशाराम नेताम कांकेर, . आईपीसी 147, 341, विजय शर्मा कवर्धा,. आईपीसी 147, 148, 149, 109,353,323, 353., 186,188, 295, 427, 120, 144,152,440,452, 455,295. सरकारी संपत्ति नुकसान.आईपीसी. 294, 186, 506, 34, एसटीएससी एक्ट. आईपीसी .147,186, 353, सरकारी संपत्ति नुकसान. आईपीसी 137, 186, 341, 5, आपीसी .147, 188, आईपीसी 147, 353, 294, 295, 427, 153 सरकारी संपत्ति नुकसान और आर्म्स एक्ट 25, 27, ,आईपीसी 342,147, योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद आईपीसी 147 341, विक्रांत सिंह ;खैरागढ़ आईपीसी 188, 451, 186,147,आईपीसी 186, 147, 294,506,353,427

# प्रदेश में तापमान 35 पार, ठंड के लिए करना होगा थोड़ा इंतजार

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश से मानसून की विदाई होते ही अब बारिश भी थम गई है और लगातार अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, इससे गर्मी भी लगातार बढ़ते जा रही है। गुरूवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयाएजो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस एआरजी तिल्दा में दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। दोपहर की तेज धूप के चलते बीते कुछ दिनों से उमस में बढ़ोतरी होने लगी है हालांकि रात के तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले सप्ताह 16 अक्टूबर तक प्रदेश में मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा और उसके बाद मौसम के मिजाज में थोड़ा बदलाव आएगा। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से हल्की ठंड शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है। 22 अक्टूबर के बाद से न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट का रुख शुरू होगा और इससे ठंड में भी थोड़ी बढ़ोतरी होगी। इस वर्ष प्रदेश में मानसूनी सीजन में 1061 मिमी से ज्यादा वर्षा हुई है।



# अवैध शराब बेचने ग्राहक तलाशते युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यू राजेन्द्र नगर में इलाके में लालपुर स्थित पर मंदी पास एक व्यक्ति अपने पास थेले में शराब रखा है। और उसे बेचने की फिराक में पाक की तलाश कर रहा था की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 30 वा शराब जब्त कर कार्रवाई की गई।

पुलिस के मुताबिक लालपुर स्थित फ्ल मंडी पास एक व्यक्ति अपने पास में शराब रखा है। मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी क चिन्ह कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेन्द्र गिरी निकासी टिकरापारा रायपुर का होना या टीम के सदस्यो द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर खेले में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने केन्द्र गिरी दस्तावेज करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर टीम के सदस्यों की लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी गिरी को गिरफ्तार कर उसके से अवैध रूप से रखे 30 पीना देशी शराब जुमा कीमत लगभग 2,200 रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध राजेन्द्र में अपरा 343ध्23 धारा 34;2 एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर लिया हैं ।

# क्रिप्टो करेंसी में 15 प्रतिशत का लाभ देने का झांसा देकर 90 लाख की ठगी

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कम समय में ज्यादा लाभ अर्जित करने के झांसे में आकर लोग लाखों रुपये गवां दे रहे हैं। ठग पहले मुलाकात करते है फिर पैसे ऐंठते हैं। सप्ताहभर में तीन मामले प्रकाश में आए हैं जिसमें 90 लाख रुपये की कुल ठगी शामिल है। आरोपी अब तक पुलिस की पहुंच से दूर हैं। ताजा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का ह जिसमें ठगों ने तीन महीने में आठ लाख 36 हजार 440 रुपये ठग लिए। डीडी नगर थाने में मुकेश कुमार सोनी की पंजीबद्ध रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2023 में सुशील साहू द्वारा जूम एप में मिटिंग में चिक ट्रेड टूडे एप से क्रिप्टो में निवेश करने का प्लान बताया गया। इसके बाद उसके कहने पर महादेव घाट रोड साई मंदिर के पीछे रायपुरा स्थित सुशील साहू के कार्यालय गयाए जहां पर सुशील साहू के मैनेजर अजय साहू ने बिटचाइन माइनिंग से संबंधित एक सेटअप दिखाया। काइन का माइनिंग करना और माइनिंग से बहुत अधिक आय अर्जित कर अपने निवेशकों को लाभांश के रूप में कम से कम प्रतिमाह 15 प्रतिशत का लाभ देना बताया। मुकेश चिक ट्रेड में निवेश करने के लिए सहमत हो गया। फरवरी 2023 में सुशील साहू और मैनेजर अजय साहू द्वारा मोबाइल में एप इंस्टाल कर एक लाख तीन हजार रुपये निवेश कराया गया। इसमें कुल दो लाख 50 हजार रुपये निवेश करवाए गए। इसके बाद 60 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से भेजे गए। इस प्रकार सुशील साहू और उसके मैनेजर अजय द्वारा 8,36,440 रुपये निवेश कराया गया। सुशील साहू ने आठ मई 2023 को ओम कांपलेक्स फाफाडीह रायपुर में बैठक आयोजित कर बुलाया। वहां एक ब्रोकर का संचालक उमेश पटेल पता अहमदाबाद गुजरात से मुलाकात करवाई गई। साथ ही उसके अन्य साथी जयप्रकाश सिंह निवासी भंडारा महाराष्ट्र के साथ ट्रेड को मैनेज कर निश्चित तौर पर लाभ अर्जित करने का आश्वासन भी दिया गया। राशि को ट्रेडिंग कर लाभ सहित पूरा मूलधन वापस किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद भी पैसे वापस नहीं किए गए।

# ट्रेनों के एसी कोच में आग लगते ही बजेगा अलार्म

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्रेनों में आगजनी की घटना से अब बचाव हो सकेगा। दरअसल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन ने अनूठी पहल की है। तीनों मंडलों के 28 जोड़ी ट्रेनों के 415 एसी कोचों को एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से लैस कर दिया है। यह सिस्टम धुंआ डिटेक्ट कर अलार्म लाइट इंडिकेटर आडियो साउंड से यात्रियों को सतर्क करेगा। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधाए सुरक्षा और यात्रा का बेहतर अनुभव कराने को लेकर लगातार काम कर रहा है ।इसी कड़ी में 28 जोड़ी ट्रेनों के सभी एसी कोच में फायर स्मोक डिटेक्शन व सप्रेशन प्रणाली से लैस कर लिया है ।अब तक 415 एसी कोचए 50 पावर कारों को इससे लैस भी किया जा चुका है। यहीं नहीं 8.11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं।



### यात्रियों को सतर्क करने में करता है मदद

स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल माड्यूल से जुड़ा होता है। आग लगने की स्थिति में यह कंट्रोल माड्यूल आडियो विजुअल साउंड अलार्मए लाइट इंडिकेटरए प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत हो जाएगा तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है। यहीं नहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं। ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगने से आने वाले दिनों में ट्रेन के अंदर आग लगने से पहले ही फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से अलार्म बजने लगेगा। इससे आग पर समय रहते काबू कर लिया जाएगा।

**फिर होगी पानी की बौछार**

### धुंआ, चिंगारी और आग निकलते ही बजेगा अलार्म

धुंआ चिंगारी या आग का संकेत मिलते ही सिस्टम में लगे सेंसर सक्रिय हो जाएगा ।अलार्म बजने के साथ दोनों सिलेंडर क्रियाशील होकर प्रेशर बनाने लगेंगे। कुछ देर में नाइट्रोजन और पानी का मिश्रण पाइपों में प्रवाहित होने लगेगा। दबाव बढ़ते ही वाल्व खुल जाएगा और नाइट्रोजन मिश्रित पानी का बौछार शुरू हो जाएगा। इस प्रकार आग बुझाने पर काबू पा लिया जाएगा ।इसके अतिरिक्त एसी कोचों में ध्रूमपान करने वाले भी चिन्हित किए जा सकते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।ऐसे धूम्रपान करने वालों से सहयात्रियों को दिक्कत होती है तथा ट्रेनों में आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है। अब चलती ट्रेनों में ध्रूमपान से और धुंआ उठते ही अर्लाम अर्लट कर देगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है।

### वंदे भारत समेत इन ट्रेनों में सिस्टम

वर्तमान में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम बिलासपुर.नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर.पटना एक्सप्रेस बिलासपुर.पुणे एक्सप्रेस के साथ जनशताब्दी समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 28 जोड़ी ट्रेनों के एसी कोचों में लगाया जा चुका है। इसमें बिलासपुर मंडल की 14 जोड़ी रायपुर मंडल की 13 जोड़ी और नागपुर मंडल की एक जोड़ी ट्रेनों के सभी एसी कोचए पावरकार पेंट्रीकार में यह सिस्टम लगाया जा चुका है। इस सिस्टम के अतिरिक्त सभी पावर कार पैंट्री कार और एसी कोचों में अग्नि शमन यंत्र भी उपलब्ध कराये गए हैं।

# न्यायालय के निर्देशों व नियमों का उल्लंघन, धुमाल संचालक पर कार्रवाई

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने की आम जनता द्वारा डी जे धुमाल संचालकों के विरूद्ध लगातार प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियो थाना प्रभारियों को माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा डी.ज एवं धुमाल संचालन के संबंध में डी.जे एवं धुमाल संचालित करने वालों की बैठक लेकर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों व नियमों से अवगत कराने निर्देशित करने के साथ ही डी.ज एवं धुमाल संचालकों द्वारा निर्देशों व नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में थाना गंज क्षेत्र में धुमाल संचालक द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा से अत्यधिक आवाज में धुमाल बजाने के साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाने पर धुमाल संचालक कमलेश ध्रुव पिता श्यामू धुव्र उम्र 28 साल निवासी कुशालपुर नया बाजार चौक थाना पुरानी बस्ती रायपुर के विरूद्ध थाना गंज में कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से 01 नग चारपहिया वाहनए बॉक्स एम्प्लीफायर लाईट एवं पोंगा सहित अन्य वाद्ययंत्र उपकरण जप्त कर कार्यवाही किया गया।



देशबन्धु रायपुर, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 3

# प्रादेशिकी

दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

उल्टा पुल्टा

प्रेमी- रेखा, तुमने अपने पिता से कहा है कि तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं, तो वे क्या बोले?

प्रेमिका- वे आंखें मूंदकर बोले- हे भगवान, जिस मूर्ख की तलाश में धरती आकाश में घूम रहा था, उसे तुमने इतनी आसानी से भेज दिया।

## संपादकीय

## जानलेवा स्टंट से बचें युवा

*युवाओं में बाइक पर स्टंट करने का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है जो खतरनाक है। यह खुद की जान के लिये खतरा तो है ही, अन्य लोगों के लिये भी जिंदगी भर की परेशानी का सबब बन सकता है। मंगलवार की रात को यातायात पुलिस ने एक मोटर साइकल पर सवार 7 नाबालिगों को स्टंट करते हुए पकड़ा जो आश्रम से आमापारा की ओर जा रहे थे। ये सारे एक-दूसरे को खतरनाक ढंग से पकड़े हुए थे और बाइक चालक बहुत ज्यादा गति से चला रहा था। पुलिस ने इस बाइक के मालिक अभिभावक को बुलवाकर माफी मंगवाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।*

*आजकल अधिक गति से दौड़ने वाली मोटर साइकलें युवाओं को आकर्षित करती हैं। ऐसे ही, विचित्र आवाजें करतीं मोटर साइकलों को भी तेज गति से चलाने का उनका शौक होता है। अक्सर ऐसे बच्चे शहर की खाली सड़कों या बाहरी मार्गों पर स्टंट करते हुए दिखते हैं। रायपुर की बात करें तो नवा रायपुर के रास्तों पर हर रात ऐसे युवा दिख जायेंगे। इनमें ज्यादातर नाबालिग होते हैं। स्वाभाविक है कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होते। ऐसे लोग या तो खुद को घायल करते हैं या फिर किसी अन्य को मौत के मुंह में ढकेलते हैं या उन्हें ज़ख्मी अथवा अपाहिज बनाते हैं। चूंकि उन पर मामला बनता नहीं और अक्सर विनय-अनुनय करके वे छूट भी जाते हैं, तो उनका हौसला बढ़ता है। पुलिस वाले उनकी कच्ची उम्र व कैरियर को ध्यान में रखते हुए मामला दर्ज नहीं करते जिसका वे फायदा उठाते हैं। पालकों व अभिभावकों को बच्चों की इन करतूतों का खामियाजा भरना पड़ता है। जैसा कि इसी मामले में हुआ, परिजनों को भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ा और अपमानित होकर माफी भी मांगनी पड़ी। बच्चों की जान को इस स्टंट से कितना बड़ा खतरा था यह भी उन्हें खुद ही सोचना चाहिये। एक बाइक पर 7 लोग सवार होकर वे अपनी जान के साथ तो खिलवाड़ कर ही रहे थे, राह चलतों की जान को भी खतरे में डाल रहे थे।*

*इस बाबत युवाओं को जानकारी व समझाइश दिये जाने की सख्त जरूरत है। शिक्षक एवं अभिभावक इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यातायात पुलिस तो अपनी तरफ से काफी कोशिशें करती है लेकिन कम उम्र या नाबालिग होने के कारण वे ज्यादा सख्त नहीं हो पाते। इसलिये अभिभावकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों को अपने वाहन बिलकुल न दें। वे तेज गति चलाने और स्टंटबाजी के खतरों से उन्हें अवगत कराएं। वे खुद भी संयमित तरीके से वाहन चलाएं तथा बच्चों को भी निर्धारित सीमा में चलाने और लाइसेंस पाने के बाद यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना सिखाएं। तभी वे सुरक्षित जीवन जी सकेंगे।*

# निवेश के नाम पर लाखों की ठगी, मामला दर्ज

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकारी स्कीम के नाम पर लाखों की रुपए की ठगी का मामला सामने आया दुर्ग कोतवाली में नदी रोड नयापारा निवासी प्रियंका राजपूत की शिकातय पर दो लोगों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। प्रियंका राजपूत ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने आरोपी व उसके बताए अन्य खातों में रुपए ट्रांसफर किए। इस तरह 11 लाख रुपए ट्रांसफर किए। बाद में पता चला कि उनके साथ ठगी हुई। फिलहाल इस मामले में दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी विवेचना की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका राजपूत ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पहचान राणा प्रवीण सिंह गौर से हुई थी। वह वन विभाग में सहायक प्रोग्रामर के पद पर ठेलकाबोड जिला कांकेर में पदस्थ है। डेढ साल पहले उसने प्रार्थिया के पति दौलत राजपूत को बताया था कि विभाग की ओर से एक स्कीम निकली है जिसमें पैसा लगाने से बहुत फायदा होगा। उसकी बातों में

**■ अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं, विवेचना जारी**

आकर सबसे पहले 9 मार्च 2022 को 95 हजार रूपये, 10 मार्च 2022 को 95 हजार रूपये तथा 10 मार्च 2022 को 12 सौ रुपए उसके एकाउंट में डाले।

इसके बाद राणा प्रवीण सिंह नें अपने दोस्त ओमप्रकाश देवांगन का नंबर भेजा और उसके खाते में रुपए ट्रांसफर कराए। 11 मार्च 2022 को 95 हजार तथा 14 मार्च 2022 को 17 हजार रुपए ट्रांसफर कराए। इसके कुछ मही ने बाद किसी संजीव सोनी का एकाउंट नंबर सेंड कर उसमें रुपए भेजने कहा। इसके बाद प्रियंका राजपूत ने अपनी बहन आरती राजपूत के मोबाइल से 50 हजार रुपए फिर दो बार 25-25 हजार रुपए और इसके बाद 75 हजार रुपए ट्रांसफर कराए। इस तरह अलग अलग किश्तों में 11 लाख रुपए ले लिए। लाभ के नाम 98 हजार रुपए वापस दिए।

इसके बाद राणा प्रवीण सिंह ने फोन उठाना बंद कर दिया और रुपए वापस मांगने पर गाली गलौच करने लगा। यही नहीं उसने यह भी कहा कि रुपए वापस नहीं मिलेंगे जो करना है कर ले। प्रार्थिया प्रियंका राजपूत ने यह भी बताया कि राणा प्रवीण सिंह ने राघवेन्द्र सिंह राजपूत से 13 लाख रुपए, आरती राजपूत से आनलाईन के माध्यम से 5 लाख 80 हजार रुपए, चिराग ठाकुर से ओमप्रकाश देवांगन के नाम से स्टाम्प बना कर नगद 1 लाख 30 हजार रुपए व शिवम सिंह राजपूत से 2 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मासूम के सामने अश्लील हरकत आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिस प्रकरण पर एफआईआर दर्ज करने में पुलिस को ढाई साल लग गया था, उस प्रकरण पर मंगलवार को पॉस्को कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मामले के अभियुक्त पर 8 साल की मासूम के सामने प्राइवेट पार्ट प्रदर्शित कर पकड़ने के लिए दबाव बनाने का आरोप था। इस मामले में स्पेशल कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार दिया और एक वर्ष के कारावास तथा 5 सौ रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह फैसला विशेषशे न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) संगीता नवीन तिवारी की अदालत में सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरपैवी की थी।

**■ आवेदक की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर करने में ढाई वर्ष लगा दिए जबकि कोर्ट ने एक साल सुनाया फैसला**

मामला स्मृति नगर पुलिस चौकी का है। मामले का अभियुक्त महेन्द्र कुमार पटेल (40 वर्ष) पीड़ित बालिका के परिवार का परिचित

➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## हेमचंद विवि की पूरक परीक्षाएं 20 से 29 नवंबर तक

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा पूरक परीक्षा का टाइम टेबल आज जारी कर दिया गया। टाइम टेबल के अनुसार पूरक परीक्षाएं 20 अक्टूबर को आरंभ होकर 29 नवंबर तक जारी रहेंगी। वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस टाईम टेबल में विज्ञान संकाय अर्थात बीएससी, बीएससी होमसाइंस तथा बीएससी बीएड की परीक्षाएं प्रात: कालीन पाली में 7 से 10 बजे तक आयोजित होंगी। द्वितीय पाली में प्रात: 11 से 2 बजे तक स्नातक स्तर की बीकॉम तथा बीसीए एवं एमफिल क्लीनिकल साइकोलॉजी भाग-01 तथा साइकेट्रिक सोशल वर्क की पूरक परीक्षा आयोजित होगी। तृतीय पाली में शाम 3 से 6 बजे कला ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# दुर्ग में दुर्गोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग में सार्वजनिक दुर्गोत्सव की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। सौ से भी ज्यादा स्थानों में मां दुर्गा की भव्य झांकियां सजाई जा रही है। सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र इस वर्ष भी गंजपारा दुर्गोत्सव है जहां पर भगवान शिव नंदी व महाशिवपुराण पर केन्द्रित कथा वस्तु पर झांकी बनाई जा रही है यहां पर कवि सम्मेलन के अलावा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनुज शर्मा नाईट सहित अनेक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इस दुर्गोत्सव पर विधानसभा चुनाव की आचार संहिता की छाया रहेगी।

श्री गंजपारा दुर्गोत्सव समिति के अलावा सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय, पद्मनाभपुर, पोलसाय पारा चौक, ग्रीन चौक, गायत्री मंदिर वार्ड, सिंधी कालोनी, संतराबाड़ी, कसारीडीह महाराजा चौक के पास, आदर्श नगर, पटरी पार क्षेत्र, कादम्बरी नगर नयापारा सहित अनेक स्थानों पर मां दुर्गा की विशाल मूर्तियां स्थापित किये जाने की तैयारियां की जा रही है। अनेक स्थानों पर तो आयोजकों ने मूर्तियां लाकर सुरक्षित स्थानों पर रख ली है। इस वर्ष 15 अक्टूबर से क्वांर नवरात्रि शुरू हो रही है। ज्यादातर स्थानों पर सामयिक विषयों से हटकर पौराणिक कथाओं पर केन्द्रित झांकियां ही सजाये जाने की सूचनाएं है। मंदिरों में ज्योतिकलश : नगर के सिद्ध स्थल मां चंडिका मंदिर में 2501, शीतला मंदिर बैगापारा में लगभग 15 सौ, सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन में 15 सौ ज्योति कलश स्थापित किये जायेगें। इसके अनुसार लगभग लक्ष्य के आसपास ज्योतिकलश की रसीदें सभी स्थानों पर काटी जा चुकी है। इनके अलावा संतोषी मंदिर संतोषी पारा, कात्यानी मंदिर सिकोला भाठा रोड, शनिमंदिर, गंजपारा सहित सभी शनि मंदिर, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, शहर के लगभग सभी मंदिरों में ज्योतिकलश स्थापित किये जा रहे है। ज्योतिकलश की दक्षिणा राशि 7 सौ रूपयों से शुरू होती है।



## माटी कला ग्राम थनौद में मां दुर्गा की आकर्षक मूर्तियां बनकर तैयार

दुर्ग जिले का ग्राम थनौद अपनी माटी कला कृतियों के लिये देशभर में विख्यात है। इसी ग्राम के सुख्यात मूर्तिकार बालम चक्रधारी इन दिनों छत्तीसगढ़ माटी कला आयोग के अध्यक्ष भी है। उनके अनेक शिष्य व रिश्तेदार कलाकार थनौद में मां दुर्गा, गणेश जी, विश्वकर्मा, सहित अनेक देवी देवताओं की मूर्तियों का निर्माण करते है। यहां बनने वाली दुर्गा मूर्तियों की विक्रय रेंज 25-30 हजार से शुरू होकर एक से डेढ़ लाख तक है। प्रतिवर्ष सिर्फ दुर्गा जी की सैकड़ों मूर्तियां छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के अलावा महाराष्ट्र के भंडारा, गोदिंया, नागपुर व अन्य शहरों में जाती है। उड़ीसा से भी यहां से मूर्तियां लोग आकर ले जाते है। इसके अलावा दुर्ग के कुम्हारपारा में भी मूर्तियां बनाई जाती है।

**■ छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, उड़ीसा तक के लोग यहां से मूर्तियां ले जाएगें**

# चुनाव में बाहर से आने वाले केन्द्रीय बलों के आवास के लिए शासकीय व निजी भवन और स्कूल आरक्षित

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कानून व्यवस्थाए सुरक्षा प्रबंध ड्यूटी हेतु अतिरिक्त बल तथा चुनाव पूर्व केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल की आवासीय व्यवस्था हेतु शासकीय भवन एवं अन्य भवनों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। जो इस प्रकार है-

शासकीय भवन पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवेकानंद सभागार भवन जेल तिराहा दुर्ग एवं सतनामी समाज भवन जेल तिराहा दुर्ग। मोहननगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे भवन आदित्यनगर दुर्ग व सिकोला भाटा गंजमंडी दुर्ग, मंगल भवन धमधा। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीएसपी स्कूल से..7;महिला समाज भिलाई, बीएसपी सेक्टर.5 एसपी, मीडिल स्कूल भिलाई, इस्पात क्लब सेक्टर 5, इस्पात क्लब सेक्टर 6, इस्पात क्लब सेक्टर 7 एवं इस्पात क्लब सेक्टर 8।

भिलाईभट्ठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्पात क्लब सेक्टर.1 भिलाई नगर, इस्पात क्लब सेक्टर.2 भिलाईनगर, इस्पात क्लब सेक्टर 4 भिलाईनगर। स्मृतिनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगल भवन स्मृतिनगर सुपेला। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक भवन वार्ड क्र. नगर पालिका परिषद मठपारा, मंगल भवन वार्ड क्र.16 शिवपुरी व सामुदायिक भवन वार्ड क्र.14 नगर पालिका परिषद अटल आवास बोगदा पुलिया। खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगल भवन भिलाई.3, सामुदायिक भवन उमदा। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सांस्कृतिक भवन नगर पालिक परिषद, सामुदायिक भवन वार्ड क्र.19 कुगदा नगर पालिका परिषद, खारून ग्रीन व राजीव भवन परसदा। उतई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगल भवन उतई। धमधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगल भवन व धीवर धर्मशाला शामिल है।

अन्य भवन. पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोड़वाना भवन सिविल लाईन दुर्ग, जलाराम सांस्कृतिक सिविल लाईन, बाफना मंगलम, सांई मंगलम, शकुंतला मंगलम, चोपडा पैलेस, छग ऑगन, साहू सदन केलाबाड़ी। मोहननगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अग्रसेन भवन ग्रीन चौक, मिलन मैरिज पैलेस बोगदा पुलिया के पास धमधा रोड़, सिंधु भवन राजेन्द्र पार्क चौक के पास। जेवरा सिरसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एमपीहॉल जुनवानी भिलाई, महिन्द्रा रिसोर्ट जेवरासिरसा दुर्ग। भिलाईभट्ठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हित चिंतक बैंक सेक्टर 1, मानव आश्रम सेक्टर 1, परसुराम भवन सेक्टर 2 भिलाई, गुजराती भवन सेक्टर 4 भिलाई, महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 भिलाई, सिंधु भवन सेक्टर 4 भिलाई।

भिलाईनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रगति भवन सिविक सेन्टर भिलाई, जैन भवन सेक्टर 6, अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई, पूर्व शंकराचार्य कॉलेज सेक्टर 6 भिलाई, खण्डेवाल भवन सेक्टर 6 भिलाईए फ्रंटियर भवन एमजीएम स्कूल रोड़ सेक्टर 6 भिलाईए छग ग्रंथालय सेक्टर 7 भिलाई, छत्रपति शिवाजी महाराज मंगल भवन मराठा मित्र मंडल सेक्टर 7 भिलाई, छग कुर्मी क्षत्रीय समाज भवन सेक्टर 7 भिलाईनगर, उत्तराखण्ड भवन सेक्टर 7, ब्राम्हण समाज भवन सेक्टर 7, स्कंद आश्रम हुड़को सेक्टर 9 भिलाई।

सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत छग अग्रवाल समाज धर्मशाला पश्चिम प्रियदर्शनी नगर नेहरूनगर भिलाई। सांस्कृतिक भवन शांति नगर वैशालीनगर नगर निगम द्वारा संचालित भवन सुपेला, अंजता मैरीज पैलेस स्मृतिनगर। छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीएसपी हायर सेकेण्डरी स्कूल केम्प.1 भिलाई, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन। अग्रसेन भवन खुर्सीपार, साहू सदन पाटन। अम्लेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्लेश्वर, तिवारी मैरिज पेलेस, ग्राम कौंही मंदिर प्रागंण रानीतराई शामिल है।

# कलेक्टर ने चुनाव के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व, मोबाईल नंबर व बैठक कक्ष भी किये सार्वजनिक

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल आयोजन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के नाम में संशोधन किया गया है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने जिले में सुचारू रूप से निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराने अधिकारियों के कार्यए दायित्व एवं उनके लिए कक्ष की व्यवस्था निर्धारित की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविन्द एक्का आईएएस अपर कलेक्टर दुर्ग ;9424280731 को कानून व्यवस्था, एमसीसी का दायित्व दिया गया है। इनकी बैठक व्यवस्था जिला कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्र.31 में निर्धारित की गई है।

इसी प्रकार रोहित व्यास आईएएस अपर कलेक्टर दुर्ग ;9425243450 एवं डॉ.दिवाकर सिंह राठौर, संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग ;9406291919 को नोडल अधिकारी ईईएम, एफएसटीए एसएसटीए वीएसटीए वीवीटीए एईओ एवं लेखांकन दल का दायित्व सौपा गया है एवं इनकी बैठक व्यवस्था क्रमश: जिला कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्र.32 एवं पुराना डीआरडीए भवन स्थित कार्यालयीन कक्ष में निर्धारित की गई है। अश्वनी देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग ;7869032989 को जिला पंचायत दुर्ग में स्वीप मतदान दल गठन, सामग्री, वापसी, बिजली, छाया, पानी, प्रशिक्षण एवं अवकाश इत्यादि के प्रबंधन का दायित्व दिया गया है। गोकुल राम रावटे अपर कलेक्टर दुर्ग ;9993786516 को नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट का दायित्व दिया गया है एवं कार्यालय जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द, जीई रोड मालवीय रोड दुर्ग के प्रथम तल में इनकी बैठक व्यवस्था की गई है। आशीष देवांगनआयुक्त नगर पालिका निगम रिसाली ;7587079064 को डेटा सेंटर, नगर पालिका निगम दुर्ग, जीई रोड दुर्ग में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान की जाने वाली ;सुविधा एप, ऑन लाईन.ऑफलाईन एसडीएम के समन्वय से अनुमति देने का कार्य दिया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ;सर्व को अपने विधानसभा क्षेत्र हेतु आबंटित कक्षों में विस क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र, वाहन, जुलुस, नुक्कड़ सभा, आमसभा रैली इत्यादि की अनुमति देने का कार्य दिया गया है। शैलाभ साहू आरटीओ दुर्ग ;7771841777 एवं सी.पी. दीपांकर खाद्य ;9425555833 को नोडल अधिकारी यातायात ;वाहन शाखा, प्रेक्षक, जिनिअ., सभी रिर्टनिंग ऑफिसर, सेक्टर अधिकारी, एफएसटी, एसएसटी, व्हीएसटी तथा चुनाव से संबंधित अन्य कार्य व्यवस्था के लिए वाहन आबंटन एवं पीओएल प्रदाय करना लागबुक एकत्रित कर हिसाब सहित जमा करने का दायित्व दिया गया है एवं इनकी बैठक व्यवस्था भू.अभिलेख शाखा के कक्ष क्र14 में निर्धारित की गई है। दीपक निकुंज संयुक्त कलेक्टर दुर्ग ;8717833848 को जिला कार्यालय के कक्ष क्र. 28 में नोडल अधिकारी शिकायत टोल फ्री नंबर 1959 लैण्डलाईन नं. 0788.2210180 डीसीसीए एनजीआरएससी विजिल तथा अन्य प्रकार के प्राप्त सभी शिकायतों का निराकरण करने का दायित्व सौपा गया है।

जिला आबकारी अधिकारी दुर्ग एवं जिला खनिज अधिकारी दुर्ग को अपने-अपने कार्यालयीन कक्ष में प्रेक्षकों की समूचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर दुर्ग ;9993235347 एवं देवेन्द्र कुमार चौबे, डिप्टी डायरेक्टर, कोष लेखा एवं पेंशन ;9425564630 को नोडल अधिकारी वीडियोग्राफी का दायित्व दिया गया है एवं इनकी बैठने की व्यवस्था स्थानीय निर्वाचन कार्यालय कक्ष पुराना डीआरडी, भवन स्थित अपने कार्यालयीन कक्ष में की गई है। मृगेन्द्र सिंह सोरीए उपसंचालक जनसंपर्क ;9826411268 एवं आर. नटेश सहायक संचालक ;9131946478 जिला जनसंपर्क कार्यालय दुर्ग को नोडल अधिकारी एमसीएमसी मीडिया तथा उससे संबंधित समस्त समिति ;इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मिडिया का दायित्व दिया गया है एवं इनकी बैठक व्यवस्था ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# विश्व दृष्टि दिवस पर कस्तूरबा विद्यालय में नेत्र शिविर



**बेमेतरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया अधीक्षिका सुषमा शुक्ला शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय बेमेतरा के श्री विजय कुमार देवांगन सहायक नोडल अधिकारी जिला अस्पताल बेमेतरा तथा दीपा शर्मा नेत्र सहायक अधिकारी जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा किया गया। अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को नेत्र की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य से अवगत कराया गया तथा नेत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करने की सलाह दी गई।

नेत्र शिविर में 110 बालिकाओं का नेत्र परीक्षण करने के उपरांत 8 बालिकाओं में दृष्टि दोष पाया गया और उनके चश्मे की जांच की गई।

उक्त आयोजन में श्री विजय कुमार देवांगन, दीपा शर्मा, अधीक्षिका सुषमा शुक्ला शर्मा, राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, सावित्री यादव, दीप्ति बाला नौरंगे, सोनाली सोनी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

# समर्थन मूल्य के अवैध धान विक्रय की कड़ाई से होगी रोकथाम

**बेमेतरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान धान खरीदी केन्द्रों में अवैध धान की आवक पर रोक के संबंध में संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किया गया है। जिससे इस अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्यों से धान लाकर राज्य के धान उपार्जन केन्द्रों के समर्थन मूल्य के अंतर्गत अवैध धान विक्रय की रोकथाम की जा सके। राईस मिलर अथवा धान के व्यापारी एवं कमीशन एजेंट द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ राज्य में आयात कर लाये जाने वाले धान की पूर्व अनुमति हेतु आवेदन जिले के कलेक्टर अथवा सीधे संचालक खाद्य को प्रस्तुत किया जावेगा।

इस आवेदन पत्र में राइस मिलर/व्यापारी/कमीशन एजेंट द्वारा धान विक्रयकर्ता फर्म/ व्यक्ति का नाम, उसका नाम, पूरा पता परिवहन की अवधि एवं माध्यम, आयात की जाने वाली धान की किस्म एवं प्रति चिंटल मूल्य संबंधी जानकारी के साथ-साथ आयात किये जाने वाला धान जिस स्थान पर कय उपरांत भण्डारित होगा, उसकी समस्त जानकारी उपलब्ध कराया जावेगी। आवेदन द्वारा आयात किये जाने वाले धान को सड़क मार्ग अथवा रेल मार्ग मंगाया जायेगा. उस मार्ग के विवरण की जानकारी भी आवेदन में प्रस्तुत की जाएगी ताकि रेलवे एवं परिवहन विभाग को इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी जा सके। आवेदन प्राप्त होने पर संचालक, खाद्य द्वारा इसका परीक्षण उपरांत निराकरण किया जायेगा। अनुमति जारी होने के उपरांत ही आवेदक द्वारा धान आयात की कार्यवाही की जावेगी। अवधि के दौरान अन्य राज्यों से सुपर फाइन किस्म का धान जो 2500 रुपये प्रति चिंटल से अधिक लागत का हो, के आयात के लिए संचालक खाद्य से अनुमति लेना आवश्यक नहीं है, किन्तु आयातक को इस किस्म के धान आयात करने की अग्रिम सूचना संबंधित जिलों के खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी को देना होगा। उपरोक्तानुसार जारी दिशा निर्देशों का जिले में कड़ाई से पालन किये जाने हेतु सचिव कृषि उपज मंडी बेमेतरा एवं जिले के राईस मिलर्स/पंजीकृत व्यापारियों को निर्देशित किया गया है।

# स्वीप की बैठक आज

**बेमेतरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टरकी अध्यक्षता में कल 13 अक्टूबर 2023 को जिला पंचायत के सभा कक्ष में मतदाता जागरूकता (स्वीप) की बैठक आयोजित की गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती लीना मंडावी ने बताया कि बैठक में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान शतप्रतिशत करने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने कार्य योजना बनाकर कार्य किया जायेगा।

**मतदान केन्द्र परिसर के मुख्य द्वार और प्रवेश द्वार पर अंकित होगी विशिष्टियां**-विधानसभा समान्य निर्वाचन-2023 हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में पहचान एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र परिसर के मुख्य द्वार पर एवं मतदान कक्ष के प्रवेश द्वार पर पीले रंग के पृष्ठ (बेक ग्राउंड) पर काले रंग से अंकित की जायेगी। जिसमें निम्न विशिष्टियां अंकित होगी - विधानसभा निर्वाचन-2023 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान तिथि, मतदान का समय और कुल मतदाता अंकित करना होगा। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने संबंधित अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई सात दिवस के भीतर पूरी करने के निर्देश दिये।

## पति-पत्नि विवाद थाने पहुंचा

**भिलाईनगर** । बीती रात शराब के नशे में घर लौटे पति के घर पहुंचते ही वह पत्नी को घर से निकल जाने कहा और जब पत्नी मना करने लगी तो उसकी पिटाई कर दी। महिला ने अपने पिता को फोन कर बुलाया और उनके साथ खुर्सीपार थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि सुभाष मार्केट निवासी महिला घर में काम कर रही थी तभी रात करीबन 9 बजे उसका पति शराब के नशे में घर आया और पत्नी को घर से निकल जाने कहा। महिला ने जब ऐसा करने से मना किया तो पति उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। महिला ने अपने पिता को फोन कर घर बुलाया। समझाने पर भी जब पति ने जिद नहीं छोड़ी तो बेटी को लेकर वह थाना पहुंचा और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 5145 स्थानों से मिटाया गया वॉल राइटिंग

**भिलाईनगर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने भिलाई निगम प्रशासन जुटा हुआ है। पूरे निगम क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक वॉल राईटिंग को मिटानेए प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्सए फ्लेक्स को निकालने के साथ ही शासकीय भवनो में लगे हुए जनप्रतिनिधियों के फोटो को ढंकने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर निगम में लगभग 150 कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो बीते चार दिनों से सार्वजनिक और निजी संपत्ति पर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में लगे हुए है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से निगम आयुक्त रोहित व्यास स्वंय संपूर्ण निगम क्षेत्र का दौरा कर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में शामिल हुए थे। निगम की टीम द्वारा निकाले जा रहे बैनरए होर्डिंग्सए वॉल राईटिंग को लेकर निरंतर मॉनिटरिंग कर दिशा निर्देश दे रहे है। आयुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है कि आचार संहित के तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगीए वहीं इस कार्य व्यावधान उत्पन्न करने वालो के विरूद्ध आचार संहिता के




नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**4 दिन से लगी 150 कर्मचारियों की टीम .**

भिलाई निगम क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के लिए बीते 4 दिनों से निगम के कर्मचारी लगातार डटे हुए है। इसमें सभी जोन कार्यालय से राजस्व विभाग की टीमए स्वास्थ्य विभाग का विशेष गैंगए एसबीएमए तोड़फोड़ दस्ता सहित लगभग 150 कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। वॉल राईटिंग -5145, पोस्टर-3999, बैनर-251 अन्य शामिल है।

### नये सिरे से होगी संपत्तिकर की गणना

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के भवनो का संपत्तिकरए यूजर चार्ज, जल कर, भू.भाटक, दुकान किराया वसूली का कार्य राजस्व वसूली ठेका प्राप्त एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि भवनों में पहुँचकर निर्मित तलो की जॉच कर रहे है ताकि भवन मालिक द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी के साथ मिलान कर वास्तविक संपत्तिकर की गणना हो सके। निगम द्वारा आवासीयए व्यवसायिक एवं अन्य भवनों से राजस्व वसूली हेतु एजेंसी को अधिकृत किया गया है। एजेंसी के कर्मचारी जोन 1 के घरो में जा कर पूर्व से निर्मित भवनों में तलो की वृद्वि तथा विवरणी में बताए क्षेत्रफल की जॉच की जा रहा है। एजेंसी द्वारा किये जा रहे जांच में भवन मालिकों के प्रस्तुत संपत्ति के स्वविवरणी में भिन्नता आ रही है। सभी भवनों का जांच किया जाना है जिसकी शुरूआत जोन-1 के 15 वार्डों के भवनो की जांच से किया गया है। निगम प्रशासन ने क्षेत्र के भवन मालिको से अपील किया है कि भवन का स्व विवरणी भरते समय मकान में बने तलों की संख्या निर्मित कुल क्षेत्र तथा रिक्त क्षेत्र की स्पष्ट जानकारी देकर अंतर की स्थिति में लगने वाले 5 गुना शास्ति राशि के देय से बचा सकता है। निगम में संपत्तिकर राशि का भुगतान दिसंबर तक 2 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है इसका लाभ उठाए।

## मुख्य चिकित्सालय में मनाया गया विश्व ऑर्थराइटिस दिवस

**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग द्वारा आज गुरुवार को सेक्टर-9 अस्पताल में विश्व ऑर्थराइटिस दिवस मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, विशिष्ट अतिथि के रूप में सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ.राजीव पाल एवं डॉ.कौशलेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए शाहिद अहमद सभी डा. सौरभ मुखर्जी. डॉ. अनुपम लाल, डॉ. संबिता पण्डा उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में अनेक ऑर्थराइटिस पेशेन्ट्स उपस्थित थे। डॉ. एम रवीन्द्रनाथ ने कहा कि ऑर्थराइटिस के इलाज के लिए डॉ. सहित समस्त दवाइयाँ व सुविधाएँ हमारे चिकित्सालय में सदैव उपलब्ध है, किसी भी पेशेन्ट को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इसके इलाज से ठीक होने में कुछ महीने का समय लग सकता है, पर कभी भी धीरज न खोएँ। इस आयोजन का उद्देश्य ही लोगों में ऑर्थराइटिस के प्रति जागरूकता लाना व इससे जुड़े मिथक दूर करना है। डॉ. बिनायके ने कहा कि हमारे चिकित्सालय में ऑर्थराइटिस की एडवांस्ड दवाएँ उपलब्ध हैं और सही समय पर इलाज आरंभ हो जाने से ऑर्थराइटिस में कोई समस्या नहीं आती हैं। डॉ.विनीता द्विवेदी ने कहा कि पेशेन्ट्स को डॉक्टर का साथ कभी भी नहीं छोड़ना चाहिए। ऑर्थराइटिस का इलाज कठिन नहीं है। डॉ. अनुपम लाल ने कहा कि. डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी अतिरिक्त उपाय नहीं आजमाना चाहिए। डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं और एक्सरसाइज से ऑर्थराइटिस को रोका जा सकता है।

## कल्याण कॉलेज में व्यक्तित्व विकास एवं परिष्कार कार्यशाला



भिलाईनगर, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिव्य भारत युवा संघ (दिया) छत्तीसगढ़ एवं कल्याण कॉलेज भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के सभागार में व्यक्तित्व विकास एवं परिष्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपने स्वागत उद्‌बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी. अग्रवाल ने दीया छत्तीसगढ़ को नि:स्वार्थ भाव से हर साल ऐसे वर्कशॉप आयोजित कर छत्रों को मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद दिया, और छात्रों को बताया कि हमारा व्यक्तित्व ही है जो जीवन भर हमारे साथ चलता है। और हमें पहचान दिलाता है। वर्कशॉप के मुख्य वक्ता दिव्य भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ के सह्सयोजक इंजिनियर युगल किशोर रहे। जिन्होंने बड़े ही रोचक उदाहरणों, विडियो एवं प्रेरणा प्रद कहानियों के माध्यम से व्यक्तित्व की परिभाषा एवं जीवन में इसका महत्व समझाया। उन्होंने चिंतन, चरित्र और व्यवहार को व्यक्तित्व की पहचान बताते हुए आत्म चिंतन, आत्मशोधन, आत्मनिर्माण एवं आत्म विस्तार को अच्छा व्यक्तित्व गढ़ने की चार सीढ़ी बताया। उन्होंने युवाओं को जीवन में हर परिस्थिति में संघर्ष करते हुए अपने जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं अपने आदर्श व्यक्तित्व से दुसरो को प्रेरणा देने की बात कही। वर्कशॉप के आयोजन में आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ.जी.के.चंद्रोल विभागाध्यक्ष बॉटनी, डॉ.एम.पी. गोस्वामी विभागाध्यक्ष गणित एवं डॉ.एन.सी. देशमुख विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यशाला मे महाविद्यालय के तीनो विभाग के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ चन्द्रोल ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं महाविद्यालय की तरफसे दिया। छत्तीसगढ़ का आभार व्यक्त किया संचालन डॉ. एन.सी.देशमुख ने किया।

## अखबार बांट सायकल से घर लौट रहे को कार ने मारी ठोकर

**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुबह लोगों के घरों में अखबार बांट कर सायकल से घर लौट रहे हाकर को सेक्टर-6 चर्च के पास कार ने ठोकर मार दी। कल हुए इस हादसे में घायल हाकर को जिला चिकित्सालय दुर्ग में उपचारार्थ भर्ती कराया गया है। घायल की पत्नी ने भिलाई नगर थाना पहुंच घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोतवाली थाना ने बताया कि सेक्टर-6 डी मार्केट सड़क 57 ई में निवासी रूमाना परवीन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका पति शेख जाबिर पेपर बांटकर अपनी सायकल से वापस घर आ रहा था तभी सेक्टर 06 चर्च के सामने कार चालक ने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये सायकल को ठोकर मार दी। शेख जाबिर के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल दुर्ग मे भर्ती किया गया है। कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**मंदिर में त्रिशूल की चोरी:** छावनी थाना क्षेत्र के तहत कैंप-2 संतोषी पारा के गणेश चौक के पास स्थित एक मंदिर से प्रतिमाओं को खंडित कर दिया गया। अज्ञात बदमाशों ने मंदिर में प्रतिमा को खंड़ित किया तथा त्रिशूल ले गए। जैसे ही मंदिर में प्रतिमा को खंडित होने की जानकारी लोगों को लगी वे मंदिर के पास जमा होने लगे। यही नहीं हिन्दू संगठन भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर हंगामा हुआ। मौके पर छावनी पुलिस पहुंची और लोगों को समझाइश दी। हालांकि लोग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए हैं। पुलिस ने कुछ स पुछताछ कर रही है।

## हथियार सहित तीन को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। 11 अक्टूबर के रात्रि 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति शीतला मंदिर इंदिरा नगर सुपेला के पास एवं आज 12 अक्टूबर को एक व्यक्ति खम्हरिया भाठा पानी टंकी के पास आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आने.जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे है। अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है। इसी तारतम्य में थाना सुपेला व चौकी स्मृति नगर की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर सूचना के आधार पर तीनो संदेही अकबर, विकास, मनोज को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से एक.एक लोहे का धारदार हथियार चाकू जप्त किया गया। आरोपी अकबर, विकास, मनोज नेताम को 12 अक्टूबर को न्यायिक रिमाण्ड में दुर्ग जेल भेजा गया। पूर्व में भी आरोपियों के विरूद्ध थाना सुपेला में कई अपराध दर्ज है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, उप निरीक्षक नवीन राजपूत चौकी प्रभारी स्मृति नगर, मनीष वाजपेयी, सउनि दिनेश सिंह, झुमुकलाल ठाकुर, प्रधान आरक्षक राकेश राय, अहफाज खान, आरक्षक राहुल साव, अभय सिंह का विशेष योगदान रहा। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक-832, 833, 834 2023 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाहरी की गई। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 धारदार हथियार चाकू भी जप्त किया है। आरोपी अकबर खान उर्फ 32 साल सुपेला, विकास उम्र 30 साल निवासी सुपेला तथा मनोज 35 साल निवासी ग्राम खम्हरिया भाठा के निवासी बताये गये है। पुलिस के अनुसार इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## दो मित्रों का संवाद है गीता : डॉ. इन्दुभवानन्द



**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। एमपी हाल जोगबनी में गहोई वैश्य समाज के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा के समापन अवसर पर ज्योतिष पिता आदिश्वर आधार कार्ड द्वारका शारदा पिता आदिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी कृपानंद सरस्वती महाराज के शिष्य शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला रायपुर के प्रमुख डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने गीता के सार भाग को प्रस्तुत करते हुए बताया कि गीता दो मित्रों का संवाद है। जीवात्मा परमात्मा दोनों अनादिकाल से मित्र हैं जीवात्मा के प्रतिनिधि अर्जुन है और परमात्मा के प्रतिनिधि भगवान श्री कृष्ण। जीवात्मा से मिलने की इच्छा परमात्मा सदा करते हैं। भगवती श्रुति ने जीवात्मा परमात्मा की एकता के बहुत संबंधों की बात की है जैसे दैशिक संबंध, सामान्याधिकरण सम्बन्ध, साजात्य संबंध, भ्रातृत्व संबंध किंतु जब मित्रता के संबंध की बात की तो जीवात्मा परमात्मा से मिलने के लिए सहज हो गया मित्रता का संबंध सभी संबंधों से श्रेष्ठ और बड़ा माना जाता है। एक मित्र अपने दूसरे मित्र से कुछ भी नहीं छुपा सकता है, जबकि पति-पत्नी से स्वामी सेवक से, भाई-भाई से कुछ छुपा सकता है किंतु मित्र अपने मित्र से कुछ भी नहीं छुपा सकता है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि अर्जुन मेरा ह्रदय है और मैं अर्जुन का ह्रदय में हू। कथा के पूर्व उन्होंने हवन, कपिला तर्पण, तुलसी वर्षा गीता पाठ आदि कार्यक्रम संपन्न किया। आचार्य महेंद्र शास्त्री आचार्य अभिषेक कृष्ण आनंद वीरेंद्र दुबे इत्यादिक आचार्य ने वैदिक कार्य संपन्न कराया ।

# लोकतंत्र के साथ विसंगतियां सहज जुड़ जाती है

**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिष्ठान और आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति जनअधिकार अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में जयप्रकाश नारायण की 122वीं जयंती एचएससीएल कालोनी स्थित जे.पी.परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर लोकतंत्र और विसंगतियाँ विषय पर परिचर्चा हुई । मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने कहा कि आजादी के पहले और बाद में भारत की तरूणाई को देश हिलाने के लिए सडकों तक लाने वालों में जे.पी. शामिल थे। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में भागीदार बनने वाले युवाओं को हमें जोडना होगा। आज स्थिति यह है कि सकारात्मक चिंतन के बजाय चुनरी, कॉवड और जल यात्रा के बहाने युवाओं को भडकाया जा रहा है। प्रमुख वक्ता साहित्यकार पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि लोकतंत्र के साथ विसंगतियां सहज रूप से जुड जाती है। सच्चा लोकतंत्र वहीं है, जिसमें लोक का राज हो तंत्र का नहीं। उन्होंने कहा कि अन्य देशें की तुलना में हमारे देश की व्यवस्था में आमूलचल परिवर्तन की आवश्यकता है । लोकलुभावन वायदों के झांसे में आज के युवा दिग्भमित हो जाते हैं, जिसका दुष्प्रभाव समाज में पडता है। समाजवादी नेता मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण कभी संसद नहीं गये किन्तु के लोकनीति में विश्वास करते थे। उन्होंने विभिन्न उद्धाहरणों के माध्यम से सत्य, अर्धसत्य, गढा हुआ सत्य जैसी अवधारणों की विस्तृत चर्चा की ओर उसके प्रभावों तथा प्रस्तुतिकरण पर बात कही। अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को आगे बढाने में जयप्रकाश नारायण की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनका संकल्प था कि न्याय देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। कल्याण महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि अगर लोकतंत्र में अगर विसंगतियाँ हैं, तो उसके निराकरण के उपाय भी है किन्तु लोग विसंगतियां है. तो उसके निराकरण के उपाय भी है,किन्तु लोग विसंगतियाँ खोजकर अपनी उर्जा नष्ट करते हैं, उपाय पर कोई चिन्तन नहीं होता। इन दिनों आभासी दुनिया में रहे भ्रष्ट लोग ईमानदारी का लबादा ओढे दिखाई देते हैं, इसके लिए सभी राजनीतिक दल दोषी हैं। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक आर.पी. शर्मा ने विषयानुरूप महात्मा गांधी,



डा.राममनोहर लोहिया, पं जवाहर लाल नेहरू, जयप्रकाश नारायण से लेकर छत्तीसगढ के प्रखर समाजवादी नेता पुरूषोत्तम कौशिक, महेश तिवारी, केयर भूषण आदि के कार्यों की विवेचना की ओर कहा कि युवाओं को दिग्भमित होने से बचाना पहला कर्त्तव्य होना चाहिए। आयोजन की पहली कडी में जे.पी. चौक सेक्टर-6 में प्रात: 9 बजे जे.पी. प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिसमें विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू, एवं लगभग 50 लोग उपस्थित थे । सभा स्थल पर भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की तस्वीर पर अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की । अन्त में नगर निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर ने आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर त्रिलोक मिश्रा, सजपा महामंत्री नंदकिशोर साहू, जयराम पासी, सुबेदार सिंह यादव, जीवनंदन, कपिल देव प्रसाद, आर.डी. चौधरी, नथुनी भगत, डी.पी. सिंह, खिलावन देवांगन, मंजुला महक, शमशेर आलम, के. मलैया, तेजस्विनी दास, कंचन, शेफाली दत्ता, सुनीता दत्ता, एस.जे. कुरैशी, सिमरन सिंह, रूपा धीवर, माया सिंह, एम.आर.रजक, बी.एम. सिंह के अलावा बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सेंट थॉमस में वन-शॉट कॉमिक्स प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने दया जीने की विधि है विषय पर एक शॉट कॉमिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में सभी विषयों के विद्यार्थियों न भाग लिया। निर्णायकों की कड़ी समीक्षा के बाद बी.कॉम अंतिम वर्ष के विश्वमोहन सिंह को प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया। उपविजेता बी.कॉम अंतिम वर्ष की रिया सारा जीजी रहीं। महाविद्यालय के प्रशासक फादर. डॉ. जोशी वर्गीस ने संवेदनापूर्ण नागरिकों के विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं के मध्य कॉमिक चित्रकारों और लेखकों जैसे अपरंपरागत कला वृत्तियों के संवर्धन के लिए विभाग की सराहना की। प्राचार्य डॉ.एम.जी. रोईमोन ने छात्रों को अगले साल पुन: इस प्रतियोगिता को बड़े स्तर पर आयोजित करने का सुझाव दिया ताकि प्रतिभाशाली छात्रों को कॉमिक बुक उद्योग में जो साहित्य जगत के गतिशील क्षेत्रों में से एक बन गया है। अपनी वृति निर्धारित करने का अवसर प्राप्त हो सके। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. सपना शर्मा ने छात्रों को साहित्य के अन्य कृतियों से जोड़ने, जटिल साहित्यिक विश्लेषण में सक्षम बनाने और गहन बोध के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में कॉमिक पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। वाणिज्य विभाग की अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ. शीजा वर्की ने छात्रों को अपनी राह पर चलने. निडर होकर प्रयोग करने और अपनी कलात्मक यात्राओं के दौरान रचनात्मकता को अपनी गति से विकसित होने देने का आह्वान किया।

## शंकराचार्य द्वारा टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग छ.ग.शासन एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के मार्गदर्शन में शंकराचार्य महाविद्यालय द्वारा दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस पुरूष, महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चिन्हित महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, प्रेमराज जाचक मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सेठ रतनचंद कॉलेज दुर्ग, शास. महाविद्यालय पाटन, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, शास. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, सेट थामस महाविद्यालय भिलाई, शास. मोहनलाल जैन महाविद्यालय के टीमे भाग ली। दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस पुरूष प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस टीम का चयन किया गया। खिलाडीयों में सेठ रतनचंद कॉलेज दुर्ग, पी. हरीश, निखिल देवांगन, शास. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग से लक्की देवांगन, शास. महाविद्यालय खुर्सीपार से अमन वर्मा, शास. महाविद्यालय पाटन से देवेश वर्मा। महिला प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस टीम का चयन किया गया। खिलाडीयों में सेठ रतनचंद कॉलेज दुर्ग से कु. शैल यादव, शास. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग से कु. दिसी मंडावी, सेट थामस महाविद्यालय से कु. अभिमान्या कन्नौजे, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा से कु. मंजुशा का चयन किया गया। उक्त खिलाडी शास. छत्तीसगढ महाविद्यालय रायपुर राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 16-17 अक्टूबर को भाग लेगे। डॉं वीरेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी दी। चयनित खिलाडियों को गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमैन आई. पी. मिश्रा एवं अध्यक्ष श्रीमती जया मिश्रा ने बधाई दी है।

## जल प्रबंधन विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम

**भिलाईनगर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के जल प्रबंधन विभ ाग में भारत सरकार की मुहिम स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता के प्रति मनुष्य की जिम्मेदारी को अधिकाधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उपयोगिता ए के जोशी ने कहा कि अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल किया जाना चाहिए। जल प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कहा कि अपने घरों में गंदगी की अच्छे से सफाई कर, सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग.अलग कर रखने की आदत डालनी चाहिए। जिससे कचरे का सही निष्पादन किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में विशेष रूप से महाप्रबंधक जे पी सिंह जल प्रबंधन विभाग, महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग प्रीतपाल सिंह, महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग संजय कुमार पांडे, महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग ज्ञानेन्द्र साहू, महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग किशोर बुढा, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी जल प्रबंधन विभाग रिजवान खान, सहायक महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग सुधीर स्वर्णकार, सहायक महाप्रबंधक जल प्रबंधन विभाग अजय नाथ, नारायण देशमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रबंधक कार्मिक.मिल्स जोन-3 विजय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद, रूहेल सिंह ने योगदान दिया।

## उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुति हेतु डॉ. सोनटके सम्मानित




**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके ने हाल ही में आयोजित 17 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फायर इंडिया-2023 एक्सपो में शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन इंस्टीट्यूशन ऑफफायर इंजीनियर्स ;इंडियाद्ध के तत्वावधान में आयोजित किया गयाए जिसमें 24 देशों के 350 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में विश्व भर के प्रख्यात वक्ताओं ने अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। डॉ सोनटके द्वारा एडवांस टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के प्रथम तकनीकी सत्र में प्रस्तुत शोध पत्र का शीर्षक था इनोवेटिव एलिवेटर डिज़ाइन जीवन सुरक्षा के तकनीकी कानूनी परिदृश्य में सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने हेत इनोवेटिव एलिवेटर डिज़ाइन का विकास। डॉ सोनटके ने लिफ्ट में शुरू की गई नवीनतम सुविधाओं और तकनीकी प्रगति के साथ साथ लिफ्ट के उपयोग, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों और लिफ्टों से संबंधित वैधानिक प्रावधानों पर भी चर्चा की और वर्तमान लिफ्ट सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में आवश्यक सुधार और स्मार्ट आई आधारित तकनीकों की आवश्यकता का सुझाव दिया। भारत सरकार के अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक ताज हसन ने आईएफई के अध्यक्ष पी के राव अतिथियों की उपस्थिति में सम्मेलन का उदघाटन किया। ओएनजीसी के सीजीएम संजीव कपूर व गोवा अग्निशमन सेवा के निदेशक नितिन रायकर ने सत्र की अध्यक्षता की। जहाँ डॉ आर सोनटके ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महानिदेशक डॉ.यू.एस. छिल्लर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस 3 दिवसीय सम्मेलन के दौरान औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन ऊंची इमारतों, लिफ्टो, एस्केलेटर, जोखिम शमन, आपदा प्रबंधन, स्थिरता और चुनौतियो, कोड, मानकों और प्रमाणन आदि में सुरक्षा डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी।

## रिकोटार में नवदुर्गा उत्सव समिति का गठन

**बिलाईगढ़,** 12 अक्टूबर। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम रिकोटार में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर्व बजरंग चौक रिकोटार में मां दुर्गा पूजन कि स्थापना किया जाना है। यह नवदुर्गा उत्सव समिति रिकोटार के तत्वाधान में दुर्गा स्थल को आकर्षण ढंग से सजाया जा रहा है।

# कलेक्टर एल्मा ने बेरला भ्रमण के दौरान ली स्वास्थ्य अमले की बैठक



**बेमेतरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पीएस एल्मा आज गुरुवार को बेरला भ्रमण के दौरान विश्रामगृह सभागार में विधानसभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए विकास स्तरीय स्वास्थ्य के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में दवाई आदि के बारे में पूछा। बैठक में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.जितेंद्र कुंजाम सहित सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा एएनएम का प्राथमिक उद्देश्य शिशुओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित रोगियों की देखभाल करना है। रोगियों, परिवारों और समुदायों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है ताकि वे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता प्राप्त कर सकें, बनाए रख सकें या पुनर्प्राप्त कर सकें। इसे आप अच्छे से करें।

कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू है। कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे आचरण संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाइयों,चिकित्सकीय उपकरण आदि का पर्याप्त संख्या में हो। ताकि निर्वाचन में लगे अधिकारी-कर्मचारियों और सुरक्षा बल आदि को आवश्यकता होने पर तुरंत जरूरी उपचार मिल सके।

### आनंदगांव स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि स्वास्थ अमला समय पर स्वास्थ्य केंद्रों पर रहे। बैठक में उपस्थित समस्त कर्मचारियों को अपने कार्यों की ऑनलाइन एंट्री सतत करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की जानकारी ली । उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को उनके कार्य में आने वाली कठिनाइयों एवं व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली ।

कलेक्टर ने आनंदगांव के स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। पेयजल, विभिन्न कक्षों दवाई स्टाक रूम रूम, का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उपलब्ध ज़रूरी व्यवस्थाओं,सुविधाओं, संसाधनों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों से बातचीत की।

इसके बाद कलेक्टर श्री एल्मा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्र जौग,अतरगड़ही और भिम्भोरी पहुँचे वहां उन्होंने मतदान केंद्र का अवलोकन कर बिजली,पानी, रैंप आदि व्यवस्था देंगी। उन्होंने और बेहतर मूलभूत सुविधाओं को समय में करने पूरा करने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी को कहा।

# अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें : कलेक्टर

**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले के अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बार्डर बागनदी एवं पाटेकोहरा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर स्थैतिक निगरानी दल मौजूद थे। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे टीमों के साथ आबकारी और पुलिस विभाग की टीम को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। जिले के सभी चेकपोस्ट में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें। साथ ही संदिग्ध वाहनों की पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। जिले के सभी चेकपोस्ट में निर्वाचन कार्यालय द्वारा गठित टीमों के साथ आबकारी विभाग एवं पुलिस की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी चेकपोस्ट में प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट में की जा रही कार्यवाही एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन का समय है ऐसे में अवैध शराब, राशि तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ परिवहन, आबकारी, खनिज विभाग की टीम को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने कहा। उन्होंने चेकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की अच्छे से जांच करने के निर्देश दिए। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने पाटेकोहरा चेकपोस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया और सभी टीम को सतर्क एवं सजग रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, सहायक आयुक्त आबकार श्री अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 11 अक्टूबर को शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन प्रति वर्ष महाविद्यालय में आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों से महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं प्रशासन से सीधा संपर्क स्थापित कर महाविद्यालय विकास एवं उन्नयन हेतु सुझाव प्राप्त करना होता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, सदस्य शिक्षक अभिभावक समिति नें सर्वप्रथम सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का परिचय करवाया एवं सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्य से अभिभावकों को अवगत कराया।



सम्मेलन में प्रमुख रूप से उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने सम्मेलन में उपस्थित सभी अभिभावकों को बताया कि उनके सहयोग एवं समर्थन से ही महाविद्यालय सफलता की राह निरंतर अग्रसर है। पिछले वर्ष नैक मूल्यांकन में महाविद्यालय ने बी डबल प्लस ग्रेड हासिल किया, जो महाविद्यालय की प्रमुख उपलब्धि है। अभिभावकों की ओर से प्रकट की गई जिज्ञासाओं का समाधान महाविद्यालय प्रशासन की ओर से डॉ. सुषमा तिवारी विभागाध्यक्ष संस्कृत, श्रीमती नंदिनी चंद्रवंशी विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र एवं एमके मेश्राम विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र द्वारा किया गया। अभिभावकों की ओर से अरूण सिंह कोर्राम, दयाराम साहू, श्रीमती निशा बाई, कु. तनूजा गावडे, कु. धामनी तुलावी, परमेश्वर कोटपारिया, श्री सागर, डेनिश वर्मा, ऋषभ ठाकुर, लेवन ठाकुर, कु. भारती कुंजाम, कामिनी पुरामे, मनीराम, जयंत राम, डिलेश्वरी, नवीन कुमार, विष्णु, अनूप एवं जनक ने सम्मेलन में भाग लिया एवं अपने सुझाव रखें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक अभिभावक समिति की संयोजक एवं राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव

# वरिष्ठ महिला सदस्यों का सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज के प्रणेता भगवान अग्रसेन जी की जयंती 7 दिवसीय महोत्सव स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में बडी धुमधाम से मनाया जा रहा है। अग्रवाल सभा के सचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि आज समाज की 70 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाली महिलाओं का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम के पहले किया जावेगा। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समुद्र मंथन की प्रस्तुति की जावेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 06 बजे गोंविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में रखा गया है। अग्रसेन जयंती महोत्सव में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा गुरूवार 12 अक्टूबर को आयोजित स्वास्थ शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 समाजिक बंधुओं की जांच की गई। युवा सम्मेलन के पदाधिकारी अर्चित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, विनोद अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ शिविर में सुबह 07 बजे से ही जांच कराने के लिये समाजिक बंधु अग्रसेन भवन आना प्रारंभ कर दिये थे। टेस्ट के लिये खाली पेट आना अनिर्वाय था, जांच के पश्चात सभी के लिये स्वाल्पाहार की व्यवस्था भवन में रखी गई थी।



अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा लोहिया कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनीता राजेन्द्र अग्रवाल एवं रितु मनोज अग्रवाल ने एक जानकारी में बताया की अग्रसेन जयंती महोत्सव का प्रमुख कार्यक्रम आज शुक्रवार दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में संध्या 07 बजे से वरिष्ठ महिला सदस्यों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की महिलाओं द्वारा समुद्र मंथन का नाट्य प्रस्तुतिकरण किया जावेगा। प्रतिदिन होने वाली आरती में आज रूचिका व श्रद्धा अग्रवाल परिवार एंव चांदनी व रोशनी परविार द्वारा भगवान अग्रसेन जी की आरती पूजा की गई। उन्होने आगे कहा कि समाजिक बंधुओ से अपील है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लें। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने एक विज्ञप्ती में दी।

## अंत्येष्ठी कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे

**बिलाईगढ़,** 12 अक्टूबर (देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ क्षेत्र के नगर पंचायत टुण्डरा में रंजीत बारले एवं सुशील बारले तथा ग्राम लुकापारा में ईश्वर जांगडे अध्यक्ष ग्राम पटेल जिला सारंगढ बिलाईगढ का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिसके अंत्येष्ठी में शामिल हो कर शोक सभा एवं मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमे राजमहंत पुलस्तय कुमार घृतलहरे ने मृतकों के परिवारों को संवेदना ब्यक्त करते परिवारों को दुख की घडी में सम्बल प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना किये मौके पर नील कुमार चेलक,यादराम हिरवानी,रामदास जांगडे,केशराम पंकज,छतराम नवरत्न,रामेश्वर खटकर,डा पुकराम कुर्रे, घन्श्याम बारले,मनहरण बंजारे सहित अंचल के प्रतिष्ठित जन भारी संख्या में शामिल रहे ।

# भाजपा ईकाई का आंकड़ा भी पार नहीं करेगी : मेहुल मारू



**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन से पीसीसी सचिव और विधानसभा प्रभारी मेहुल मारू के नेतृत्व में आज डोंगरगांव विधानसभा के मारगांव, तिलईरवार, कोकपुर, दीवानभेड़ी सेक्टर की बैठक डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू, प्रदेश कांग्रेस सयुक्त महासचिव श्रीमती विभा साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, शिवम चौधरी, योगेंद्र साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। पीसीसी सचिव मेहुल मारू ने कहा अब की बार 75 सीटो के साथ फिर से सरकार बनाना हमारा लक्ष्य है। हमारी भूपेश सरकार के काम हमारी जीत के आधार बनेंगे तथा हमारे काम ही चुनावी मुद्दा होंगे। अब की बार भाजपा इकाई के आंकडे को भी पार नहीं कर पाएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के पांच सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने किसानों, महिलाओं, मजदूरों, युवाओ के खातें में पौने दो लाख करोड़ रूपये सीधे डालने का काम किया है। जनता का कांग्रेस के प्रति भरोसा बढ़ा है। इसी भरोसे के दम पर अब की बार 75 पार का लक्ष्य पूरा होगा। राज्य का हर नागरिक चाहता है भूपेश सरकार को फिर से बनाना। बैठक में प्रमुख रूप से लिलम गोस्वामी, लोलिश पटेल, लोकेश सिन्हा, मुश्ताक खान, चमार राय, हरीश तवर, जगदेव दास, तुलाराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. रमन सिंह 16 को करेंगे नामांकन दाखिल : शिव वर्मा



**राजनंदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने बताया कि भाजपा का नामांकन रैली 16 को स्टेट हाई स्कूल मैदान से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक डॉ रमन सिंह को विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया हैं। निर्वाचन आयोग ने इस बार चुनाव के लिए बहुत कम समय दिया है इसको ध्यान रखते हुए सभी कार्यकर्ता तो अपने अपने क्षेत्र में प्रत्येक घरों तक पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी डॉ रमन सिंह को विजय बनाने के लिए कमल फूल पर वोट के लिए अपील करे। श्री वर्मा ने आगे कहा कि 16 तारीख के नामांकन रैली के लिए सभी मोर्चा प्रकोष्ठ, बुथ के अध्यक्ष, सचिव, बी,एल,ए 2, वार्ड के प्रमुख कार्यकर्ता, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, भाजपा का समर्थक सभी से अनुरोध है। कि इस रैली में अपने-अपने वार्डों से अधिक से अधिक संख्या में इस नामांकन रैली में अपने साथ स्टेट हाई स्कूल मैदान में पहुंचे।

# कलेक्टर व ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण व मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति कक्ष का किया निरीक्षण

**बेमेतरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पीएस एल्मा ने आज ज़िला पंचायत कार्यालय में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण (ईईएम) मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एम.सी.एम.सी.), व्यय प्रेक्षक कक्ष का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने कलेक्टर के निर्वाचन शाखा और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर ज़रूरी व्यवस्था और उपकरण का भी जायज़ा लिया। उन्होंने और बेहतर साफ़-सफ़ाई के निर्देश दिए । अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, श्री सी.एल.मार्कण्डेय साथ थे । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीते 9 अक्तूबर को छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया हैं।छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होगा।पहला चरण 7 नवम्बर को और दूसरा चरण 17 नवम्बर 2023 को होगा। ज़िले की तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को मतदान होगा।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार ज़िले में 21 अक्टूबर (शनिवार) को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर (सोमवार) है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर (मंगलवार) तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर (गुरुवार) तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर (शुक्रवार) को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर (रविवार) को निर्धारित की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया 5 दिसम्बर 2023 (मंगलवार) को पूरी हो जाएगी। विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद ज़िले में धारा 144 लागू हो गयी है।

## निधन

### डॉ. सरोज शुक्ला

**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर। तहसीलदार सेवानिवृत्त स्व. जयनाथ शुक्ला की पत्नी डॉ. सरोज शुक्ला 87 साल का आज 12 अक्टूबर आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को शिवनाथ नदी के तट पर मुक्तिधाम, दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 86/ए/3 नेहरू नगर पूर्व भिलाई से दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन देव शुक्ला, संयंत्र से सेवानिवृत अधिकारी जयदेव शुक्ला, श्रीमती कल्पना द्विवेदी, श्रीमती स्वप्ना नायक की मां व सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश द्विवेदी व संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक दीपक नायक की सास थी।



### मोहम्मद हुसैन

**सरायपाली,** 12 अक्टूबर। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहम्मद हुसैन (मो. सेठ) (77) का आकस्मिक निधन हो गया। वे मुस्ताक, मतलूब हुसैन के बड़े भाई व हामीद खान (मुन्ना) के पिता तथा गुलजार, गुलशेर, अहफाज के बड़े पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार 13 अक्टूबर दोपहर 2 बजे जुमे की नमाज के बाद बाजार पारा निवास स्थान से निकलेगी।



### कुलवंत कौर

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर। कसारीडीह चौक निवासी कुलवंत कौर (90) का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरनाम सिंह की पत्नी, ट्रांसपोर्टर लखविंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह की माता व रिमपाल सिंह व जसपाल सिंह की दादी थी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### मासूम के सामने अश्लील हरकत ...

था। 7 अप्रैल 2020 की शाम आरोपी बालिका को झूला झूलाने के नाम से घर से अपने साथ ले गया था। कुछ समय बाद बालिका के पिता को फोन पर बुलाए जाने पर वह मोहल्ले के तालाब के पास गया। जहां काफी भीड़ थी। उसकी बेटी और महेन्द्र मौके पर मौजूद थे।

पूछताछ में बच्ची ने बताया कि महेन्द्र उसे अपने साथ तालाब में सुनसान इलाके में लेकर आया था। जहां मोबाइल पर अश्लील विडियो दिखाया और पेंट खोल कर अपना प्राइवेट पार्ट बाहर निकाला और बच्ची से बोला कि यह मेरा सामान है इसे पकड़ो।

जानकारी मिलने पर बच्ची और महेन्द्र को स्मृति नगर चौकी ले जाया गया। इस दौरान मोहल्ले के वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। स्मृति नगर चौकी के प्रभारी के पास शिकायत दर्ज करायी गई। जिसके बाद प्रभारी ने बच्ची के पिता को बच्ची को घर ले जाने कहा और बताया कि इस संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में उन्हें जानकारी दी जाएगी। आरोपी को पुलिस ने चौकी में ही बैठाकर रखा गया था। कुछ समय बाद आरोपी महेन्द्र पटेल वार्ड पार्षद के साथ मोहल्ले में आ गया। की महिनों तक इंतजार करने के बाद भी पुलिस द्वारा इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़ित पक्ष द्वारा एसपी से लिखित शिकायत की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस हरकत में आई और आरोपी महेन्द्र कुमार पटेल के खिलाफ 15 नवंबर 2022 को अपराध पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना पश्चात प्रकरण को विचारण के लिये अदालत के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण पर विचारण पश्चात विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने अभियुक्त को मासूम के सामने अश्लील प्रदर्शन करने का दोषी पाया। अभियुक्त महेन्द्र कुमार पटेल (40 वर्ष) को पॉस्को एक्ट की धारा 12 के तहत एक वर्ष के कारावास से दंडित किये जाने का फैसला सुनाया गया है।

### हेमचंद विवि की ...

संकाय की बीए तथा बीए बीएड की पूरक परीक्षाएं संचालित होगी। वि.वि. द्वारा 07 जिलों में कुल 48 पूरक परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। दुर्ग जिले में 15, बालोद जिले में 07, राजनांदगांव जिले में 10, बेमेतरा जिले में 05, कबीरधाम जिले में 07, मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले में 02, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 02 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये जा रहे है। इनमें से बड़े महाविद्यालयों में छात्रसंख्या के आधार पर तीनों पाली में परीक्षा आयोजित होगी। जबकि अनेक अन्य छोटे महाविद्यालयों में केवल बीए की परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण सायंकालीन पाली में ही परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा विभाग के अनुसार परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र पर जिस परीक्षा केन्द्र का नाम अंकित होगा उसे वहीं परीक्षा देना अनिवार्य है।

आज पूरक परीक्षा आवेदन जमा करने के अंतिम दिन दोपहर 2 बजे तक वि.वि. में कुल 33766 आवेदन प्राप्त हुए है। अब वि.वि. किसी भी परीक्षार्थी को पूरक परीक्षा संबंधी ऑनलाईन आवेदन हेतु अनुमति प्रदान नहीं करेगा।

### कलेक्टर ने चुनाव के लिए ...

भू.अभिलेख कार्यालय के उपरी तल के कक्ष में की गई है। आदित्य कुजांमए अधीक्षक भू.अभिलेख शाखा ;9981584877 को आबकारी शाखा में मतदाता सूची के अवलोकन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## धानापुरी में होगा राज्य स्तरीय भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता, विजेता होंगे सम्मानित

**गुरुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के सैनिक ग्राम धानापुरी में 23 अक्टूबर सोमवार को राज्य स्तरीय भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित है। यह कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से जय ज्वाला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित होगा। आयोजन समिति से जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता के सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 20001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15001 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 10001 रुपए निर्धारित है। युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय पुरस्कार 5001 एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सिलेक्टेड कार्यक्रम को ही प्राथमिकता दी जाएगी, उन्होंने प्रतिभागियों को सीडी एवं मेमोरी कार्ड साथ मे लाने एवं प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क जमा कर अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए अपील किया है।

# कलेक्टर ने डोंगरगढ़ में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## निर्वाचन कार्य में नहीं होनी चाहिए लापरवाही



**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगढ़ में निर्मित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पेटियों को सुरक्षित रखे जाने एवं उनकी निगरानी के लिए सुदृढ़ व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से पूर्व पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतदान समाप्ति उपरांत मतदान पेटियों को व्यवस्थित ढंग से स्ट्रांग रूम में रखी जाने की व्यवस्था देखी। मतदान पेटियों की सुरक्षा, बैरीकेटिंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों का प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन समयबद्ध एवं महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ गिरीश रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पालिका कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नही,परिवार आर्थिक संकट में

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। 4 माह से भी अधिक हो होने को है कर्मचारियों का वेतन भुगतान नही किया गया। राकेश द्विवेदी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा में कर्मचारीयों के 4 माह से वेतन नही हुआ है कर्मचारियों का परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उपर से साहूकारों का कर्ज अलग से इनके उपर चढ़ चुका है। छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिंता के प्रभावी होने से कर्मचारियों के हाथ बंध गये है। उन्होने प्रशासन से कर्मचारियों की वेतन यथाशीघ भुगतान करने की मांग की है। ज्ञात हो की नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा कार्यालय में पदस्थ 39 नियमित कर्मचारी एवं 56 प्लेसमेंट कर्मियों को जून जुलाई अगस्त और सितम्बर चार माह का वेतन का भुगतान नहीं होने से नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं। वही प्लेसमेंट कर्मियों को एक महीने का वेतन भुगतान किया गया। कर्मचारी का वेतन भुगतान नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ रही हैं। पिछले नगर पालिका कार्यकाल में बीएसपी द्वारा टैक्स के रूप में निकाय मद में 4 करोड़ 31 लाख रुपये प्राप्त हुआ था। वही दल्लीराजहरा शहर से घरेलु टैक्स के रूप में 60 से 70 लाख की राशि प्रति वर्ष प्राप्त होती हैं। पिछले कार्यकाल में नगर पालिका अध्यक्ष काशी निषाद एवं अधिकारी कर्मचारी द्वारा तय किया गया था। लगभग 1 करोड़ की राशि का विकास कार्य शहर के समस्त वार्डो में विकास कार्य किया जायेगा। बाकी राशि 3 करोड़ रूपए को फिक्स करा कर्मचारी के वेतन के लिये रखा जायेगा। इसके पश्चात् उक्त नियमों की अनदेखी कर वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका आधिकारी द्वारा मिली भगत कर भाव प्रत्र में टेंडर लगा उक्त राशि को बन्दरबाँट कर इस कार्यकाल में अपने मन पसंद ठेकेदार को भाव पत्र में सिर्फ दिखावे कर गुणवत्ताहिन कार्य कराया जा रहा हैं। बीएसपी प्रबंधन के द्वारा टैक्स के रूप में मिले पैसे का दुरुपयोग खुलेआम किया गया है। वही केंद्र सरकार द्वारा 14 वें एवं 15 वें वित्त में लगभग 10 करोड़ की राशि के साथ अधोसंरचना मद में भी लगभग 10 करोड़ की राशि एवं डी.एम.फ.फंड के अलावा और भी अन्य मदों से करोडो रूपये की राशि नगर पालिका को प्राप्त होने के बाद भी शहर के विकास के नाम पर नागरिको को छला जा रहा हैं। राकेश द्विवेदी ने कहा नगर में चारो ओर गन्दगी फैली हुई हैं। वार्डो में बस्तियों के अन्दर जाने वाले सीसी रोड एवं नालियों की स्थिति बहुत ही ख़राब हैं। नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ हैं। नगर पालिका दल्लीराजहरा के कर्मचारी एवं उनके परिवार 4 माह से अधिक हो जाने के बाद भी वेतन का भुगतान न कर अपने ही कर्मचारीयों के परिजनों का शोषण कर रही हैं। राशन, स्कूलों फ़ीस व घर अवश्यकता की भरपाई न हो पाने के कारण कर्मचारियों की स्थिति दयनीय हो गई हैं। निरंकुश एवं तानाशाही सत्ता एवं शासन के डर से कर्मचारी विरोध नहीं कर पा रहे है।



■ केन्द्र से करोड़ों रूपय प्राप्त होने बाद भी शहर को विकास के नाम पर छला जा रहा:द्विवेदी

■ पालिका में नियमों का हो रहा अनदेखी,टेक्स से मिले राशि का दूरूपयोग

# राजा खड़गराज सिंह को मिला आदिवासी समाज का समर्थन

**सहसपुर लोहारा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सदस्य राजा खड़गराज सिंह की ताकत जैसे जैसे चुनाव पास आते ही बढ़ने लगी है। लगातार उनके क्षेत्र में घूमने से लोगो से आत्मीयता से मिलने से लगातार राजा के समर्थन में हर वर्ग, हर जाति, हर समाज और धर्म के लोग उनके समर्थन में आगे आ रहे है। इसी कड़ी में आदिवासी समाज के पुरे कवर्धा जिले के समाज प्रमुखो ने सैकड़ो की संख्या में राजमहल पहुंचकर राजा खड़गराज सिंह के समर्थन तन, मन, धन से चुनाव में सहयोग करने की बात कही। बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी समाज के पदाधिकारियों, समाज प्रमुखो ने अपनी राजनितिक विचारधारा से ऊपर उठते हुए राजा खड़गराज सिंह के पक्ष में कार्य करने की बात कही।

ज्ञात हो की जितनी भारी संख्या में आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनितिक दलों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी और समाज के जाने पहचाने प्रतिष्ठित चेहरों की उपस्थिति राजमहल सहसपुर लोहारा में देखने को मिली उसे इस चुनाव के समय बहुत बड़ी बात मानी जा रही है क्योंकि इनमें से अधिकाश लोग कांग्रेस, भाजपा, जोगी कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए लोग है।



जिससे इसका असर सभी राजनितिक पार्टियों पर पड़ेगा। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रो में पिछड़ा वर्ग में सहसपुर लोहारा राजपरिवार का बहुत ज्यादा प्रभाव है। लोग राजपरिवार और उसके सदस्यों को अपने बीच का अपना भला चाहने वाला मानते है। और जब जब राजपरिवार का कोई सदस्य चुनाव लडता है तब तब ग्रामीण मतदाता अपनी राजनितिक विचारधारा और राज नीतिक प्रतिब्धता को ताक में रख कर राजपरिवार के समर्थन में मजबूती से खड़ा होते आये है। जिस प्रकार से आदिवासी समाज के जाने पहचाने और नामी चेहरों ने राजा को अपना समर्थन दिया है उससे राजा की स्थिति बहुत मजबूत हो जायेगी। हालांकि इन लोगो ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर कहा की सहसपुर लोहारा राज परिवार हमेशा से जब जब जनता को जरूरत पड़ी है तब तब वो जनता को मार्ग दिखाते हुए उनके साथ खडे होकर तन, मन और धन से सहयोग करते आये है। जब आज राजपरिवार को हमारे साथ और समर्थन की जरूरत है। तों हम कैसे पीछे रह सकते है। इस लिए हर वर्ग, हर जाति, हर समाज और हर धर्म के लोग उनके समर्थन में साथ आएंगे राज परिवार की लड़ाई अब हमारी लड़ाई बन चुकी है। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह को जिस प्रकार का समर्थन ग्रामीण क्षेत्रो से मिल रहा है उससे राजनितिक रणनीतिकार भी हैरान है। और उन्हें बहुत मजबूत उम्मीदवार मान रहे है।

# विधानसभा चुनाव के दौरान गुंडा बदमाशों के ऊपर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

■ एसपी अंकिता शर्मा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

■ एसपी ने ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों जायजा



**खैरागढ़,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा 12 अक्टूबर गुरुवार को एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के सभी थानों प्रभारियों की विधानसभा चुनाव से संबधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर अधिकारियों को चुनाव से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया इस दौरान एएसपी नेहा पाण्डेय, गण्डई एसडीओपी प्रशांत खाण्डे की उपस्थिति में जिले के थाना/चौकी प्रभारियों की मींटिग लेकर विधानसभा चुनाव के तैयारियों व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए बैठक आयोजित की गई। एसपी अंकिता शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि अपराध को रोकने व असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने व समंस/वारंटो की तमीली पर विशेष बल दिया गया। थाने में पूर्व से लंबित अपराध, मर्ग,व शिकायतों के शीघ्र निराकरण करने की हिदायत दी गई। अपराधों के रोकथाम के लिए अधिक से अधिक माईनर एक्ट की कार्यवाही कर जुआँ, अवैध शराब बिक्री नशाखोरी पर नियंत्रण करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। अगामी होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान देते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गो एवं अन्तर्राज्यीय सीमा में अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थ व असामजिक तत्वो के आवागमन पर नियंत्रण करने के लिए मोबाईल चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। जांच के दौरान अवैधानिक पदार्थ पाये जाने पर विधि के अनुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। एमव्ही एक्ट की कार्यवाही में गति लाने हिदायत दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के वातावरण को दूषित करने वाले तथा अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखने की हिदायत दी गई है। किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले या समाज में किसी प्रकार के लड़ाई झगड़ा के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वाले गतिविधि पाये जाने पर तत्काल सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए लगातार गुंडे बदमाशों के ऊपर कार्रवाई की जा रही है। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराना चाहते हैं। कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो पुलिस के द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उलंघन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। साथ ही मिटिंग के दौरान कन्ट्रोल रूम केसीजी में उत्कृष्ट कार्य करने अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त मीटिंग में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के समस्त थाना चौकी प्रभारी खैरागढ़ ठेलकाडीह, छुईखदान,गण्डई, गातापार, मोहगांव, साल्हेवारा, बकरकट्टा, जालबॉधा उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा पदाधिकारी राष्ट्रीय नेताओं से मिडिया मैनेजमेंट संबध में ली प्रशिक्षण

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**12 अक्टुबर (देशबन्धु)। स्थानीय भाजपा संगठन के आईटी सेल व सोशल मीडिया विभाग से जुड़े कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारी ने भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से मीडिया मैनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया। डौंडीलोहारा आईटी सेल संयोजक ने बताया कि प्रशिक्षण में केंद्रीय मंत्री.द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया की कांग्रेस सरकार की सभी भ्रष्टाचार को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच में लाना है। और भूपेश बघेल के किए गये झुठेवादे के लिए लोगों को जागरूक करना है। वर्तमान में सोशल मीडिया हमारा वह हथियार है,जो सीधा-सीधा जनता के बीच में सच्चाई को पेश करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के केंद्रीय मंत्री श्री माण्डविया, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी तथा भाजपा सांसद विजय बघेल से डौंडीलोहारा क्षेत्र के भाजपा संगठन के आईटी सेल से जुड़े आईटी सेल संयोजक व महामंत्री धनेश साहू, आईटी सेल सह संयोजक हुलेश देवांगन लव कुमार केशव निषाद शंकर प्रीतम नकुल यादव हितेश निर्मलकर चांदमल जैन राकेश साहू मोनू देवांगन प्रकाश साहू भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकार मंत्री निखिल अग्रवाल श्री बैध भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से मिले व उनसे राजनीति व मीडिया मैनेजमेंट पर बात चीत किये व छत्तीसगढ़ में भाजपा की सत्ता फिर से लाने का संकल्प लिया है।



■ युवा कार्यकर्ताओं ने छ.ग में फिर से भाजपा की सत्ता लाने का लिया संकल्प

# आचार संहिता लागू होते ही खैरागढ़ पुलिस कर रही लगातार वाहनों की चेकिंग

**खैरागढ़,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 9 अक्टूबर सोमवार को आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा लगातार बैठक आयोजित कर अधिकारियों को चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया जा रहा है। केसीजी जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा के द्वारा निर्वाचन आयोग के सभी आदेशों का पालन करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को चुनाव से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही



पुलिस अधिकारियों के द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार के शाम को नगर आंबेडकर चौक मेन रोड़ में खैरागढ़ में पुलिस अधिकारियों के द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वाहनों में कागजात,बीमा पॉलिसी, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक, सहित गाड़ी में किसी प्रकार के मादक पदार्थ या अन्य चीजों की जानकारी ली जा रही है। मोटर साईकिल चालको तीन सवारी के ऊपर तेज बजाने वाले हॉर्न गाड़ी मालिको के ऊपर पुलिस विभाग द्वारा लगातार चलानी कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी खांडेकर ने पांडादाह में किया जनसंपर्क, कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**डोगंरगढ,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर गुरुवार को पांडादाह पहुंचे जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद लिया जिसके बाद गुरुवार को पांडादाह के साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों व सब्जी पसरा वालों से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप में वोट डालने की अपील की। जनसंपर्क के पश्चात भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर की उपस्थिति में पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर ने कार्यकर्ताओं को चार्ज किया व उनसे भाजपा को जिताने एकजुट होकर काम करने को कहा। व आगामी कार्यक्रम के लिए रुपरेखा तैयार की। इस दौरान इस अवसर पर विधानसभा संयोजक हरविंदर सिंह मगे प्रदीप बाघ पवन मेश्राम महेंद्र अग्रवाल रामेश्वर रामटेके गौस मोहम्मद, सुनील जैन, हेमिन लाउतरे मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा ,संतोष कर्ष ,गोरेलाल वर्मा ,विनोद बारले, वंदना टांडेकर ,टिलेश्वर साहू, संतोष देवांगन ,संजय यदु, विश्राम वर्मा, कोमल चंद जैन, भुवन वर्मा, कुमेश साहू ,खेम सिन्हा, मानिक यदु, मानिक टंड ,शिवम योगी ,एवन विश्वकर्मा, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# शनि अमावस्या मे शनिदेव मंदिर में होंगे कार्यक्रम

**डोगंरगढ,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री शनिदेव मंदिर मे ता 14-10-2023 को धर्म नगरी के महावीर पारा स्थित शनिदेव मंदिर मे 178 वर्ष बाद एक माह मे दो ग्रहण योग पहले सूर्य ग्रहण 14-10-2023 को रात 8-34 से मध्य रात्रि 2-25 मि तक होगा चित्रा नक्षत्र सिध्द योग बनेगा यह ग्रहण भारत मे नही दिखाई देगा शनि अमावस्या मे भक्तगण के कल्याण हेतू पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया की इस ग्रहण का प्रभाव 12 राशिफल, मेष अच्छ, मिथुन चार चांद लाभदायक, कन्या विशेष लाभ प्राप्त,वृश्चिक धन लाभ प्राप्त, तुला खुशहाल जीवन, मकर धन बचत लाभ बाकी 12 ग्रह गोचर, बुध राहु आदित्य योग, सूर्य शनि षडाष्टक योग, सूर्य राहु ग्रहण योग,गुरु राहु चडाणल योग, मंगल केतू सप्तम योग, से जीवन मे उतार चढाव के कारण हानिकारक, विवाह मे बाधा,पढ़ाई मे सफलता नही मिलना, नौकरी मे बाधा,धन हानि कर्ज परेशानी, वर्तमान मे शनि दशा कर्क राशि वृश्चिक राशि अढैय्या,शनि, कुभं, मकर, साढेसाती शनि 2025, तक,मीन राशि साढेसाती शनि 2029 तक शनि अभिषेक, जाप नवग्रह शांती करे कार्यक्रम शनिदेव मंदिर महावीर पारा में आयोजित किया गया है।



# कलेक्टर डोमन सिंह ने नवरात्रि की तैयारी संबधी ली अधिकारियों की बैठक

## कहा - नवरात्रि में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा होगी पहली प्राथमिकता

**डोगंरगढ,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले देवी भक्ति नवरात्रि पर्व को प्रशासन से लेकर मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है इसी कड़ी में धर्मनगरी में लगने वाले नवरात्रि पर्व के चलते मेला को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है गुरुवार को जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिह ने डोंगरगढ़ छीरपानी कार्यालय पहुंच आवश्यक बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ट्रस्ट समिति के सदस्यों के सुझाव लिए। उन्होंने यहां प्रशासनिक अधिकारीयो को साफ तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि मां बमलेश्वरी के पर्व नवरात्रि में दर्शनार्थी देवी दर्शन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं ऐसे में उनकी सुरक्षा ही पहली प्राथमिकता होगी इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने वाहन पार्किंग के साथ-साथ मेले में लगने वाले झूलों की गुणवत्ता की जांच कर लगाने , बेहतर यातायात व्यवस्था एवं बिजली, पानी की बेहतर व्यवस्था के के साथ-साथ पर्व पर आदर्श आचार संहिता का पालन भी करने के निर्देश दिये। वहीं मां बम्लेश्वरी पहाड़ पर स्थित रोपवे सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक संचालन की अनुमति प्रशासन ने दी। इसके साथ ही मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्गों में स्वास्थ्य व सीमावर्ती इलाको में पुलिस ग्रस्त टीम सहित ऊपर पहाड़ स्थित मंदिर से लेकर नीचे मेला प्रांगण तक सीसी कैमरो की मदद से एक-एक गतिविधि पर निगरानी रखने की भी बात कही है। बैठक में एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ गिरीश रामटेक तहसीलदार मुकेश ठाकुर थाना प्रभारी भरत बरेट स्वास्थ्य विभाग बी एम ओ डॉ बीपी इक्का स्टेशन प्रबंधक ए के मंडल जनपद पंचायत सीओ दिव्या ठाकुर सहित मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मंत्री महेंद्र परिहार संजीव गोमास्ता संजीव श्रीवास्तव अनिल गट्टानी महेंद्र भाई पटेल प्रदीप शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



# भाजपा पर कार्यवाही और प्रत्याशी को अयोग्य घोषित करें आयोग: कुसुम दुबे

■ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का दस्तावेज के साथ शिकायत

**राजनांदगांव,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन की तिथि 9 अक्टूबर को घोषित होने के बाद आदर्श आचार संहिता लगले ही भाजपा 10 अक्टूबर से ही आचार संहिता का उल्लंघन करने पर आमदा हो गई है जो स्वस्थ लोकतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए घातक है अत: मामले की प्रमाण के साथ शिकायत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती कुसुम रूपेश दुबे ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की है।

प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने बतायी कि भाजपा छत्तीसगढ़ में नेतृत्व के संकट के साथ-साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली जनहितैषी कांग्रेस सरकार के सामने टिकने की



स्थिति में नहीं है ऐसी स्थिति में वह केंद्र सरकार एवं केंद्रीय एजेंसी के भरोसे अपनी डूबती नैया को बचाने के लिए निरंतर असफल प्रयास कर रहे हैं जिसमें उन्हें सफलता मिलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है अब निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है ऐसी स्थिति में छ ग भाजपा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के आजादी के अमृत महोत्सव का लोबो (प्रतीक चिन्ह) का राजनीतिक स्वार्थ के लिए दुरुपयोग कर रही है राजनैतिक दल शासकीय भवन, विश्राम गृह का उपयोग नही कर सकते वैसे ही शासकीय प्रतीक चिन्ह को निर्वाचन के दौरान उपयोग नही कर सकते और वही राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू अपने सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट में इस पत्र को पोस्ट कर दुरुपयोग का सार्वजनिक प्रचार कर निर्वाचन अपराध को बढ़ावा देने के साथ ही वह निर्वाचन के अयोग्य घोषित होने की श्रेणी में आने वाला कृत्य की है इसी आशय की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दस्तावेजी प्रमाण सहित कर मांग की गई है कि भाजपा पार्टी पर आचार संहिता उल्लंघन की कार्यवाही और खुज्जी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू को आचार संहिता उल्लंघन के मामले एवं सरकारी लोगो के दुरुपयोग को प्रचारित करने के कारण विधानसभा निर्वाचन से अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही तत्काल की जाए।

**उल्टा पुल्टा**

**पापा**- आज तक तूने कोई ऐसा काम किया जिस से मेरा सर ऊँचा हुआ हो?
**बेटा**- एक बार आपके सर के नीचे तकिया लगाया था, भूल गए आप?

## संपादकीय

### जानलेवा स्टंट से बचें युवा

युवाओं में बाइक पर स्टंट करने का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है जो खतरनाक है। यह खुद की जान के लिये खतरा तो है ही, अन्य लोगों के लिये भी जिंदगी भर की परेशानी का सबब बन सकता है। मंगलवार की रात को यातायात पुलिस ने एक मोटर साइकल पर सवार 7 नाबालिगों को स्टंट करते हुए पकड़ा जो आश्रम से आमापारा की ओर जा रहे थे। ये सारे एक-दूसरे को खतरनाक ढंग से पकड़े हुए थे और बाइक चालक बहुत ज्यादा गति से चला रहा था। पुलिस ने इस बाइक के मालिक अभिभावक को बुलवाकर माफी मंगवाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

आजकल अधिक गति से दौड़ने वाली मोटर साइकलें युवाओं को आकर्षित करती हैं। ऐसे ही, विचित्र आवाजें करतीं मोटर साइकलों को भी तेज गति से चलाने का उनका शौक होता है। अक्सर ऐसे बच्चे शहर की खाली सड़कों या बाहरी मार्गों पर स्टंट करते हुए दिखते हैं। रायपुर की बात करें तो नवा रायपुर के रास्तों पर हर रात ऐसे युवा दिख जायेंगे। इनमें ज्यादातर नाबालिग होते हैं। स्वाभाविक है कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होते। ऐसे लोग या तो खुद को घायल करते हैं या फिर किसी अन्य को मौत के मुंह में ढकेलते हैं या उन्हें ज़ख्मी अथवा अपाहिज बनाते हैं। चूंकि उन पर मामला बनता नहीं और अक्सर विनय-अनुनय करके वे छूट भी जाते हैं, तो उनका हौसला बढ़ता है। पुलिस वाले उनकी कच्ची उम्र व कैरियर को ध्यान में रखते हुए मामला दर्ज नहीं करते जिसका वे फायदा उठाते हैं। पालकों व अभिभावकों को बच्चों की इन करतूतों का खामियाजा भरना पड़ता है। जैसा कि इसी मामले में हुआ, परिजनों को भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ा और अपमानित होकर माफी भी मांगनी पड़ी। बच्चों की जान को इस स्टंट से कितना बड़ा खतरा था यह भी उन्हें खुद ही सोचना चाहिये। एक बाइक पर 7 लोग सवार होकर वे अपनी जान के साथ तो खिलवाड़ कर ही रहे थे, राह चलतों की जान को भी खतरे में डाल रहे थे।

इस बाबत युवाओं को जानकारी व समझाइश दिये जाने की सख्त जरूरत है। शिक्षक एवं अभिभावक इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यातायात पुलिस तो अपनी तरफ से काफी कोशिशें करती है लेकिन कम उम्र या नाबालिग होने के कारण वे ज्यादा सख्त नहीं हो पाते। इसलिये अभिभावकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों को अपने वाहन बिलकुल न दें। वे तेज गति चलाने और स्टंटबाजी के खतरों से उन्हें अवगत कराएं। वे खुद भी संयमित तरीके से वाहन चलाएं तथा बच्चों को भी निर्धारित सीमा में चलाने और लाइसेंस पाने के बाद यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना सिखाएं। तभी वे सुरक्षित जीवन जी सकेंगे।

# राज्य स्तरीय कला उत्सव स्पर्धा में तीन का चयन

**महासमुंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा, शिक्षा विभाग छग द्वारा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों में कलात्मक प्रतिभाओं को पहचानने उन्हें पोषित करने एवं प्रस्तुत करने शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कला उत्सव का अयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द में किया गया। कार्यक्रम में डीएमसी कमल नारायणए जांगड़े सर, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी, हेमेन्द्र आचार्य प्राचार्य, चमन चन्द्राकर उप प्राचार्य, निर्णायक गण सुरेन्द्र मानिकपुरी, तोषण गिरी गोस्वामी, तुलेन्द्र सागर एवं आयोजन प्रभारी सम्पा बोस , पीसी की उपस्थिति में 10 विधा



पर जिला के विभिन्न विकस खण्ड से हाई, हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता किए। जिसमे बेमचा हायर सेकेंडरी स्कूल से तीन विधा यथा एकल लोक नृत्य में गैंद लाल साहू, एकल गायन लोक गीत में कुमार दास मनिकपुरी एवं स्थानीय खिलौने व खेल में डाली यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त राज्य स्तरीय लोक उत्सव के लिये चयन हुआ है। तीनो विद्यार्थी कक्षा 12वीं कला समूह के हैं ये बच्चे सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक महेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा दिखाए हैं। इन बच्चों का राज्य स्तरीय कला उत्सव में चयनित होने पर विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के प्राचार्य एस एल पाटकर, एस एल पाटकर, पी के ध्रुव, वाय एस बलिहार, तुलेन्द्र सागर, नवीन चन्द्राकर, किरण पटेल, पी एल साहू, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वी के तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चन्द्राकर, अराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चन्द्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, पार्वती चन्द्रा कार्यालयीन स्टाफसे शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, चेष्टाराय, प्रदीप यादव एवं समस्त विद्यार्थियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



## अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर ही कार्य करने के निर्देश दिए है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंदन कुमार ने स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर बीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, पीडब्ल्यूडी ईई श्री वर्मा, सब इंजीनियर विभाकर जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर मौन, थानेदार है कौन, डकैती बड़ी, प्रेमी-प्रेमिका नेताओं की तरह पार्टी बदली : सन्तोष मंडल



## शहर के सब्जी मंडी प्रांगण पर काव्य गोष्ठी में कवियों ने पढ़ी कविताएं

**राजिम,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के सब्जी मंडी प्रांगण पर शाम को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने एक से बढ़कर एक कविताएं पढ़कर गुदगुदाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु राम जांगड़े ने करते हुए कहा कि धर्म नगरी राजिम साहित्यिक नगरी भी है। प्राचीन काल से यहां साहित्यिक रचनाओं की अलख जाग रही है वर्तमान में यहां के कवि देशभर में घूम-घूम कर श्रोताओं को कविताएं सुना रहे हैं तो कई ऐसे कवि है जो देश-विदेश में लगातार सम्मान भी पा रहे हैं। जिससे इस नगरी की गौरवगान हो रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि एवं साहित्यकार संतोष कुमार सोनकर मंडल ने जापानी छंद की कविताएं हायकू प्रस्तुत किया। पंक्ति देखिए-शहर मौन, थानेदार है कौन, डकैती बढ़ीं, उनके द्वारा पेश किया गया एक और हायकू - प्रेमी प्रेमिका, नेताओं की तरह, पार्टी बदला। नगर के युवा शायर जितेन्द्र सुकुमार श्साहिरश् ने युवाओं को प्रेरित करते हुए ग़ज़ल पेश की। बानगी देखिए -चट्टानों पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा प्रत्याशी का भटगांव आगमन पर स्वागत



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े को बिलाईगढ़ विधानसभा से टिकट मिलने के बाद भटगांव में प्रथम आगमन पर भाजपा मंडल भटगांव के कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। जहां बस स्टैंड से पैदल बस्ती मार्ग से होते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार करते देवांगन समाज भवन पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन रखी गई थी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे के साथ डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े के जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं में भारी जोश और उमंग देखने को मिला जिससे भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल जांगड़े गदगद हो गए।

वही सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉक्टर जांगड़े ने कहा की हमें राष्ट्रीय नेतृत्व ने मौका दिया है जिसे हमें पूरी निष्ठा ईमानदारी और लगन के साथ निभाना है। यह चुनाव सभी कार्यकर्ताओं को लड़ना है सभी हमारे भाजपा के पदाधिकारी प्रत्याशी के रुप में काम करके इस बार बिलाईगढ विधानसभा को फतेह करना है। वहीं उपस्थित महिला कार्यकता, युवा कार्यकता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद मांगा। वहीं सभा को भाजपा जिला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# टिकट नहीं मिलने से चोपड़ा समर्थकों में मायूसी

**महासमुंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रबल दावेदार डा. विमल चोपड़ा को टिकट नही मिलने से उनके समर्थकों में मायूसी के साथ ही नाराजगी है। नाराजगी जताने और निर्दलीय चुनाव के लिए दबाव बनाने बरोंडा चौक स्थित जैन नर्सिंग होम में चोपड़ा समर्थक 12 अक्टूबर की दोपहर एकत्र हुए और उन पर चुनाव लड़ने का आग्रह किया। नगर व क्षेत्र से करीब 60-70 की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा ने अपनी बात रखी। इसके पूर्व क्षेत्र के आए कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बातें रखते हुए टिकट नही मिलने



पर नाराजगी जताई। कुछ कार्यकर्ताओं का कहना था कि डा. विमल चोपड़ा में दमदार नेतृत्व क्षमता है और उन्हें पार्टी द्वारा मौका दिया जाना था। लेकिन उपेक्षा से कार्यकर्ता आहत हुए और कार्यकर्ताओं की भावना का सम्मान करते हुए डा. चोपड़ा को निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहिए। कुछ कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिया कि पार्टी का निर्णय के अनुरूप सभी को कार्य करना चाहिए। इसी तरह कुछेक कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि चुनाव के पूर्व हमें सर्वे कराने के बाद निर्णय लेना चाहिए। कार्यकर्ताओं की बातें सुनने के बाद डा. विमल चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को भाजपा के पक्ष में काम करना चाहिए। वे वरिष्ठ नेताओं के बुलावे रायपुर गए थे उनसे चर्चा हुई है, आज यहां कार्यकर्ताओं की भी बात सुनी है। दो-तीन दिनों में सभी की भावनाओं के अनुरूप निर्णय लेंगे।

# जेल में बंदियों को मानसिक तनाव कैसे कम किया जाता है, बताया गया

**महासमुंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जिला जेल महासमुन्द में 115 बंदियों के साथ मनाया गया! मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक अधिकार है इस थीम को विस्तार से बताया गया कि हर् व्यक्ति सामुदाय के पास मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी इलाज पहुँचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बसंत माहेश्वरी सयुंक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक, श्रीमती नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम



एवं डॉ छत्रपाल चंद्राकर जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से जिला जेल महासमुंद में मानसिक स्वास्थ्य के तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या, नशा पान, स्वस्थ्य जीवन शैली, योगा आदि के बारे में बंदियों को जागरूक किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के विधि बताया गया जैसे बलून से अपनी सास पर नियंत्रण, नियमित व्यायाम, आपसी समन्वय, वार्तालाप, अनुभव को आदान प्रदान करने से उदासी और तनाव से बचा जा सकते है। जेल अधीक्षक यू के पटेल, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, टिकेश्वरी गोस्वामी सी पी, टेकलाल नायक एम ए ई, देवकुमार डडसेना योगा, गौतम यादव केस रजिस्ट्री असिस्टेन्ट, प्रवीण यादव स्वस्थ्य पंचायत के माध्यम से 115 बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से अवगत कराया गया।

# कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित तीन पालियों में लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान आम नागरिकों से फोन पर की गई शिकायते दर्ज करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कार्यालय कलेक्ट्रेट के स्थानीय निर्वाचन कक्ष क्रमांक 17 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07723.223305 है। उन्होंने कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में निर्धारित समयावधि के लिए लगाया है। आदेशानुसार प्रात: 6:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक श्रीमती नमिता ठाकुर ;मो.नं. 8889586003, सहायक ग्रेड.03 कृषि एवं श्री अजय कुमार सिन्हा;मो.नं. 7771050456, सहायक ग्रेड.03 उद्यानिकी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक देवराज सिंह मो.नं. 6266588513, सहायक ग्रेड.03 महिला व बाल विकास एवं सौरभ साहू ;मो.नं 7748909668, सहायक ग्रेड.03 शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातको महाविद्यालय तथा रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक कमल ध्रुव मो.नं. 9754594292, सहायक ग्रेड.03 सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल एवं शिवम दुबे ;मो.नं. 9111154140, सहायक ग्रेड.03 जिला अस्पताल की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का पंजी में इंद्राज कर नोडल अधिकारी एमसीसी को प्रतिवेदन सौंपने कहा गया है।

# बालिका दिवस पर छात्राओं के बीच विविध आयोजन



**महासमुंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त छात्राओ को बालिका साक्षरता, बालिका सुरक्षा, बालिका आत्मनिर्भरता, बालिकाओं के हित मे लिए गए विभिन्न योजनाएं जैसे सरस्वती सायकल योजना, नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर व्याख्याता श्रवण सिन्हा व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल ने अपने विचार रखे। तत्पश्चात बालिकाओं के उत्साहवर्धन हेतु श्रीमती टामेश्वरी साहू प्रभारी प्राचार्य एवं प्रभारी स्काउट गाइड के नेतृत्व में भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण महासमुन्द में आयोजित में शामिल गाइड की छात्राओ छाया साहू, धान बाई, इंद्राणी साहू, नीतू साहू को वितरित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता गण अनुपमा मानिकपुरी, संत राम साहू, रागिनी चन्द्राकर, चित्रसेन साहू, मनीषा तिर्की, मनहरण लाल भट्ट, शिक्षक रेणुका चन्द्राकर, महेन्द्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर्व एवं विधानसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक

**सिमगा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि का पर्व दो दिन बाद प्रारंभ होने वाला है वहीं विधानसभा चुनाव की तिथि भी घोषित हो चुकी है। जिसके लिए प्रशासन की ओर से सिमगा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गयी। जहां तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा एवं थाना प्रभारी मंजूलता राठौर ने बैठक में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को आनंद व शांति पूर्वक मनाने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर त्यौहारों के आनंद एवं उल्लास पर कोई असर नहीं पड़ेगा केवल कुछ



नियमों के साथ हमें यह पर्व मनाना होगा। पंडालों की अनुमति लेना अनिवार्य है ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउडस्पीकर का उपयोग रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। नशे की हालत में पंडालों में कोई भी न आए जिससे कोई अप्रिय स्थिति पैदा न हो वैसे तो असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पालिका द्वारा साफ सफाई बिजली एवं पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। शिवनाथ नदी में मूर्ति विसर्जन हेतु प्रशासन से क्रेन की व्यवस्था करने एवं विसर्जन के दौरान नगर में छोटे बड़े वाहनों के आने पर प्रतिबंध व देशी विदेशी मदिरा दुकान भी बंद रखने की बात कही गयी। विधायक प्रतिनिधि धीरज जैन ने कहा कि हमारे यहां नवरात्रि का पर्व एवं सांग का कार्यक्रम बड़े धूमधाम एवं शांति पूर्ण मनाया जाता है जो पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। यहां आस पास के क्षेत्र के अलावा देश विदेश के पर्यटक भी विसर्जन यात्रा देखने पहुंचते हैं विसर्जन के दौरान सारे समिति के लोग स्वयं व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद एल्डरमैन गणमान्य नागरिक पत्रकार एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## रिकोटार में नवदुर्गा उत्सव समिति का गठन

**बिलाईगढ़,** 12 अक्टूबर। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम रिकोटार में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर्व बजरंग चौक रिकोटार में मां दुर्गा पूजन कि स्थापना किया जाना है। यह नवदुर्गा उत्सव समिति रिकोटार के तत्वाधान में दुर्गा स्थल को आकर्षण ढंग से सजाया जा रहा है।



# संजीवनी रक्तदाता संघ की पहल से युवाओं का रक्तदान को लेकर बढ़ी कदम



**खरोरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। रक्तदान कर जीवन रक्षक का असल किरदार निभाने वाले संजीवनी रक्त दाता संघ अनवरत धार्मिक, रचनात्मक, एवं सामाजिक क्षेत्र में अनवरत कदम बढ़ा रही हैं आज देखा जावे तो रक्तदान जैसे अमूल्य पुनीत कार्य में योगदान कर उक्त संस्था क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा भावना से पैठ बना चुकी है ,इस संस्था के सेवा भावना को नकारा नहीं जा सकता । एक दशक पूर्व से रक्तदान जैसे महान कार्य में लिप्त संजीवनी रक्त दाता संघ के क्रिया कलापों से प्रभावित होकर तिल्दा-नेवरा नगर सहित तिल्दा विकासखंड के अलावा बलौदा बाजार,, धरसीवा विधानसभा सहित द्रुत गति से अन्य बाहरी क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनाने में मुकाम हासिल कर रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान में भी अलख जगा रहा हैं । संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान जो पैर से निशक्त होकर बैसाखी के सहारे स्वयं चलकर दुसरो के लिए बैसाखी बनकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं , एक छोटे से व्यवसाय के सहारे जीवन यापन करने वाले चौहान समाज के लिए सबक की भूमिका अदा कर रहे हैं । निस्वार्थ समाजसेवा को संकल्पित संजीवनी रक्त दाता संघ के सदस्य स्वयं के खर्चों से आवागमन कर तथा अपना किमती समय निकालकर रक्तदान करते हुए लोगों का जीवन रक्षक का कार्य कर रही है ,और सामाजिक क्षेत्र में असल किरदार निभा रहा है । 15 लोगों द्वारा बनाया गया समिति अपनी सेवा परिश्रम अच्छे कार्य के बदौलत आज एनजीओ का रूप ले लिया है एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी लोग इससे जुड़ रहे है ।

सामाजिक क्षेत्र में संजीवनी रक्त दाता संघ की कार्यों की हो रही प्रशंसा, वहीं प्रशासनिक तंत्र के मध्य गुमनाम।

सामाजिक, धार्मिक, एवं रचनात्मक गतिविधियों से संलग्न संजीवनी रक्त दाता संघ को क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है ,चाहे वह स्वास्थ्य से संबंधित हो ,या फिर धार्मिक कार्यों में बढ़ते कदम हो या फिर सामाजिक क्षेत्र में हो फतह हासिल किया है , लेकिन प्रशासनिक तंत्र के पन्नों में गुमनाम है ,नगर की विकास , सामाजिक क्षेत्र से संदर्भित व धार्मिक कार्यक्रमों के मामले में स्थानीय प्रशासन के द्वारा नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों सुझाव हेतु परिचर्चा में भाग लेने आमंत्रित किया जाता है ,वहीं संजीवनी रक्त दाता संघ जो वर्षों से समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है ,वह प्रशासनिक फाईल में गुमनाम है , कहां जावे तो जिस मुद्दों को लेकर समाज के लिए समर्पित है,उसी मुद्दों के परिचर्चा पर इस संस्था की सुध नहीं लिया जाता , जिससे ब्यथित संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान का कहना है की 15 सदस्यों द्वारा बनाया गया समिति अब एक एनजीओ का रूप ले लिया है । एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी लोग इससे जुड़ रहे है । कि हमारी संगठन समाज सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है ,रही बात प्रशासनिक सोच की ,तो वह उसकी मानसिकता पर निर्भर करती है , उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही इस संस्था का मूल मंत्र है जिसका जाप करते संजीवनी रक्त दाता संघ अपनी प्रकाश समाज के बीच फैला रही है।

**संस्था का मूल उद्देश्य जमीनी स्तर पर समाज सेवा को प्राथमिकता- ओमप्रकाश सिंह चौहान**

संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने कहा कि संस्था कर्म प्रधानता पर विश्वास ? करती है ,हवा हवाई की राजनीति में उक्त संस्था विश्वास नहीं करती , चौहान ने आगे कहा कि मेहनत की पगडंडी भले ही कष्टप्रद होती है लेकिन मंजिलें सुलभ भी होती है जो चिरस्थाई होता है ।यही कारण है कि संजीवनी रक्त दाता संघ काफी लंबे वर्षों से अपने मुकाम पर काम करते आगे बढ़ रही है । उन्होंने बताया कि रक्तदान से जहां खून देने वालों को नया खून शरीर में बनते है । जबकि अधिक बीमार व्यक्ति ,खून की कमी व्यक्ति या ऑपरेशन किए हुए व्यक्तियों को खून की आवश्यकता का रक्त की आपूर्ति ,इसी रक्तदान से होता है । यह दान एक महा दान है । संजीवनी रक्तदाता संघ की पहल से युवाओं का रक्तदान को लेकर बढ़ी कदम।

# विधायक नंद के प्रयास से विस क्षेत्र में 3 नए धान उपार्जन केन्द्र खुले

**सरायपाली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक किस्मतलाल नंद के प्रयास से इस वर्ष धान खरीदी के पूर्व ही किसानों को ग्राम रुढा, लांती खोकसा में नवीन धान खरीदी केंद्र की सौगात मिली 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो रही है, ऐसे में धान खरीदी शुरू होने के पूर्व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में 3 नये धान उपार्जन केन्द्र लाती रूढ़ा खोकसा को बनाया गया हैं। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद ने इस संबंध में खाद्य मंत्री से मुलाकात कर ध्यान आकर्षितकराया था जिसे स्वीकृति मिलने के पश्चात किसानों में हर्ष व्याप्त है द्य बता दे कि नये धान खरीदी केन्द्र खुलने से किसानों के लिए उपार्जन केन्द्र की दूरी कुछ कम हो जायेगी और किसानों के वाहन का खर्च, समय व श्रम की बचत होगीद्य विधायक नंद अथक प्रयास से क्षेत्र के किसानों में भी हर्ष देखा जा रहा है। सरायपाली दो नए उपार्जन केंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद अब सरायपाली में 33 उपार्जन केंद्र हो जाएंगे जबकि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पुटका से लाती को नया उपार्जन केंद्र बनाया गया है जबकि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रुढा मुख्यालय सागरपाली को हटाकर रुढा को नए उपजन केंद्र बनाया गया है दो नए उपार्जन केंद्र खोलने की स्वीकृति मिली है और अब नए उपार्जन केंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद उपार्जन केंद्र की



संख्या बढ़कर सरायपाली शाखा में 22 हो जाएगी तोर सिंह शाखा के अंदर 11 उपार्जन केंद्र को मिलाकर पूरे सारे पहले विकासखंड में उपार्जन केंद्र की संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी प्रति एकड़ 20 कुंतल धान की खरीदी होगी नए उपार्जन केंद्र रोड बनने के बाद सागरपाली जो पहले रुढा का मुख्यालय हुआ करता था अब सागर पाली समिति में तब्दील हो जाएगा धान खरीदी के पूर्व विगत वर्ष भी शासन द्वारा आवलाचक्का बेहरा पाली लीमगांव केंद्र में नए उपार्जन केंद्र खोला गया था विगत एक नंबर से धान खरीदी शुरुआत भी होने वाली है जिसमें फड़ो की साफ-सफाई व तैयारी जोरों शोरों से चल रही है द्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ में 20 कुंतल खरीदी इस बार होगी साथ ही समर्थन मूल्य बढ़ तेरी हुई है सरायपाली में दो नवीन धन उपार्जन खोलने से किसानों ने विधायक किस्मतलाल नंद का आभार जताया।

# राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत फिलाटेली दिवस



**पिथौरा,** 12 अक्टूबर। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 के अंतर्गत फिलाटेली दिवस राज्य के दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, गरियाबंद, कोरबा, रायगढ़, कांकेर, जांजगीर, कुसमुंडा, सुकमा, जगदलपुर एवं अंबिकापुर शहरों में आयोजित किया गया। इस आयोजन में पत्र लेखन के महत्व को बताने हेतु ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा फिलाटेली चिज, स्टैम्प डिजाईन प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों का विजिट, चिज सेमीनार का आयोजन करके ''डाक टिकट संग्रहण'' की अभिरूचि को विकसित करने हेतु डाक विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अलावा 4 परमानेंट पिक्टोरियल कैंसलेशन कैचेट:- भोरमदेव मंदिर (छपरी, कवर्धा), मगरमच्छ संरक्षण पार्क (कोटमीसोनार), कमलेश्वरपुर(मैनपाट) एवं लेमरू हाथी संरक्षण (बांगो डैम) का विमोचन भी रायपुर जीपीओ में किया गया।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**बिलाईगढ़**, 12 अक्टूबर (देशबंधु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जिले में घटित अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए ,जिसके पालन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के,मामले में 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 31.07.23 को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि स्थानीय शुक्रवार बाजार बिलाईगढ़ में सामान लेने गया था कि मेरा मोबाइल वीवो 420ड्ड में को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया, विवेचना दौरान डीआर एवं साइबर सेल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आरोपी बागबाहरा महासमुंद का होना पाया गया संकलित साक्ष्य के आधार पर आरोपी खेमराज पटेल पिता नीलकंठ पटेल उम्र 23 साल साकिंन चुरकी थाना खल्लारी जिला महासमुंद जिला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में उप.निरी. शिव कुमार धारी ॥ष्ट निशांत दुबे आर . जगदीश खुटे अशोक प्रेमी का विशेष योगदान रहा।

## आरंग के सामाजिक भवनों में चोरों की सेंधमारी, कीमती सामानों की हो रही चोरी

**आरंग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। इन दिनों आरंग नगर पालिका अंतर्गत सामाजिक भवनों में चोरो की सेंधमारी बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरंग के खमतराई रोड स्थित अग्रवाल भवन में बाउण्ड्री निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में लगे कटर मशीन, पनडुब्बी मशीन व लोहे के सामानों को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। घटना की शिकायत आरंग थाने में की गई है। आपको बता दें कि आरंग क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक भवनों में इस तरह की चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में हो रही चोरी पर कब लगाम लगाएगी।

# श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने रखी निर्माण कार्य की आधारशिला



**फिंगेश्वर,** 12 अक्टूबर। सोमवार को ग्राम पंचायत कोमा में ग्राम वासियों की मांग पर रंगमंच व सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया , मोहल्ला वासी को मिला सौगात कीचड़ के कारण थे परेशान रास्ते में चल नहीं पा रहे थे, सीसी रोड भूमि पूजन के बाद मोहल्ला वासी में खुशी की लहर थी बहुत-बहुत बधाई देने लगे हमारे मोहल्ला के लिए एक बड़ा सौगात मिला, पुष्पा साहू को विजय भव का आशीर्वाद देने लगे पुष्पा साहू ने अपने उद्बोधन पर कहा यह सब आपके आशीर्वाद है जो आपने मुझे इस पद पर बिठाया है जिसके कारण मैं यह सब कर पा रही हूं यह सब आपकी सुविधा के लिए हैं और यह आपका हक भी है अध्यक्षता कर रही मधुबाला रात्रे ने सभी ग्राम वासी को बधाई और शुभकामनाएं दिए विशिष्ट अतिथि सरपंच भुनेश्वरी बंजारे व पंच गण उपस्थित थे।

## अंत्येष्ठी कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे

**बिलाईगढ़,** 12 अक्टूबर (देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ क्षेत्र के नगर पंचायत टुण्डरा में रंजीत बारले एवं सुशील बारले तथा ग्राम लुकापारा में ईश्वर जांगडे अध्यक्ष ग्राम पटेल जिला सारंगढ बिलाईगढ का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिसके अंत्येष्ठी में शामिल हो कर शोक सभा एवं मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमे राजमहंत पुलस्तय कुमार घृतलहरे ने मृतकों के परिवारों को संवेदना ब्यक्त करते परिवारों को दुख की घडी में सम्बल प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना किये मौके पर नील कुमार चेलक,यादराम हिरवानी,रामदास जांगडे,केशराम पंकज,छतराम नवरत्न,रामेश्वर खटकर,डा पुकराम कुर्रे, घन्श्याम बारले,मनहरण बंजारे सहित अंचल के प्रतिष्ठित जन भारी संख्या में शामिल रहे ।

# पुण्यतिथि पर राममनोहर लोहिया को किया नमन



**महासमुंद,**12 अक्टूबर (देशबंधु)। लोहिया विचार मंच द्वारा स्थानीय लोहिया चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व प्रखर समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर उनके आवक्षकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर समाजवादी विचार के पोषक दाऊलाल चन्द्राकर ने कहा कि डॉ लोहिया मानववाद की स्थापना के पक्षधर थे। वह समाजवादी इस अर्थ में थे कि समाज ही उनका कार्य क्षेत्र था। वह अपने कार्य क्षेत्र को जनमंगल की अनुभूतियों से महकाना चाहते थे। वह चाहते थे कि व्यक्ति व्यक्ति के बीच कोई भेद,कोई दुराव और कोई दीवार न रहे। सब जन समान हो जन जन का मंगल हो। वह हमेशा विश्व नागरिकता का सपना देखते थे। इस अवसर पर दिलीप कौशिक,मंगलूराम ढीमर,मोहन सोनी,अरूण साहू,मानक नामदेव,डोमार निषाद,बन्धु राजेश्वर खरे एवं अन्य नागरिकों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# वीडियो अवलोकन टीम का किया गया गठन

**महासमुंद,**12 अक्टूबर (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया है। यह निगरानी दल प्रतिदिन होने वाली वीडियोग्राफी का अवलोकन करेंगे। जारी आदेश अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39. सरायपाली के लिए वीडियो अवलोकन टीम में विकास विस्तार अधिकारी हिराधर सिदार को बनाया गया है उनके सहायक अधिकारी जयलाल भोई है। विधानसभा 40. बसना के लिए विकास विस्तार अधिकारी सुरेश पटेल है, उनके सहायक अधिकारी रूप सिंह सिदार है। विधानसभा 41. खलारी के लिए विकास विस्तार अधिकारी केशव कुमार देवांगन है,उनके सहायक अधिकारी कलीराम मधुकर है और विधानसभा 42. महासमुंद के लिए विकास विस्तार अधिकारी रोहित दास पारेश्वर है उनके सहायक अधिकारी मनोज कुमार सिन्हा को बनाया गया है।

## आज अमितेष श्याम कुटिर किरवई में

**राजिम,** 12 अक्टूबर । राजिम विधायक अमितेष शुक्ल आज 13 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच अपने निज निवास श्याम कुटिर किरवई में कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी राजिम फिंगेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने दी।

# विधानसभा निर्वाचन कंट्रोल रूप स्थापित

## अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**गरियाबंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिला कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07706-241288 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के आदेश के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भूपेन्द्र साहू को कन्ट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में चोबीसों घण्टे लगाई गयी है। आदेश के तहत प्रतिमाह 01 से 10 तारीख तक प्रथम पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड-03 महेश कुमार ठाकुर, शिक्षा विभाग के भृत्य सुनील कंवर, नगर सैनिक भरत ठाकुर की ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक हाई स्कूल फुलकर्रा के संतोष कुमार कमार, प्री-मेट्रिक आदिवासी झरगांव के भृत्य संतोष साहू, नगर सैनिक गोकुल कंवर की ड्यूटी लगाई गई है। रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक सहायक ग्रेड-03 संजीव कुमार नाग, हाई स्कूल मालगांव भृत्य घनश्याम जायसवाल, नगर सैनिक चोवाराम ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह प्रतिमाह 11 से 20 तारीख तक द्वितीय पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक हाई स्कूल फुलकर्रा के संतोष कुमार कमार, प्री-मेट्रिक आदिवासी झरगांव के भृत्य संतोष साहू, नगर सैनिक गोकुल कंवर की ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक महेश कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड-03, हाई स्कूल मालगांव भृत्य घनश्याम जायसवाल, नगर सैनिक चोवाराम ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक सहायक ग्रेड-03 संजीव कुमार नाग, शिक्षा विभाग के भृत्य सुनील कंवर, नगर सैनिक भरत ठाकुर की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा प्रतिमाह 21 से 31 तारीख तक तृतीय पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड-03 महेश कुमार ठाकुर, हाई स्कूल मालगांव भृत्य घनश्याम जायसवाल, नगर सैनिक चोवाराम ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक हाई स्कूल फुलकर्रा के संतोष कुमार कमार, शिक्षा विभाग के भृत्य सुनील कंवर, नगर सैनिक भरत ठाकुर की ड्यूटी लगाई गई है। रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक सहायक ग्रेड-03 संजीव कुमार नाग, प्री-मेट्रिक आदिवासी झरगांव के भृत्य संतोष साहू, नगर सैनिक गोकुल कंवर की ड्यूटी लगाई गयी है। संबंधित कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित होकर अपने कार्यो का सम्पादन करेंगे।

## निधन

### डॉ. सरोज शुक्ला



**भिलाईनगर,** 12 अक्टूबर। तहसीलदार सेवानिवृत्त स्व. जयनाथ शुक्ला की पत्नी डॉ. सरोज शुक्ला 87 साल का आज 12 अक्टूबर आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को शिवनाथ नदी के तट पर मुक्तिधाम, दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 86/ए/3 नेहरू नगर पूर्व भिलाई से दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन देव शुक्ला, संयंत्र से सेवानिवृत अधिकारी जयदेव शुक्ला, श्रीमती कल्पना द्विवेदी, श्रीमती स्वप्ना नायक की मां व सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश द्विवेदी व संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक दीपक नायक की सास थी।

### मोहम्मद हुसैन

**सरायपाली,** 12 अक्टूबर। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहम्मद हुसैन (मो. सेठ) (77) का आकस्मिक निधन हो गया।



वे मुस्ताक, मतलूब हुसैन के बड़े भाई व हामीद खान (मुन्ना) के पिता तथा गुलजार, गुलशेर, अहफाज के बड़े पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार 13 अक्टूबर दोपहर 2 बजे जुमे की नमाज के बाद बाजार पारा निवास स्थान से निकलेगी।

### कुलवंत कौर

**दुर्ग,** 12 अक्टूबर। कसारीडीह चौक निवासी कुलवंत कौर (90) का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरनाम सिंह की पत्नी, ट्रांसपोर्टर लखविंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह की माता व रिमपाल सिंह व जसपाल सिंह की दादी थी।



## व्यापम द्वारा 15 को आयोजित परीक्षा स्थगित

**बलौदाबाजार,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधनसभा निर्वाचन 2023 के लिए प्रदेश में आदर्श आचार संहिता 9 अक्टूबर से प्रभावी हो गया है। आदर्श आचरण संहिता लागू होने के फलस्वरूप 15 अक्टूबर 2023 को अयोजित होने वाले अपेक्स बैंक में सहायक प्रबंधक, कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग, उप प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा 2023(सीबीएएस23) को नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इस भर्ती परीक्षा की तिथि व्यापम द्वारा पुन: घोषित की जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शहर मौन, थानेदार है कौन, डकैती...

वार करें अब, हाथों को हथियार करें अब,हिम्मत को पतवार बनाकर मुश्किल दरिया पार करें अब,मजबूरी का नाम बताकर, खुद को क्यों लाचार करें अब, अपने दुश्मन को पहचानें,खुद को पहरेदार करे अब, मानवता की चादर ओढ़े, कवि नूतन लाल साहू हास्य कवि गोकुल सेन हास्य व्यंग्य के कवि संतोष सेन ने भी अपनी कविताओं से लोगो को हंसने मजबूर किया.

### भाजपा प्रत्याशी का भटगांव...

अध्यक्ष सुभाष जलान ने संबोधित किया और कहा कि इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हमें जड़ से उखाड़कर फेंकना है और पूरे छत्तीसगढ़ में कमल खिलाना है यह तभी संभव है जब भाजपा के एक एक कार्यकर्ता आज से ही गांव गांव और घर घर जनसंपर्क कर भाजपा की रीती-नीति को बतावें और बिलाईगढ विधानसभा में भाजपा को जिताएं। आज के कार्यक्रम में भाजपा मंडल भटगांव के सभी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आप जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर ने किया राजिम में आप कार्यालय का शुभारंभ



**राजिम,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी घोषणा के बाद जन सम्पर्क पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी तेजराम साहू (विद्रोही) द्वारा किया जा रहा है । इस बीच आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी रोड राजिम में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रामबाई दीवान जिला अध्यक्ष महिला विंग आप, श्रीमती रूखमणी साहू सदस्य महिला विंग आप नवापारा, मोहन चक्रधारी आप नवापारा, रुद्रसेन सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर, सेवाराम साहू ब्लॉक अध्यक्ष पांडुका, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल साहू सदस्यगण उत्तम कुमार ,ललित कुमार साहू, आप जिला कोषाध्यक्ष छबि भारती, मीडिया प्रभारी गुलशन मोंगरे, महेश यादव, ईशो चक्रधारी महिला विंग देवभोग से मालती मांझी, कौशिल्या चक्रधारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे। स्वागत उदबोधन राजिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू ने तथा संचालन विरिष्ठ सदस्य एवं अधिवक्ता अरविंद शर्मा ने किया।

# कोचियों व शराबियों ने बिगाड़ा गांवों का माहौल, इससे निपटने युवा एकजुट

**खरोरा,** 12 अक्टूबर। गांव-गांव में शराब की अघोषित भट्ठियां चल रहीं हैं। बाहुबली और बदमाश पूरे सिस्टम को चुनौती देते हुए खुलेआम नशे का अवैध धंधा चला रहे हैं। जिम्मेदार हैं कि खामोश बैठे हैं। नशे की इस लत के चलते गांवों की अर्थ व्यवस्था चरमराने लगी हैं। इससे निपटने के लिए खौली गांव के युवा आगे आए हैं। युवा घर-घर जाकर लोगों को और अपने अभियान से जोड़ रहे हैं और द्वार नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन खड़ा करने की तैयारी में हैं। गांववालों को अपनी मुहिम से जोड़ने के लिए युवाओं की टोली ने 13 अक्टूबर को एक बैठक बुलाई है। इसमें वे गांव के बड़े बुजुगों से आशीर्वाद लेकर इस नेक काम की शुरुआत करेंगे। इधर, खौली में व्याप्त अघोषित भट्टी के माहौल से आसपास के ग्रामों का माहौल दूषित होने की शिकायत पर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने थाना प्रभारी केके कुशवाहा से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने की वजह से वॉट्सऐप के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर ठोस कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि कुछ समय पहले तक अपने कसी हुई ग्रामीण व्यवस्था के लिए मशहूर खौली का माहौल आपसी खींचतान की वजह से खराब हो गया है। इसका फायदा गांव के विघ्नसंतोषी तत्व उठा रहे हैं। इनमें से एक ने तो शराब के साथ गांजा बेचना भी शुरू कर दिया है। नहर के नीचे, के नहर पार आंबेडकर चौक, तालाब मा के पास, खौली से चंदखुरी फार्म मुख्य सड़क पर पेट्रोल पंप के पास इनका अड्डा रहता है। इसके सिवा ये मोबाइल के जरिए भी नशेड़ियों तक उनकी खुराक पहुंचाते हैं।

टीम में ये हैं शामिल... तेजस्वी वल चंद्राकर, चंद्रशेखर सेन, पुलकित जै चंद्राकर, सिद्धार्थ पाटकर, ऋषभ मु चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, नीतिश म चंद्राकर, कौशल सेन, ऋषभ ध यादव, डेमन चंद्राकर, दीपक साहू, स टीकम चंद्राकर, कैलाश दीवान, क गोलू, भारती, सागर धीवर, सन्नी, दि दिव्यकांत आदि शामिल हैं।

# वायु प्रदूषण : अव्वल है सांप गोली

## चकरी, अनार, फुलझड़ियां और पटाखे वाली लड़ियां पीछे-पीछे

**भाटापारा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांप गोली, फुलझड़ियां, चकरी, अनार, हंटर बम और 1000 बम की लड़ियां। यह छह पटाखे इस बार पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंडल की नजर में रहेंगे क्योंकि इन्हें वायु प्रदूषण फैलाने वाला पटाखा माना जा चुका है। साथ ही ऐसे पटाखे भी निशाने पर होंगे, जो तेज आवाज के साथ फूटते हैं।

ध्वनि प्रदूषण के साथ वायु प्रदूषण का एक और दौर आने वाला है। इस बरस यह इसलिए भी ज्यादा दिनों तक बना रहेगा क्योंकि चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। ऐसे में उपभोक्ता वर्ग बढ़ा हुआ होगा। लिहाजा सघन जांच और कार्रवाई की योजना के संकेत मिलने लगे हैं देखना यह है कि काबू आता है कि नहीं , यह वर्ग ?

### इसलिए सख्ती

पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंडल के अनुसार वैसे तो पटाखे की हर किस्म को वायु की गुणवत्ता खराब करने वाला माना गया है लेकिन स्नेक टैबलेट, फुलझड़ियां, चकरी, अनार, हंटर बम और 1000 बम वाली लड़ियां इसलिए बेहद घातक हैं क्योंकि जलने के बाद इनसे निकलने वाला धुआं दीर्घकाल तक वायुमंडल में बना रहता है। जिससे वायु की गुणवत्ता निम्न होती जाती



है।

### होते हैं घातक तत्व

बाइंडर्स, स्टेबलाइजर्स, ऑक्सिडाइजर, रिड्यूसिंग एजेंट, रंग-बिरंगी रोशनी के लिए एंटीमनी सल्फाइड, बेरियम नाइट्रेट, अल्युमिनियम, तांबा, लिथियम, स्टोन्शियम। इन सामग्रियों के मिश्रण से पटाखे बनाए जाते हैं। जलाए जाने पर निकलने वाले धुएं के बारीक कण हवा में मिलते हैं और वायु की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।

### असर इस रूप में

जलने पर निकलने वाला धुआं अल्जाईमर और फेफड़ों का कैंसर जैसी घातक बीमारी का वाहक बनता है, तो फूटने पर औसत 125 डेसिबल ध्वनि पैदा करता है। मालूम हो कि मनुष्य के कान अधिकतम 5 डेसीबल तक की ध्वनि बिना नुकसान के सह सकते हैं।

### यह छह है सबसे ज्यादा

- सांप की गोली जलाने पर 64500 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 2932 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- 1000 बम की लड़ियां जलाने पर 35540 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 1752 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- हंटर बम जलाने पर 28950 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 1314 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- फुलझड़ी जलाने पर 10390 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 472 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- चकरी एक नग जलाने पर 9490 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 431 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- अनार एक नग जलाने पर 4860 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 221 सिगरेट जलाने के बराबर है।

# कलेक्टर छिकारा ने जिले के सीमावर्ती जांच नाकों कुटेना और जामगांव में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**गरियाबंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के सीमावर्ती जांच नाकों कुटेना और जामगांव में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही अवैध सामग्रियों के परिवहन के रोकथाम के लिए वाहनों की कि जा रही जांच और सुरक्षा उपायों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों जांच नाकों पर एडीएम अविनाश भोई, गरियाबंद और छुरा एसडीएम भूपेंद्र साहू, राजिम एसडीएम धनंजय नेताम और एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक की मौजूदगी में 15 से अधिक वाहनों की जांच करवाई। इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने सभी चेक पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संदिग्ध वाहनों का जांच कर अवैध सामग्रियों जैसे शराब, राशि, हथियार, मतदाताओं को लुभाने के लिए उपयोग की जा सकने वाले कपड़े, वस्तु एवं अन्य अवैध चीजों को जप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जांच का वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने एडीएम, एसडीएम एवं एडीओपी की मौजूदगी में लगभग 15 से अधिक वाहनों की करवाई जांच**

मालूम हो कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर वर्तमान में जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। जिले में शांति, सुरक्षा और निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। साथ ही अंतरजिला अवैध सामग्रियों के परिवहन के रोकथाम के लिए जांच नाकों पर स्थैतिक निगरानी दलों की ड्यूटी लगाई गई है।

इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने चेक पोस्ट में तैनात दलों को सक्रियता और सतर्कता के साथ वाहनों का चेकिंग करने और चेक किए जा रहे वाहनों की जानकारी पंजी में संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दल के सदस्य निर्वाचन के लिए सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। उल्लेखनीय है की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन की तिथि घोषित करने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिले में निर्वाचन नामांकन 21 अक्टूबर से शुरू होगी। 17 नवंबर को चुनाव होगा तथा 3 दिसंबर को मतगणना की जायेगी।

# पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा का गठन



**भाटापारा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा का संगठन के संविधान के अनुरूप, भंवर सिंह साहू निर्वाचन अधिकारी ने आम सहमति से एम आर उपाध्याय, को संयोजक, खुमान सिंह वर्मा को अध्यक्ष, यू आर साहू को सचिव, दया शंकर निषाद को कोषाध्यक्ष, विमला साहू एवं उमा शुक्ला महिला उपाध्यक्ष, दाऊराम वर्मा उपाध्यक्ष, ललित ठाकुर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, प्रमुख, शिवलाल यादव को सह संयोजक के रूप घोषित किया द्य संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारणी की गठन कर जानकारी उच्च अधिकारिओ को जल्द ही जारी की जाएगी द्य इस आयोजन मे सर्व एम आर निषाद, प्रभुदास टंडन, भागवत देवदास, आर के देवदास, महेश वर्मा, गणेशराम साहू, हेमवंत जुएल, बाबूलाल साव, श्रीमती मेम यादव, विमल चौरिया, नाथूराम यदु, यू आर वर्मा आत्माराम ध्रुव, श्री मती डी साहू, अरुण अग्रवाल, आर के शुक्ला, एस के वर्मा, डी एस चौहान, एल आर वर्मा, इन्द्र पाल सिंह, टी आर साहू, बद्री प्रसाद ध्रुव, भागीरथी साहू, आँशुमाला सार्वे, की गरिमामयी उपस्थिति मे निर्वाचन सम्पन हुआ द्य कार्यक्रम के अंत मे सुनील कुमार चेलक ने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल धोखाघड़ी से सम्बद्ध के बारे मे रोचक ज्ञानवर्धक जानकारी दिये द्य खुमान सिंह वर्मा ने पूर्व मे पेंशनरो को निशुल्क 2 तीर्थ यात्रा करा चुके हैं, इसी संकल्प की कड़ी मे माह दिसंबर 2023 पेंशनरो को नेपाल यात्रा कराने घोषणा की है।

# चुनाव प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन के लिए बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : एसडीएम

**आरंग,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनावी प्रक्रिया में तेजी लाते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग डॉ. अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में संपूर्ण 247 मतदान केंद्रों के बीएलओ की प्रशिक्षण बैठक टाउन हॉल आरंग में आहूत की गई। इस अवसर पर एसडीएम विश्वकर्मा ने समस्त बीएलओ को आवश्यक निर्देश प्रसारित करते हुए मतदान पर्ची बांटने से लेकर लेकर मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतदान की समूची प्रक्रिया को बिंदुबार सहजता से समझाते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन के लिए बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि की नाम काटने, जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है, आगे उन्होंने जानकारी दी की पीडब्ल्यूडी अर्थात दिव्यांग मतदान केंद्र 125 समोदा को प्रस्तावित किया गया है जबकि युवा मतदान केंद्र 01 सेमरिया को तथा 10 संगवारी महिला



मतदान केंद्र क्रमांक 19 चंदखुरी, 136 गुल्लू, 168 मंदिरहसौद, 186 परसदा, 188 पलोद, 214 लखोली, 217 रसनी एवं 237 आरंग, 62 कोसरंगी, 40 खौली को प्रस्तावित किया गया है और इनमें से पांच को 01, 19, 62, 125, 217 को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा जिसमें न्यूनतम आवश्यक सभी सुविधाएं होंगी तथा 80 वर्ष से ऊपर के या दिव्यांग मतदाता जो खुद चलकर मतदान केंद्र आने में समस्या है उनसे फार्म 12डी भरवा कर के सक्षम अधिकारियों के सामने घर पर ही बैलट पेपर द्वारा मतदान कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहिता की व्याख्या करते हुए कहा कि समस्त कर्मचारी तटस्थ रहते हुए किसी भी राजनीतिक दल के प्रति अपना झुकाव न दिखाते हुए सभा स्थल आदि में सहभागिता न दिखाएं। उन्होंने इस अवसर पर बीएलओ को अपनी बात रखने का अवसर भी दिया और उनके प्रश्नों का सटीक समाधान करते हुए उन्हें समस्त चुनावी जानकारी के लिए अपडेट रहने की सलाह दी। इस अवसर पर ऐसे मतदाता जो क्षेत्र से बाहर हैं या जो अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं या जिनकी मृत्यु हो गई है उसके लिए भी छानबीन कर मत डलवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस अवसर पर तहसीलदार राममूर्ति दीवान, विनोद साहू नायब तहसीलदार एन.एस. पिस्दा, आलोक वर्मा श्रुति शर्मा, सृजल साहू के साथ-साथ स्वीप प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद वैष्णव तहसील टीम राकेश साहू, भूषण जलक्षत्री, शरद अग्रवाल एवं कोटवारों की उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार इस बार आरंग विधानसभा में कुल मतदाता 2,31,020 है जिसमें पुरुष मतदाता 1,15,542 एवं महिला मतदाता 1,15,473 तथा थर्ड जेंडर 5 हैं।

# गरियाबंद जिले में शांतिपूर्ण चुनाव पूर्ण कराने फ्लैग मार्च



**गरियाबंद,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष, निर्भीक और भयमुक्त चुनाव के लिए मतदादाओ को प्रेरित करने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। इसमें कलेक्टर आकाश छिकारा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, एडीएम अविनाश भोई, एसडीएम भूपेंद्र साहू, एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी निशा सिन्हा सहित प्रशासन के आला अफसर शामिल रहे।

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन के साथ पुलिस हरकत में आ गई है। सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई के साथ वाहनों में अवैधानिक रूप से लगे हूटर, नम्बर प्लेट, काली फिल्म हटाने की कार्रवाई जोरशोर से चल रही है, तो वहीं आमजन के बीच सुरक्षा का संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला जा रहा है। फ्लैग मार्च के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने शहर का भी भ्रमण कर चुनाव की तैयारियों का भी जायजा ले रही है।

जानकारी के मुताबिक फ्लैग मार्च सिटी कोतवाली परिसर से रवाना हुआ जो तिरंगा चौक होते हुए मेंन रोड बाजार सब्ज़ी मंडी होते हुए बस स्टैंड और वहाँ से गौरव पथ होते हुए वापस थाना परिसर पहुंचा।

इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में शांति तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने प्रशासन पूरी तरह सजग है। शांति व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव के सभी तैयारी की जा रही है। जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सीमावर्ती इलाकों में भी निगरानी रखी जा रही है। अति संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। आज फ्लैग मार्च निकाला कर आम जनता से अधिक से अधिक वोटिंग करने की अपील की गई है।

एसपी अमित तुकाराम कांबले ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मूड में है। संवेदनशील इलाकों में सहित स्बाजी क्षेत्र में फोर्स तैनाती की जा रही है। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो तथा जिले में मतदान प्रतिशत ज्यादा रहे इसे लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। लोगों से वोट देने की अपील भी की गई है।

इस दौरान थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों ने भाग लिया। वहीं इस फ्लैग मार्च में अनेक पुलिसकर्मी के जवान कदमताल करते हुए चल रहे थे।

# जिला स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता में सेजेस फिंगेश्वर की बालिकाओं ने बाजी मारी



**फिंगेश्वर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले में हुए जिला स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर के माध्यमिक विभाग में दिव्यांशी चंद्राकर और विनम्रता देवांगन ने वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं हायर सेकेंडरी विभाग में सृष्टि सोनकर वह खुशबू सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सेजेस फिंगेश्वर का गौरव बढ़ाया। चित्रकला प्रतियोगिता में अंशु टोंडरे ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर एवं सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ज्ञात होगी यह प्रतियोगिता पहले विद्यालय स्तर फिर संकुल उसके बाद मेगा संकुल और विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से हुआ जिसमें इन होनहार छात्राओं ने सभी स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले में अपना जौहर दिखाया और वहां भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता गरियाबंद जिले के कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार संपन्न हुआ विदित हो कि जब से कलेक्टर आकाश छीकारा ने गरियाबंद में कार्यभार संभाला है तब से शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उत्साहित करने के लिए विभिन्न आयोजन करवा रहे हैं इसके लिए बच्चों ने हृदय से उन्हें भी धन्यवाद दिया है।

# गरबा की तैयारी में जुटी युवतियां



**पलारी,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के साथ ही पलारी मे गरबा, डाँडीया, सुआ नृत्य, आदिवासी नृत्य, कर्मा और ददरिया की धुम रहता है जिसकी तैयारियो मे युवतियां जुट गई है पलारी के नगर भवन में युवतियां जोर शोर से अभ्यास कर रही है 19 अक्टूबर तक अभ्यास कराया जाएगा पश्चात 20 और 21 अक्टूबर को नगर के बघेल कालोनी मे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, गौरतलब है कि सिद्धेश्वर युवा मँच पलारी द्वारा गरबा और सुआ नृत्य आयोजन किया जा रहा है। साल दर साल पलारी मे होने वाले गरबा कि प्रसिद्धि बढती जा रही है इसके साथ ही इसकी भव्यता भी बढती जा रही है युवतियां समूह में पारँपरिक परिधान धारण कर गरबा और सुआ नृत्य का प्रदर्शन करती है।

# नवाचारी गतिविधियों के संबंध में बीईओ, बीआरसीसी ने की शिक्षकों से चर्चा-परिचर्चा

**सरायपाली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार्यालय विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक सरायपाली में नवाचारी गतिविधियों में वृद्धि एवं बेस्ट प्रक्टिसेस को प्रोत्साहन देने हेतु समस्त संकुलों से चयनित शिक्षक- शिक्षिकाओं की विकासखंड स्तरीय आवश्यक बैठक बीईओ प्रकाशचन्द्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल द्वारा लिया गया। बैठक में बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल ने कहा कि सभी शिक्षक -शिक्षिकाऐं संस्था स्तर पर किए जाने वाले नवाचारी कार्यों का अच्छी क्वालिटी का वीडियो बनाऐं और शेयर जरुर करें ताकि अन्य साथी प्रेरित हों और अधिकाधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। सोशल मीडिया के माध्यम से अच्छे कार्यों का प्रचार- प्रसार किया जाना चाहिए तथा कार्यों को स्मार्ट तरीके से करने की जरुरत पर बल दिया। नियमित रुप से सीखने - सिखाने में क्रिएटिविटी लाने और सतत अपडेट रहने सलाह दिया । शिक्षण में कहानी कथन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्कूलों में एफ.एल.एन.कीट की उपयोगिता व महत्व प्रकाश डाला गया और बच्चों को इसे नियमित उपयोग करने, उनके सीखने पर ध्यान देने और स्कैपहोल्डिंग करने कहा। बीईओ प्रकाशचन्द्र मांझी ने बैठक में सभी समर्पित शिक्षकों को बधाई दी तथा जमीनी स्तर पर हो रहे अनुकरणीय कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि क्या हम अपने विद्यालय के अच्छे कार्यों को शेयर कर अन्य विद्यालय/ शिक्षकों/बच्चों को लाभांवित कर सकते हैं और साथी शिक्षकों से सहज रूप से सीख हासिल कर सकते हैं ? बच्चों के सीख हेतु नित्य नवीन, आकर्षक वीडियो कारगर साबित हो सकता है इसलिए ऐसे वीडियो को फॉलो कर सकते हैं। अधिक से अधिक गतिविधि आधारित वीडियो बनाने और एक दुसरे को मदद करने की आवश्यकता है। एफ.एल.एन. काफी जरूरी है, चर्चा पत्र को ध्यान से पढ़कर उपयोग करने, सीजी स्कूल डॉट इन वेबसाइट की उपयोगिता पर बल



दिया गया। बालवाड़ी, अंगना म शिक्षा, नई शिक्षा नीति, खिलौने आधारित शिक्षण आदि पर चर्चा परिचर्चा करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने की जरुरत पर बल दिया। बच्चों के कौशल विकास हेतु विकासात्मक लक्ष्य तय कर संप्राप्ति हेतु प्रयास करने कहा। सभी एक- दुसरे से सीखें चूंकि सीखना जरूरी है। स्कूली बच्चों के विकास और चुनौतियों के संबंध में स्टॉफ में चर्चा जरूर करें, अकादमिक चर्चा- परिचर्चा आवश्यक है। केनवा एप, इनशॉट एप जैसे एप के सम्बन्ध में चर्चा कर कहा कि हमें कम समय में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षमता हासिल हो सकता है। नवाचारी गतिविधियों को करते हुए इसके प्रचार प्रसार, दस्तावेजीकरण के संबंध में जोर दिया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुशील कुमार चौधरी, राजेश पटेल एवं विकासखंड के नवाचारी सक्रिय शिक्षक -शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।